बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 2, वर्ष 11, अंक 345, पृष्ठ 12, मूल्य : 5 .00

प्रयागराज, शनिवार, 8 अप्रैल, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित





अन्दर : भारत को विश्व कप जिता सकते हैं सूर्यकुमार रिकी पोंटिंग ने की भविष्यवाणी

अन्दर : कौन कर रहा है सिविलिटी पर हमला ?

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# अमित शाह ने आजमगढ़ में फूंका चुनावी बिगुल

## बोले गृहमंत्री– 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार बनाएं प्रधानमंत्री

**आजमगढ़।** वर्ष 2024 में नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। आजमगढ़ समेत यूपी की सभी लोकसभा सीटों पर कमल खिलाना है। ये आह्वान गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को आजमगढ़ में किया। इसके साथ ही उन्होंने आजमगढ़ से पूर्वांचल में चुनावी बिगुल फूंक दिया। नामदारपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने जमकर विपक्ष पर निशाना साधा। कहा कि मैं पहले भी कई बार आजमगढ़ आ चुका हूं। पहले यहां पर रात में बिजली नहीं रहती थी। लेकिन जब से भाजपा सरकार आई है। लोगों को 24 घंटे बिजली मिल रही है। यूपी का एक भी गांव नहीं जहां बिजली न पहुंची हो। अमित शाह ने आजमगढ़ के बारे में बोलते हुए कहा कि कभी संगीत के लिए मशहूर इस शहर को सपा-बसपा ने बदनाम करने का काम किया है।

यूपी में बीजेपी की सरकार से संगीत महाविद्यालय की शुरूआत करके वापस उस गौरव को दिलाने का काम किया है। गृहमंत्री ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देना चाहता हूं। जिस आजमगढ़ को पूरे देश में आतंक के केंद्र के रूप में जाना जाता था।

**चुनावी हलचल**

**यूपी में अब नहीं होता दंगा, अब विकास के रास्ते पर उत्तर प्रदेश**

**पीएम और गृहमंत्री शाह के मार्गदर्शन में प्रदेश विकास की ओर अग्रसर : सीएम योगी**

आज 'हरिहर घराने' को सम्मान देने का काम किया गया है। उनके सम्मान में संगीत महाविद्यालय की नींव रखने का काम यहां हुआ है। विरोधियों पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कि सपा और बसपा ने अपने कार्यकाल में आजगमढ़ की छवि खराब करने का काम किया था। आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आजमगढ़ को वापस उसका सम्मान मिला है। सपा और बसपा के कार्यकाल में यूपी की पहचान दंगा के लिए होती थी। लेकिन जब से यूपी में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनी है। उन्होंने एक भी दंगा नहीं होने दिया। उत्तर प्रदेश विकास के रास्ते पर चल पड़ा है। आजमगढ़ विकास की नई पहचान बना है।



आजमगढ़ कभी अपने संगीत के लिए जाना जाता था, आज संगीत को सम्मान देते हुए इस महाविद्यालय का शिलान्यास हुआ है। जिसके नाम में ही हरि और हर वह अपने आप में संपूर्ण होता है। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी ने नामदारपुर में 4583 करोड़ की 117 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऋषि-मुनियों, स्वतंत्रता सेनानियों और साहित्यकारों की इस धरती पर मैं गृहमंत्री अमित शाह की स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया में एक नया आयाम पेश किया है।

प्रधानमंत्री और गृहमंत्री शाह के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले यहां के नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। जब वे बाहर जाते थे तो अपनी पहचान छिपाने के लिए मजबूर होते थे। कारण यह था कि नाम बताने पर होटल में कमरे नहीं मिलते थे। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। पीएम मोदी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण के सपने को साकार किया है। आजमगढ़ की पहचान बदली है। हमने कभी यहां का विकास नहीं रुकने दिया।

## लोकतंत्र नहीं, बल्कि जातिवाद और परिवारवाद खतरे में है : अमित शाह

कौशाम्बी। कड़ा के फसइया मैदान में आयोजित कौशाम्बी महोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्र सरकार के गृहमंत्री अमित शाह का उड़न खटोला तकरीबन 17 :57 बजे कार्यक्रम स्थल पर लैंड हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दावा किया कि लोकसभा सदस्यता से राहुल गांधी को अयोग्य घोषित किए जाने को लेकर संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए देश विपक्षी दलों को माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि गांधी को कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (सरकार) द्वारा लाए गए कानून के आधार पर संसद सदस्यता से अयोग्य करार दिया गया। शाह ने समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण कल्याण के लिए 2024 में एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। शाह कौशांबी महोत्सव की शुरूआत करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

**612 करोड़ की 117 परियोजनाओं का गृहमंत्री व मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण, शिलान्यास**

राहुल गांधी को जवाब देते हुए अमित शाह ने कहा कि लोकतंत्र नहीं जातिवाद और वंशवादी राजनीति खतरे में हैं। कौशांबी महोत्सव का शुभारंभ करने शुक्रवार को पहुंचे गृहमंत्री अमितशाह ने बजट सत्र नहीं चलने देने का आरोप विपक्ष और विशेष रूप से कांगेस पर लगाते हुए तीखे हमले किये और 2024 में फिर से मोदी सरकार बनने का दावा करते हुए चुनौती दी कि कांग्रेस जहां चाहे वहां मैदान तैयार कर ले भारतीय जनता पार्टी मुकाबले को तैयार है। यहां कड़ा धाम के फसइया मैदान में तीन दिवसीय कौशांबी महोत्सव का शुभारंभ अमित शाह ने किया। उन्होंने 612 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास उद्घाटन किया साथ ही सांसद खेल प्रतियोगिता के विजेता 3124 खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

## आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में गायत्री प्रजापति को राहत

**सुलतानपुर।** प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति पर लंबित आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन्हे दोषमुक्त करार दिया है। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने कोर्ट के फैसले पर आभार जताया। एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव की कोर्ट मे शुक्रवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री लखनऊ की जेल से हाजिर हुए। कोर्ट ने उन्हें उपलब्ध परिस्थितियों एवं साक्ष्य के आधार पर अपने फैसले में दोषमुक्त करार दिया। विशेष लोक अभियोजक कालिका प्रसाद मिश्र के मुताबिक कोतवाली अमेठी में 28 जनवरी 2012 चुनाव नामांकन के दौरान गायत्री प्रजापति पर हजारों समर्थकों के साथ साइकिल जुलूस निकालकर आंबेडकर चैराहे के पास प्रदर्शन करने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। थाना प्रभारी अमरेंद्र नाथ बाजपेयी ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127 व धारा 144 आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया था।

# नजर बंद हुईं सपा विधायक पल्लवी

**कार्रवाई**

**बिना निमंत्रण कौशांबी महोत्सव में जा रही विधायक पल्लवी को किया गया हाउस अरेस्ट**

**अखिलेश बोले-बीजेपी को बाहर का रास्ता दिखायेगी जनता**

**लखनऊ।** कौशांबी जिले की सिराथू विधानसभा सीट से विधायक पल्लवी पटेल को हाउस अरेस्ट किया गया। विधायक पल्लवी पटेल को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे के बीच हाउस अरेस्ट यानी की घर के अंदर नजर बंद किया गया है। जिसके बाद अखिलेश यादव ने ट्वीट कर इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। दरअसल, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को शुक्रवार को यानी आज 'कौशांबी महोत्सव 2023' का उद्घाटन करना था। इस कार्यक्रम में विधायक पल्लवी पटेल बिना निमंत्रण के जा रही थीं। जिसकी सूचना पुलिस को भी थी। इसके बाद पुलिस ने विधायक पल्लवी पटेल को 'कौशांबी महोत्सव 2023' में शामिल होने से रोकने के लिए उन्हें हाउस अरेस्ट कर दिया। जिस पर सपा और अपना दल कमेरवादी के नेताओं और कार्यकताओं ने विरोध जताया है। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ट्वीट कर इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है।



अखिलेश यादव ने इस पर ट्वीट कर कहा है कि विपक्ष की एक माननीय महिला विधायक डॉ. पल्लवी पटेल जी को अपने विधानसभा क्षेत्र कौशांबी के स्थापना दिवस पर जनता से न मिलने देने के लिए प्रशासन द्वारा नजर बंद करना, भाजपाई नकारात्मक राजनीति का बेहद संकीर्ण रूप है। कौशांबी की जनता लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाएगी। सपा विधायक पल्लवी पटेल ने कहा कि कौशांबी महोत्सव के लिए उन्हें निमंत्रण मिला था, लेकिन जब वह शिरकत करने की तैयारी कर रही थी तो मुझे सूचना भिजवाया गया कि उन्हें कार्यक्रम में नहीं जाना है। मैने जब कार्यक्रम में जाने के निश्चय किया तो उन्हें घर में ही नजरबंद कर दिया गया।

## 1000 करोड़ के स्टूडियो पर चला बुलडोजर

**मुंबई।** मुंबई के मड इलाके में समुद्र किनारे बने अवैध स्टूडियो पर बीएमसी ने शुक्रवार सुबह बुलडोजर चला दिया। इस मामले की शिकायत बीजेपी नेता और पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि यह अवैध स्टूडियो पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे और असलम शेख की शह पर बनाया गया था। करीब 5 लाख वर्ग फीट में फैला यह हाईटेक स्टूडियो साल 2021 में बना था। इसे बनाने में करीब एक हजार करोड़ रुपए खर्च हुए थे। इसमें 'रामसेतु' और 'आदिपुरुष' जैसी कई बड़े बजट की फिल्मों की शूटिंग हुई। रामसेतु का बजट 150 करोड़ और आदिपुरुष का बजट 600 करोड़ बताया जाता है। सुबह भाजपा नेता किरीट सोमैया ने स्टूडियो का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से कहा कि ठाकरे सरकार के भ्रष्टाचार के स्मारक को आज नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बना यह स्टूडियो पूर्व मंत्रियों आदित्य ठाकरे और असलम शेख की शह पर बना था।

# यूपी पीसीएस में दिव्या सिकरवार टॉपर

## 2022 का फाइनल रिजल्ट जारी, टॉप 10 में आठ महिलाएं

**उपलब्धि**

**लखनऊ की प्रतीक्षा पांडेय ने हासिल किया दूसरा स्थान**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस 2022 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। यूपी पीसीएस 2022 में अंतिम रूप से 364 कैंडिडेट्स का सेलेक्शन हुआ है. आगरा की दिव्या सिकरवार ने यूपी पीसीएस 2022 में टॉप किया है। उन्होंने नंबर-1 रैंक हासिल की है। जबकि लखनऊ की प्रतीक्षा पांडेय ने दूसरा स्थान हासिल किया है। इसी तरह बुलंदशहर की नम्रता सिंह तीसरे, उत्राखंड की आकांक्षा गुप्ता चौथे स्थान पर रही हैं।

यूपी के अंबेडकर नगर जिले के कुमार गौरव पांचवें और लखनऊ की सल्तनत परवीन छठवें नंबर पर रही हैं। वहीं, मध्य प्रदेश की मोनिशा बानो सातवें नंबर पर जगह बनाई है। आगरा की ऐश्वर्या दुबे नौवें और गोंडा के संदीप कुमार तिवारी 10वें स्थान पर हैं। इस तरह टॉप 10 में से 8 महिलाएं हैं। आयोग ने यह भी दावा किया है कि यूपी पीसीएस 2022 भर्ती प्रक्रिया रिकॉर्ड 10 महीने में पूरी की गई है। यूपी पीसीएस 2022 का रिजल्ट चेक करने के लिए ऑफिशियल वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in/ पर जाकर चेक कर सकते हैं।



### इंटरव्यू के लिए बुलाए गए थे 1071 कैंडिडेट

यूपीपीसीएस 2022 की मुख्य परीक्षा का परिणाम यूपी लोक सेवा आयोग ने 9 फरवरी 2023 को घोषित किया था। मुख्य परीक्षा के परिणाम के आधार पर 1071 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। इंटरव्यू के लिए सफल घोषित अभ्यर्थियों का इंटरव्यू 20 फरवरी 2023 से 21 मार्च 2023 तक आयोजित किया गया। इंटरव्यू में कुल 23 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। इस भर्ती में 30 अलग-अलग प्रकार के पद उप जिलाधिकारी, पुलिस उपाअधीक्षक, खंड विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, वरिष्ठ प्रवक्ता डायट,जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कमांडेंट होमगार्ड, कोषाधिकारी/ लेखा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी श्रेणी एक, सहायक नगर आयुक्त, अधीक्षक कारागार, जिला कमांडेंट होमगार्ड, उपनिबंधक, नायब तहसीलदार आदि सम्मिलित है। सभी प्रकार के पदों की कुल संख्या 383 है। 30 प्रकार के पदों में तीन प्रकार के पदों का चयन का आधार केवल लिखित परीक्षा है। केवल लिखित परीक्षा के आधार पर चयन वाले पदों की कुल संख्या 10 है। शेष 27 प्रकार के पदों का चयन का आधार लिखित परीक्षा और इंटरव्यू है। लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर चयन होने वाले कुल 373 पद भर्ती में शामिल रहे।






# कोरोना से डरना नहीं, सतर्क रहना है

**रांची।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कोविड-19 की स्थिति को लेकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ संवाद किया। देश में कोरोना मरीजों की संख्या में एक बार फिर से इजाफा होने लगा है। पिछले 24 घंटे में देश में 6,050 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 14 लोगों की मौत हुई है। एक्टिव केस का आंकड़ा भी 28 हजार 303 हो गया है। कोरोना के बढ़ते केसेस को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी राज्यों से कहा कि वे 10 और 11 अप्रैल को अस्पतालों में इन्फ्रास्ट्रक्चर की मॉक ड्रिल करें। 8 और 9 अप्रैल को जिला प्रशासन और स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। मांडविया ने कहा, राज्यों एवं यूटीएस के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की। राज्यों को इमरजेंसी हॉटस्पॉट की पहचान करने, टेस्टिंग, जीनोम सीक्वेंसिंग बढ़ाने और अस्पतालों की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा कोरोना से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन करने को कहा गया है। उन्होंने कहा-हमें सतर्क रहना है और डर नहीं फैलाना है। केंद्र सरकार के कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक तैयारियाँ के साथ 10 और 11 अप्रैल को (चिन्हित कोविड डेडिकेटेड स्वास्थ्य सुविधाओं सहित) मॉक ड्रिल करने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में सभी कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और अस्पताल के सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश जारी किए है। मॉक ड्रिल का उद्देश्य कोविड-19 के प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करना है।

सोमवार-मंगलवार 10 और 11 अप्रैल, 2023 को मॉक ड्रिल के दौरान जिलों को आवश्यक मापदंडो पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है। इसमें अस्पतालों में बिस्तर क्षमता, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन युक्त आइसोलेशन बेड, आईसीयू और वेंटीलेटर सहित बेड की नियत संख्या की उपलब्धता सुनिश्चित करना हैं।

**बैठक**

**कोरोना पर राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों संग हुई स्वास्थ्य मंत्री मांडविया की बैठक**

**बोले-सोमवार और मंगलवार को देश भर में होगी कोविड मॉक ड्रिल**

**टेस्टिंग बढ़ाने और इमरजेंसी हॉटस्पॉट की पहचान करने के दिए निर्देश**








## पीएम-सीएम को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** नोएडा पुलिस ने शुक्रवार को लखनऊ से एक 11वीं में पढ़ने वाले छात्र को गिरफ्तार किया है। उसकी उम्र 16 साल है। उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। उसने ये धमकी नोएडा के एक न्यूज चैनल को ई-मेल भेजकर दी थी। न्यूज चैनल की शिकायत पर पुलिस ने ऋक्षदर्ज कर जांच शुरू की थी। नोएडा पुलिस के सहायक आयुक्त रजनीश वर्मा ने बताया, एक चैनल के मैनेजर विजय कुमार ने थाना सेक्टर-20 में 5 अप्रैल शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि उनकी कंपनी के सीएफओ कुशन चक्रवर्ती को singhkartik78107@gmail.com आईडी से मेल भेजकर अज्ञात बदमाशों ने देश के प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री सहित कई महत्वपूर्ण लोगों को जान से मारने की धमकी दी है। ई-मेल भेजने वाले का नाम कार्तिक सिंह था।

ई-मेल आते ही इसकी जानकारी पुलिस को दी गई।

# लापरवाह अफसरों की अब खैर नहीं

**सख्ती**

**यूपी में लापरवाह अफसरों पर होगी कड़ी कार्रवाई, खराब प्रदर्शन वाले विभागों की लिस्ट तैयार**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जनसमस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ हमेशा सजग रहते हैं। लेकिन कई विभागों के अफसर जनता की समस्याओं पर ध्यान देना भी जरूरी नहीं समझते। अब ऐसे लापरवाह अफसरों को के खिलाफ कड़ी कार्रवाई योगी सरकार करने जा रही है। यूपी में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आइजीआरएस) और हेल्पलाइन के माध्यम से आई शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली पर सीएम ऑफिस ने लापरवाह अफसरों की एक लिस्ट तैयार की है। सूत्रों के अनुसार इस लिस्ट में शामिल विभागों और अफसरों को खुद मुख्य सचिव ने पत्र जारी किया है। जिसमें उनसे सम्बंधित विषय को लेकर जवाब मांगा गया है। सूत्रों के अनुसार सीएम योगी जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली पर खफा हैं। सीएम ऑफिस जनसमस्याओं की रैंकिंग में टॉप टेन अच्छा प्रदर्शन करने वाले और सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले अफसरों की सूची तैयार की है। जिसके अनुसार सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले अफसरों पर गाज गिरना तय है।



# नौ अप्रैल तक हो सकती है निकाय चुनाव की घोषणा

## अंतिम आरक्षण आज हो जायेगा जारी

**लखनऊ।** प्रदेश की 762 में से 760 नगरीय निकायों में चुनाव की तारीखों का एलान 9 अप्रैल तक हो सकता है। नगर विकास विभाग शुक्रवार देर शाम तक निकाय चुनाव के लिए अंतिम आरक्षण की अधिसूचना जारी करने की तैयारी कर रहा है। विभाग ने निकाय चुनाव के लिए अनंतिम आरक्षण जारी करते हुए उस पर 6 अप्रैल तक आपत्तियां मांगी थी। बृहस्पतिवार शाम तक विभाग को 832 आपत्तियां मिली है। इनमें से अधिकांश आपत्तियां आरक्षण के नियम को लेकर की गई है। विभाग के मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने शाम को विभाग के आला अधिकारियों के साथ बैठक कर आपत्तियों के निस्तारण पर बात की। एक एक आपत्ति का गहन अध्ययन कर निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं ताकि आगे किसी तरह की कानूनी अड़चन नहीं आए। विभाग के अधिकारियों ने निकाय चुनाव में आरक्षण के लिए जारी अध्यादेश के आधार पर आपत्तियों का निस्तारण की कवायद शुरू कर दी है। सूत्रों का कहना है कि शुक्रवार को सभी आपत्तियों का निस्तारण कर अंतिम अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके बाद विभाग की ओर से अंतिम आरक्षण की अधिसूचना और प्रस्तावित चुनाव कार्यक्रम राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा। आयोग निकाय चुनाव दो से तीन चरण में कराने का कार्यक्रम जारी कर सकता है। चुनाव की तारीखों का एलान शुक्रवार देर शाम से 9 अप्रैल तक कभी भी किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक सरकार का भी प्रयास है कि आयोग जल्द से जल्द चुनाव कार्यक्रम जारी करे, आयोग को चुनाव कार्यक्रम जारी करने की तैयारियां करने के संकेत दिए गए हैं। नगरीय निकाय चुनाव में अंतिम आरक्षण की अधिसूचना शुक्रवार शाम तक जारी हो सकती है। नगर विकास विभाग को अनंतिम आरक्षण पर बृहस्पतिवार तक 832 आपत्तियां मिली है। विभाग ने इनका निस्तारण शुरू कर दिया है। विभाग की ओर से आपत्तियों का निस्तारण कर शुक्रवार शाम तक अंतिम आरक्षण जारी किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग निकाय चुनाव की अधिसूचना 8-9 अप्रैल तक जारी कर सकता है।




### मेयर व अध्यक्ष सीटों के आरक्षण पर आपत्तियां बनीं आफत

नगर विकास विभाग द्वारा मेयर और अध्यक्ष सीटों के आरक्षण की जारी अनंतिम अधिसूचना पर करीब 832 आपत्तियां आई हैं। अधिकतर आपत्तियां आरक्षण नियमों का पूरी तरह से पालन न करने और महिलाओं को तय कोटे से अधिक सीटें देने की है। बताया जा रहा है कि राजनीतिक पार्टियों खासकर समाजवादी पार्टी द्वारा दी गई आपत्तियां आफत बनी हुई हैं। इसीलिए इसका मिलान किया जा रहा है, जिससे किसी तरह की कोई चूक न रह जाए। सूत्रों का कहना है कि नगर विकास विभाग को आधी रात तक खोलकर इनको दूर करने के लिए माथापच्ची चलती रही। खासकर यह मिलान किया गया कि महिलाओं को क्या वाकई में अधिक सीटें आवंटित कर दी गई हैं। इसका मिलान करने और मामला विधिक स्तर पर न फंसता नजर आया तो अंतिम अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।

# बीजेपी नेता के बेटे की कार पर बम फेंके

**प्रयागराज।** प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के बाद एक बार फिर बमबाजी हुई है। भाजपा की जिला मंत्री विजयलक्ष्मी चंदेल के बेटे पर झूंसी इलाके में बम से जानलेवा हमला किया गया। उनकी कार पर दो बम मारे गए। हालांकि चंदेल के बेटे विधान सिंह हमले में बच गए।

इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। विधान सिंह सफारी कार से गुरुवार को रात 8:00 बजे अपनी मौसी के घर गए थे। गाड़ी में उनके दोस्त प्रांशु यादव भी थे। वह अपनी मौसी के बेटे का इंतजार कर रहे थे। तभी दो बाइक पर सवार 4 युवकों ने कार पर बम से हमला कर दिया। चारों ने अपने चेहरे पर गमछा बांध रखा था। प्रयागराज में ही 24 फरवरी को राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी कार और गनर पर बम भी फेंके गए थे। इस मामले में गैंगस्टर अतीक का बेटा असद और उसके साथी शामिल थे। 42 दिन बाद शहर में एक बार फिर ऐसा ही हमला हुआ है।

हमले के बाद विधान सिंह तेजी से कार चलाकर भागे। भागते समय एक स्कूटी सवार महिला से कार की हल्की टक्कर लगी है। विधान सिंह की मां विजयलक्ष्मी जिला मंत्री भी हैं। वह थानापुर ग्राम सभा से प्रधान भी हैं।

बताया जा रहा है कि कौशांबी में तैनात कॉन्स्टेबल शिव बचन यादव के बेटे शिवम यादव से विधान सिंह का कुछ दिनों पहले विवाद हुआ था। कॉन्स्टेबल और उसके बेटे ने इखढ नेत्री के घर जाकर माफी भी मांगी थी। विधान सिंह ने कॉन्स्टेबल के बेटे पर हमले का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

विजयलक्ष्मी ने बताया कि हमला करने वाला कॉन्स्टेबल का बेटा शिवम है। उसी ने बेटे की जान लेने की पूरी कोशिश की है। ईश्वर का शुक्र है कि बेटा बच गया। हमलावरों के पास असलहे भी थे। इन पर पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करे।

**सनसनी**

**उमेश हत्याकांड के 42 दिन बाद फिर ऐसी घटना**



## संक्षेप

### उरुवा के अकोढा और उपरौड़ा में लगी जन चौपाल

**उरुवा।** विकास खंड क्षेत्र उरुवा के अकोढा और उपरौड़ा गांव में शुक्रवार को जनता चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें खंड विकास अधिकारी,एडीओ पंचायत सहित गांव के अनेक जनप्रतिनिधियों को जनता चौपाल में शिरकत की। शुक्रवार को उरुवा ब्लॉक के अकोढा में सहायक पंचायत अधिकारी सुदामा राम गावड़े की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें कुल दो चकमार्ग और हैंडपंप की शिकायतें आयी,जिसे एडीओ पंचायत ने ब्लॉक कर्मचारियों की मदद से आवश्यक जांच के बाद निस्तारित कर दिया। इस मौके पर दोनों गांव के ग्राम प्रधान, सचिव, ब्लॉककर्मी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# पति ने पत्नी की हत्या कर शव पेड़ से लटकाया

**हत्या**

**पुलिस की निष्क्रियता से विवाहिता की हुई मौत, थाना दिवस में मायके पक्ष के लोगों ने पति पत्नी का विवाद सुलझाने की लगाई थी गुहार**


मृतक के घर पर जुटी भीड़ व इनसेट में मृतका की फाइल फोटो

**माण्डा।** थाना क्षेत्र माण्डा के गिरधरपुर में पति के अवैध सम्बन्ध की बगावत करना विवाहिता को महंगा पड़ गया। बीती रात पति ने उसकी हत्या कर शव दरवाजे के बाहर नीम के पेड़ पर लटका दिया। सुबह परिजनों समेत ग्रामीणों ने पेड़ से लटकता शव देखा तो हड़कंप मच गया लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज कर मामले की जाँच में जुटी । मृतका का पति मौके पर फरार हो गया। मेजा के मांडा थाना क्षेत्र के गिरधरपुर-भरथीपुर (मौखारी) निवासी विद्या देवी (35) पत्नी कमलेश हरिजन का शुक्रवार सुबह दरवाजे के पास नीम के पेड़ से शव लटकता मिला। मृतका के हाथ रस्सियों से बंधे मिले। सूचना पर इंस्पेक्टर सुभाष सिंह यादव पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है। उधर मायके वालों ने पति पर अवैध सम्बन्धों की बगावत में हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मायके पक्ष के लोगों का आरोप है कि बीते थाना दिवस में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस कार्रवाई करती तो विवाहिता की जान बचाई जा सकती थी।

## ट्रक की टक्कर से पिकअप पलटा, चालक की मौत

**नवाबगंज।** हंडिया कोखराज नेशनल हाईवे मार्ग के मलाक बलाऊ गांव के सामने ट्रक की टक्कर से पिकअप वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए कार्रवाई करने में जुटी रही। हालांकि चालक के परिजनों को घटना की खबर मोबाइल के जरिए दे दी गई है। वहीं घटना के बाद कोहराम मचा रहा। नवाबगंज इलाके के नेशनल हाईवे मार्ग हड़िया कोखराज पर बीती रात कानपुर से पाइप लाभ कर जा रहे पिकअप को तेज गति की ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिसमें अनियंत्रित पिकअप पलट गया। पिकअप के पलटने के बाद चालक अनुराग पाल उम्र 25 वर्ष निवासी शिवराजपुर कानपुर नगर की मौत हो गई। वही घटना के बाद ट्रक लेकर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची नवाबगंज की पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेज दिया है। जबकि घटना की खबर पाकर मृतक अनुराग पाल के परिजन मौके पर पहुंचे जहां रो-रो कर बुरा हाल रहा। वहीं घटना मामले में पुलिस कार्रवाई करने में जुटी रही।

# गेहूं की कटाई करते समय आग की चपेट में आकर झुलसा किसान, उपचार के दौरान मौत

**हादसा**

**नवाबगंज के शिवलाल का पूरा मजरा मलक बलउ गांव का है मामला**

**नवाबगंज।** शुक्रवार को गेहूं की फसल की कटाई करते समय अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आकर किसान गंभीर रूप से झुलस गया। जबकि फसल भी जलकर राख हो गया। वहीं किसान को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान दम तोड दिया है। उधर किसान की मौत पर परिजन में कोहराम मचा रहा।

नवाबगंज के मलक बलऊ मजरा शिव लाल का पूरा निवासी शीतला दीन गेहूं की कटाई शुक्रवार की सुबह अपने खेत में कर रहा था। बताया जाता है कि अचानक गेहूं की फसल में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि किसान आग की चपेट में चारों तरफ से गिर चुका था। वही किसान आगे की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया था शोर सुनकर आसपास के किसान किसी तरह बचाते हुए आनन-फानन एंबुलेंस द्वारा सीएचसी कौड़िहार अस्पताल ले गए। जहां उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल के लिए भेज दिया। वही उपचार के दौरान किसान शीतल दिन की मौत हो गई। किसान की मौत की खबर पाकर गांव में कोहराम मच गया। पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि आज से गेहूं की फसल भी काफी नुकसान होना बताया जा रहा है।


आग की चपेट में झुलसे किसान को एंबुलेंस में बिठाने ले जाते ग्रामीण

## संक्षेप

### विनायक पंडित भाजपा के बने विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपाइयों ने दी उन्हें बधाई



**करछना।** के रोकड़ी गांव निवासी विनायक पंडित को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा का विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। जिससे लोगों ने खुशी जाहिर की है । भारतीय जनता पार्टी की ओर से चल रहे साप्ताहिक स्थापना दिवस के दौरान शुक्रवार को सीएचसी करछना में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के यमुनापार जिला अध्यक्ष सुधाकर पांडेय की ओर से रोकड़ी गांव निवासी विनायक पंडित पुत्र स्व कौशल प्रसाद तिवारी को पार्टी का विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। साथ ही साथ जिला अध्यक्ष की ओर से प्रमाण पत्र भी दिया गया । इस दौरान जिला अध्यक्ष सुधाकर पांडेय ने कहा कि विनायक पंडित एक युवा कार्यकर्ता के रूप में हैं ।जोकि कर्मठ एवं ईमानदारी कार्यकर्ता के रूप में चर्चित हैं । जिन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई । इन्हें पार्टी का विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने से पार्टी को गति प्रदान होगी। इनके मनोनयन पर नरैना गांव के पूर्व ग्राम प्रधान सुरेश तिवारी विनीतपति त्रिपाठी राजकुमार मिश्र डीएम मिश्रा कन्हैया तिवारी नरेश सोनकर चंद्र प्रकाश मिश्र अमन मिश्र अनुपम प्रजापति नवीन केसरवानी बबलू केसरवानी आदि लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए उन्हें बधाई दी है ।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



**मऊआइमा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। मऊआइमा के सुल्तानपुर खास स्थित जन शिक्षण संस्थान के तहत संचालित हाइटेक कंप्यूटर सेंटर में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का कार्यक्रम किया गया । जिसमें डॉ आलोक केसरवानी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष डब्ल्यूएचओ की स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है ।जिसमें हम सबको भयानक बीमारियों के प्रति जागरूक और सजग रहने की सलाह दी गई। संचालक ताकेश्वर सिंह मौर्य ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया । इस मौके पर संस्थान क्षेत्र सहायक राजेंद्र पटेल, प्रशिक्षकगण सुशील कुमार वर्मा, प्रीति पटेल , रंजीत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे ।

### 16 अप्रैल को पुरानी पेंशन बहाली के लिए शिक्षक कर्मचारी निकालेंगे पेंशन संवैधानिक मार्च

**शंकरगढ़।** पेंशन संवैधानिक मार्च की सफलता के लिए अटेवा की जिला संयोजिका द्वारा शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ शंकरगढ़ में बैठक की गई । बैठक के माध्यम से सभी लोगो से अपील किया गया कि 16 अप्रैल को निकलने वाले पेंशन संवैधानिक मार्च में अधिक से अधिक लोग पहुंच कर आंदोलन को सफल बनायें। अटेवा की जिला संयोजिका नीलम सिंह के द्वारा बताया गया कि 16 अप्रैल को अटेवा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर पेंशन संवैधानिक मार्च निकाला जाएगा। उसी के तहत प्रयागराज में भी 16 अप्रैल को डायट से पत्थर गिरिजाघर तक मार्च निकाला जाएगा। जिसमे हम पेंशन विहीन साथियों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर आंदोलन को सफल बनाना है। बैठक में उपस्थित लोगों से कहा गया कि सभी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से अभी से संपर्क करना शुरू कर दे जिससे 16 अप्रैल को भारी संख्या में लोग पेंशन संवैधानिक मार्च का हिस्सा बन सके। पेंशन हम सबका हक है उसको हम लोग लेकर रहेंगे। इसके लिए हम सबको विजय कुमार बंधु द्वारा जो आह्वान किया जाय उसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा ले तथा उनके कंधे को मजबूत बनाये । अन्य प्रदेशों में जो पुरानी पेंशन बहाल हुई है वहाँ के कर्मचारियों की एकजुटता का नतीजा है। जब हम सब एक रहकर पुरानी पेंशन की मांग को रखते रहेंगे तो आज नही तो कल सरकार को हमारी मांग माननी पड़ेगी और पुरानी पेंशन जरूर बहाल होगी। इस मौके पर कुंवर बृजेश सिंह जिला संगठन मंत्री, कमलेश सिंह जिला संगठन मंत्री, दिनेश सिंह ब्लाक संयोजक, शेष प्रताप सिंह ब्लाक अध्यक्ष वैचारिक शिक्षक संघ,मनीष सिंह, बालेंद्र सिंह,गरुण सिंह, अरूण सिंह, कमलेश कुमार सिंह, देवेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### विनीता हॉस्पिटल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सेहत के प्रति किया जागरूक



**फाफामऊ।** बाइपास फाफामऊ स्थित विनिता हॉस्पिटल में शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 101 द्रुत कार्य बल वाहिनी के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम रहे। उन्होंने ने आज के भागदौड़ भरी जिंदगी में मिलावटी खानपान से बचने और नियमित व्यायाम तथा मोटा अनाज का खाने में इस्तेमाल कर बीमारियों से दूर रहा जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विनीता हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. बिंदू विश्वकर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वास्थ्य दिमाग का वास होता इसलिए आज के समय में अपने शरीर को स्वास्थ्य रखना आवश्यक है। कार्यक्रम में डॉ. विनीता विश्वकर्मा ने लोगों के सेहत के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग मौजूद रहें।

### डीजे का हजारों का समान चोरी, दी गई थाने में तहरीर

**मऊआइमा।** घर के सामने खडे डीजे का कीमती सामान जिसकी कीमत हजारों में बताई गई है। चोर चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी ने एक पर शंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकहाफिज उर्फ पूरे शीतल निवासी जयस कुमार पुत्र रामचरन का कहना है कि उसका डीजे घर के सामने खडा था। जिसमें दो मशीनें लगभग पचास हजार तथा एक अन्य मशीन मूल्य लगभग पन्द्रह हजार की चोरी हो गई। जयस कुमार ने मऊआइमा थाने में ग्राम जाम्हा के एक युवक पर शंका जताते हुए चोरी का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लालगोपालगंज में इफ्तार पार्टी का आयोजन मुल्क की तरक्की के लिए दुआ को उठे हाथ

**रोजा इफ्तार**

**रोजा इफ्तार पार्टी में हजारों रोजेदारों ने की शिरकत**


रोजा इफ्तार पार्टी में उपस्थित रोजेदारों की भीड़

**लालगोपालगंज।** मुल्क की सलामती और तरक्की की दुआ मांगी गई। कौमी एकता के लिए अल्लाह की बारगाह में हाथ फैलाए गए। यह अद्भुद और मिसाल पेश करने वाला आयोजन लालगोपालगंज कस्बे के खानजहानपुर स्थित ईदगाह में शुक्रवार शाम को रोजा इफ्तार और उससे पहले नमाज में देखने को मिला, जहां हर इंसान नेकियां बटोरने में लगा रहा।

लालगोपालगंज कस्बा के खानजहानपुर मोहल्ला में रहने वाले मो. दानिश सामाजिक कार्यकर्ता हैं। सामाजिक सद्भाव के लिए हमेशा काम करने वाले दानिश ने शुक्रवार को सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया था। उन्होंने इस इफ्तार को मुल्क की सलामती और तरक्की के लिए समर्पित किया था। उनके आमंत्रण पर करीब दो हजार की संख्या में रोजेदार एकत्र हुए। जहां पर सबने मिलकर एक साथ देश की तरक्की और मुल्क के अमन के लिए एक साथ दुआ किया। आस मौके पर अतहर हुसैन फारुकी, मो. दानिश फारुकी, डा. एस.एस. कुद्दूसी, राजू फारुकी, हाजी अब्दुल खालिक, हाजी रफीक महानगरी, डा. फैजान फारुकी, जव्वार अहमद अंसारी, सलाम रंगरेज, डा. अलीम, नफीस अहमद, सभासद मो. ताहिर, सैफ उल्ला, तुफैल अहमद, लालबाबू, मो. इरशाद, अफजल इलाहाबादी, अब्दुल आखिर अंसारी, मुजीब उल्ला, अब्दुल बारी, अब्दुल मलिक, अजीम उर्फ जुम्मू, नफीस फारुकी आदि तमाम लोग उपस्थित रहे। अंत में आयोजित मोहम्मद दानिश में आए यह अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## सीएचसी सोरांव में लगा स्वास्थ्य मेला, सैकड़ों मरीजों की हुईं जांच

**सोरांव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव में शुक्रवार को राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन का कार्यक्रम सी एच सी अधीक्षक डॉ. मेजर एस के सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। जिसमें की सैकड़ों की संख्या में मरीजों का शुगर, ब्लड प्रेशर, एनेमिया, टीवी, एचआईवी, तथा विशेष जोर कोविड-19 की जांच करते हुए दवा वितरित किया गया। हालांकि कोविड-19 से सम्बंधित एक भी मरीज नहीं मिले। पूर्व स्वास्थ्य परामर्शदता ओम सिंह द्वारा किशोर व किशोरियों की काउंसलिंग करते हुए मरीजों को विभिन्न प्रकार के बीमारियों से बचने के उपाय बताया।इस मौके पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉअर्चना सिंह, डॉ सविता सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश मौर्य, डॉट्स विशेषज्ञ विशेष गुप्ता, लैब टेक्नीशियन नफीस अहमद, किशन चौरसिया, महेश प्रजापति, चीफ फार्मासिस्ट संजय शुक्ला, जितेंद्र कुमार, समशुद्दीन समेत तमाम स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर हुआ पौधारोपण


पौधरोपण करते बच्चे

**नैनी।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस एवं पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय भाउ जोशी जी के जन्मदिवस पर जे. एम. पब्लिक स्कूल स्कूल बादल गंज घूरपुर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज के पूर्व महामंत्री महेश मधुकर मंगरुलकर ने स्थापना दिवस की शुभकामना देते हुये कहा कि यह स्थापना दिवस सम्पूर्ण देशवासियों के लिये उपलब्धियों का वर्ष है, जन धन खाते से लेकर जन - जन की सेवा का महान सकंल्प यह भाजपा का धर्म है। स्वछता अभियान से जन जन को जागरुक करना, देश की जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करना यह भाजपा का परम कर्तव्य है।इस मौके पर चिन्तामणि शुक्ला, अतुल श्रीवास्तव मो शमी अक्षय सर, कु नेहा, कु नफीसा, कु प्रियंका, कु प्रिया, कु श्रद्धा, कु अंजू आदि सहित सैकड़ों छात्र छात्रएं मौजूद रहे। श्रीमती ज्योति महेश मंगरुलकर जी ने आभार व्यक्त किया।

## विशेष सचिव डॉ0 रूपेश कुमार ने किया सोरांव अस्थाई गौशाला का निरीक्षण


अस्थाई गोआश्रय स्थल का निरीक्षण करते विशेष सचिव डॉक्टर रूपेश कुमार

**सोरांव।** शुक्रवार को सरकार की योजना को धरातल से निरीक्षण करने व पशुओं को विशेष निगरानी के लिए सोरांव स्थित अस्थाई गोआश्रय स्थल का विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा विभाग डॉक्टर रूपेश कुमार संग अधिकारियों ने दौरा किया । जिसमे कान्हा गोआश्रय स्थल असवा उर्फ हाजीगंज और अस्थाई गोआश्रय स्थल सोरांव का औचक निरीक्षण किए। हालांकि दोनों स्थानों पर मौजूद मवेशियों को देखकर तथा उनकी देखरेख, साफ सफाई आदि पर विशेष सचिव ने संतुष्टि जाहिर की। तथा सोरांव गो आश्रय स्थल पर कमजोर और बीमार पशुओं के लिए एक अलग से पशु शेड निर्माण करने का निर्देश ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार को दिया।

इस मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी राजकुमार, ग्राम विकास अधिकारी मिथलेश मिश्रा, ग्राम प्रधान प्रेम सत्यार्थी, ग्राम प्रधान शाहिद अली,पंचायत सहायक हर्ष श्रीवास्तव समेत अन्य सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# यीशु दरबार चर्च में गुड फ्राइडे पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित

**गुड फ्राइडे**

**यीशु मसीह द्वारा क्रूस पर बोले गये सात वचनों को जीवंत किया गया**




कार्यक्रम में उपस्थित फादर

**नैनी।** शुआट्स के यीशु दरबार चर्च में गुड फ्राइडे (शुभ शुक्रवार) के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गयी जिसमें प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर बोले गए सात वचनों को जीवंत किया गया। विभिन्न वक्ताओं ने यीशु मसीह के सातों वचनों को बताया गया। कार्यक्रम में बिशप आर.बी. लाल द्वारा रचित भजन ''खुशखबरी का ये कलाम हम सुनाते जायेंगे'', 'यीशु मसीह राजा है जावे आगेगे', 'जीवनदाता है मुक्तिदाता, आ हो यीशु प्रभो मेरो दाता' की प्रस्तुति दी गई। सोशल मीडिया यू-ट्यूब पर कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया गया।

पहला वचन 'हे पिता इन्हें क्षमा कर...' के बारे में पास्टर डॉनी राबर्ट्स ने बताया। उन्होंने प्रभु यीशु मसीह के महान आदर्शों का समझाते हुए सदैव अच्छे कार्य करने, लोगों की मदद करने, क्षमा करने की बात कही। दूसरा वचन 'आज ही तू मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा...' को डीन डा. आशीष एलेक्जेंडर ने बताया और कहा कि यदि आप प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करेंगे तो आपको अनन्त जीवन प्राप्त होगा।

अनीता सिंह ने तीसरा वचन 'हे नारी ये तेरा पुत्र है....' के बारे में सुनाते हुए कहा कि हमें इस संसार में प्रभु की बताई आज्ञाओं का पालन करना चाहिये, अपने माता-पिता का आदर करना चाहिये। चैथा वचन 'एली एली लामा शबक्तनी' को पास्टर बृजेश कुमार ने तथा पांचवा वचन 'मैं प्यासा हूँ..' के बारे में रेव्ह. जय प्रकाश ने सुनाया। छठा वचन 'पूरा हुआ' को पास्टर ग्लैडविन चरन ने बताया। उन्होंने कहा कि यीशु मसीह ने पृथ्वी पर मनुष्यों के उद्धार का कार्य पूरा किया। सातवा वचन 'मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूँ' को रेव्ह. वी.के. सिंह ने सुनाया। कार्यक्रम में यीशु दरबार की उपाध्यक्षा डा. सुधा लाल, कार्यवाहक कुलपति प्रो0 रानू प्रसाद, प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो. जोनाथन ए. लाल, कार्यवाहक कुलसचिव डा. एस.डी. मैकार्टी, संयुक्त कुलसचिव डा. सी. जॉन वेस्ली, निदेशक एचआरएम डा. अभिलाषा लाल, जनसम्पर्क अधिकारी डा. रमाकान्त दूबे, यूनिवर्सिटी चैपलिन लालचुंगनुंग गैंगटे सहित भारी संख्या में शुआट्स शिक्षक, कर्मचारीगण एवं यीशु दरबार चर्च के सदस्य उपस्थित थे।

# आर के स्कूल आफ नर्सिंग नैनी द्वारा मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस


विश्व स्वास्थ्य दिवस पर उपस्थित लोग

**नैनी।** आज दिनांक 7 अप्रैल को 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' के अवसर पर आर के स्कूल आफ नर्सिंग नैनी द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। यह दिन दुनिया भर में लोगों को यह याद दिलाने के लिए मनाया जाता है कि स्वास्थ्य सबसे बड़ी संपत्ति है। कार्यक्रम मे उपस्थित फामेर्सी प्राचार्य डॉ. सी. एस. सिंह जी ने बताया कि 7 अप्रैल 1948 को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस कार्यक्रम की नींव रखी थी. इसलिए इस दिन को लोगों को हेल्थ सेक्टर में हो रहे नए शोध और दवाओं के प्रति अवेयर करने के लिए भी मनाया जाता है. यह दिन लोगों को केवल फिजिकल हेल्थ के प्रति ही नहीं बल्कि मेंटल हेल्थ को लेकर भी जागरुक करने का होता है. वही कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के प्रबंध निदेशक इं. आशीष त्रिपाठी जी ने छात्र छात्राओं को बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुरूआत साल 1950 में वर्ल्ड हेल्थ ऑगेर्नाइजेशन द्वारा की गई थी. डब्ल्यूएचओ का एक कॉमन लक्ष्य था, हेल्दी लाइफस्टाइल जीने के लिए लोगों को एक साथ लाना. डब्ल्यूएचओ की स्थापना दुनिया को सुरक्षित रखने, कमजोर लोगों की मदद करने, लोगों को हेल्दी लाइफस्टाइल के महत्व को समझाने के लिए की गई थी। उक्त कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त विधि प्राचार्य डॉ मोहम्मद जफर सिंह प्राचार्य मरियम शेफाली दास व अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

## स्कूल में हुआ स्पोर्ट एकेडमी का उद्घाटन

**फाफामऊ।** शांतिपुरम स्थित गुरुकुल मांटेसरी स्कूल में शुक्रवार को स्कूल कैंपस में गुरुकुल स्पोर्ट्स एकेडमी का भव्य उद्घाटन किया गया। स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन पूर्व डीआईजी कृपा शंकर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह में अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, हांकी, बॉक्सिंग आदि खेलों के पूर्व खिलाड़ियों एवं विभिन्न खेलों से जुड़े हुए पदाधिकारियों को अंगवस्त्रम और शील्ड प्रदान कर स्कूल की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। उद्घाटन समारोह में गुरुकुल स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रमुख वंदना सिंह सिंह ने बताया की इस एकेडमी में सभी छात्र छात्राओं को बास्केटबॉल,टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, कबड्डी, बॉक्सिंग, शूटिंग, जूडो कराटे, बैडमिंटन, खो खो, स्केटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने अभी बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत वोकेशनल कार्यक्रमों को भी बढ़ावा देते हुए लोगों को कौशल विकास के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे लोगों में कौशल विकास होगा और उनको रोजगार के अवसर मुहैया होंगे। समारोह में प्रयागराज के राज्य स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर के खेल जगत के नन्हे पदक विजेताओं तथा विद्यालय के पदक विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र सिंह ने किया। समारोह में उप निदेशक क्षितिज विक्रम सिंह, प्रधानाचार्य अलका अग्रवाल सहित भारी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रही।

# जन आशीर्वाद और जन संवाद कार्यक्रम में गिनाई उपलब्धियां


कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण

**फाफामऊ।** प्रयागराज की पूर्व मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी द्वारा फाफामऊ क्षेत्र में शुक्रवार को विभिन्न वार्डो में आयोजित जन आशीर्वाद और जनसंवाद कार्यक्रम में शहर क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने क्षेत्र के प्रत्येक वार्डो के सभी पदाधिकारियों से मिलकर उनके क्षेत्र के समस्यायों के बारे में जानकारी किया और आने वाले मेयर के चुनाव में सतर्क और सक्रिय रहने के लिए प्रोत्साहित किया। पुराने फाफामऊ में आयोजित कार्यक्रम में भाजपाइयों ने पूर्व मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी का स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद उपेंद्र सिंह, जय सिंह, रामकुमार यादव, सुशील महराज, रामेंद्र पटेल, गौरव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, शशि अग्रवाल, मिथलेश सिंह सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



# प्रयागराज



## मौसम



अधिकतम : 33.00
न्यूनतम : 20.00
सूर्योदय : 06.03
सूर्यास्त : 06.15

### कल भी नहीं चलेगी डॉक्टरों की ओपीडी

**प्रयागराज।** जूनियर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, एसआरएन अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अजय कुमार सक्सेना समेत सभी विभागाध्यक्षों को ज्ञापन दिया। जूनियर डॉक्टरों ने कहा, उनके साथ अस्पताल में मारपीट जैसी घटनाएं होती हैं। ऐसे में उनके सुरक्षा की व्यवस्था की जाए। शुक्रवार को अस्पताल में पूरे दिन जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर रहे। निर्णय लिया गया है कि शनिवार को भी ओपीडी नहीं चलेगी।

## न्यायिक कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर न्याय भवन के सामने किया प्रदर्शन

**प्रदर्शन**

**दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ 30 अप्रैल को प्रयागराज में करेंगे महासम्मेलन**



प्रदर्शन करते न्यायिक कर्मचारी

**प्रयागराज ।** न्यायिक कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को अपनी मुट्ठीभीचते हुए न्याय भवन के सामने विरोध प्रदर्शन किया।गौरतलब हो विगत 3 अप्रैल से न्यायिक कर्मचारी अपनी मांग को लेकर आन्दोलन रत है। दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ ने शासन को 7 अप्रैल तक का समय दिया था। लेकिन उनकी मांगों को अभी तक न माने जाने के कारण कर्मचारियो में निराशा व आक्रोश का भाव पनप रहा है।दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कहा कि प्रशासन व न्यायालय द्वारा हमारी समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में अभी तक कोई सुनवाई नही की जा रही है। अब हम अपनी मांग को लेकर दिनांक 30 अप्रैल को प्रयागराज में एक महासम्मेलन करेंगे,जो निर्णायक होगा।

अभिषेक ने कहा कि विगत काफी समय से शासन एवं माननीय उच्च न्यायालय में लंबित न्यायिक कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में कानपुर देहात में 1 अप्रैल को आयोजित दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश की आम सभा में यह निर्णय लिया गया था कि अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह यानि 3 अप्रैल से 7 अप्रैल तक पूरे प्रदेश के न्यायिक कर्मचारी अपनी मांगों के समर्थन में व समस्याओं के निस्तारण हेतु संकेतिक रूप से काली पट्टी बांधकर कार्य कर अपना विरोध करेंगें । जिसका शुक्रवार को अखरी दिन था । अभिषेक ने बताया कि हमारी प्रमुख मांगों में 4600 ग्रेड पे के कर्मियों का राज्यपत्रित प्रतिष्ठा प्रदान किया जाना।जिला न्यायालय की नियमावली का संशोधन किया जाना संविदा / आउटसोर्स के पदों का सेवा नियमावली में उपबंध ना होने के बावजूद जिला न्यायालय में इस तरह के पदों का सृजन किया जाना।

त्वरित न्यायालय की अवधारणा के आधार पर प्रत्येक न्यायालय में न्यायालय के सहयोग हेतु एक बयान लेखक के पद का सृजन किया जाना।अप्रेंटिस पदों को कनिष्ठ सहायक के पदों में परिवर्तित किया जाना। मृतक आश्रित प्रकरण में शैक्षिक योग्यतानुसार सेवायोजन किया जाना। न्यायिक कर्मचारीयों के अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण जल्द से जल्द किया जाना।संविदा कर्मियों के वेतन वृद्धि एवम नियमतिकरण किए जाने हेतु तदर्थ/ एफ टी सी केमचारियो को एक समान सेवालाभ प्रदान किए जाना आदि अनेक मांग काफी समय से लंबित हैं जिसके निस्तारण हेतु कोई प्रभावी कदम नंही उठाए जानें से उपेक्षित होकर न्यायिक कर्मचारी आंदोलित होने को बाध्य हो रहे हैं।

शुक्रवार को काली पट्टी बांध न्याय भवन के सामने विरोध करने वालों में प्रमुख रूप से दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ शाखा इलाहाबाद के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष अवनीश श्रीवास्तव, शाखा अध्यक्ष एल बी पाण्डेय, आशीष कुमार ,अशोक त्रिपाठी, राहुल मौर्या बृजेन्द्र सिंह,लक्ष्मीकान्त नायक नीरज शुभम गुप्ता समेत भारी संख्या में न्यायिक कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध विरोध करते हुए न्यायिक कार्य किया।

## एसआरएन में डॉक्टरों की हड़ताल से परेशान हुए मरीज



**प्रयागराज।** स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल (एसआरएन) में मरीजों के तीमारदारों द्वारा डॉक्टरों के साथ मारपीट के विरोध में डॉक्टरों ने काम ठप कर दिया है। बड़ी संख्या में डॉक्टर धरने पर बैठ गए हैं और आरोपी तीमारदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। डॉक्टरों की हड़ताल के चलते मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अधिकारी डॉक्टरों को मनाने में जुटे हैं। कल रात जूनियर डॉक्टर और तीमारदारों के साथ हुई थी मारपीट। बताया जा रहा है कि देर रात किसी बात को लेकर डॉक्टरों और तीमारदारों में विवाद हो गया था। जिसमें एक जूनियर डॉक्टर का सिर फट गया था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौते का प्रयास कराया था,लेकिन बात नहीं बनी।बृहस्पतिवार की सुबह घटना को लेकर जूनियर डॉक्टरों में काफी आक्रोश देखा गया। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर उन्होंने काम ठप कर दिया है और धरने पर बैठ गए। डॉक्टरों को कर्मचारियों का भी समर्थन मिल रहा है।

## गुरुकुल मांटेसरी स्कूल में स्पोट्र्स एकेडमी शुरू

**शुभारंभ**

**अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने किया शुभारंभ, सफलता के दिये टिप्स**



**प्रयागराज।** गुरुकुल स्पोट्र्स एकेडमी का शुभारंभ गुरुकुल मांटेसरी स्कूल शांतिपुरम में शुक्रवार को हुआ। स्पोट्र्स ऐकेडमी में विधालय के छात्र - छात्राएं और बाहरी लोग प्रवेश लेकर बेहतर प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण प्राप्त करके खेल के अलग - अलग क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर सकते है।

गुरुकुल मांटेसरी स्कूल के चेयरमैन / पूर्व डीआईजी कृपाशंकर सिंह ने अतिथियों को स्पोर्टस ऐकेडमी के शुभारंभ अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी आरएस बेदी, पूर्व जनरल सेक्रेट्री एथलेटिक्स एसोसिएशन एवं इविवि के बास्केटबॉल कैप्टन आरके उपाध्याय, एशिया गोल्ड मेडलिस्ट और लक्ष्मण अवार्डी प्रमोद तिवारी, प्रेसिडेंट वालीबॉल एसोसिएशन प्रयागराज प्रभात राय, असिस्टेंट एडवोकेट जनरल इलाहाबाद हाई कोर्ट और चेयरमैन ओलंपिक प्रयागराज मंडल विनोद कांत, नेशनल हॉकी खिलाड़ी श्याम बाबू गुप्ता, अर्जुन अवॉर्डी अभिनव गुप्ता, राजीव मिश्रा पूर्व क्रिकेटर एवं कोच, आशीष द्विवेदी चेस एसोसिएशन प्रयागराज, आशीष सिंह इंटरनेशनल जिम्नास्ट एवं अर्जुन अवॉर्डी, अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन प्लेयर एवं पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर सुकेशा डी, जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन की सचिव शील ओझा, अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग खिलाड़ी विक्रम वाष्णेय, राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी और कोच सतीश द्विवेदी, राष्ट्रीय खेल मेडलिस्ट रेलवे ऑफिसर सेक्रेटरी डिस्ट्रिक्ट बॉक्सिंग स्टेशन प्रयागराज अतुल सिद्धार्थ तिवारी, ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडलिस्ट आशीष मिश्रा,डिस्टिक रेलवे ऑफिसर नवीन कुमार, गोल्ड मेडलिस्ट भारत भूषण, राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट बृजेश केसरवानी, अंतर्राष्ट्रीय जिम्नास्ट नीरज द्विवेदी, राष्ट्रीय खिलाड़ी अमित श्रीवास्तव, सेनसाई यूपी चीफ बीबी गौरांग और चेयरमैन ऑल इंडिया ऑफिशियल एसोसिएशन पूर्व भारतीय बॉक्सिंग टीम कोच सुरेंद्र नाथ मिश्रा सहित अन्य प्रमुख शामिल हुए। अतिथियों ने स्पोट्र्स ऐकेडमी का शुभारंभ कर ऐकेडमी का लोगों और टीशर्ट लांच करके किया। अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने बच्चों को एक खेल तक ही सिमटने नही बल्कि और खेलों में भाग लेने की सलाह देते हुए कहा कि वह लोग खेलों पर विशेष ध्यान दें जिससे कि शारीरिक रूप से फिट रहते हुए अपना भविष्य उज्जवल रख सके। गुरुकुल स्पोट्र्स एकेडमी की प्रमुख डॉ वंदना सिंह ने बताया कि गुरुकुल स्पोट्र्स ऐकेडमी में छात्र / छात्राओं के साथ बाहरी लोग भी प्रवेश लेकर कौशल विकास और खेलों में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान उनको बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, कबड्डी, बॉक्सिंग, शूटिंग, जूडो - कराटे , बैडमिंटन, खो-खो और स्केटिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत वोकेशनल कार्यक्रमों को भी बढ़ावा देते हुए लोगों को कौशल विकास के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है इससे लोगों में कौशल विकास बढेगा और उनको रोजगार के अवसर मुहैय्या होगे। इसके लिए विद्यालय में हारमोनियम, गिटार, तबला, ढोलक, सेंथटाइजर और ड्रम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। विधालय के प्रधानाचार्य ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के तहत रैली निकाल कर किया जागरूक

**लालापुर।** सर्व शिक्षा अभियान जिला आधारित एक विशिष्ट विकेन्द्रित योजना है। इसके माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा का सार्वभौमीकरण करने की योजना है। इसके लिए स्कूल प्रणाली को सामुदायिक स्वामित्व में विकसित करने रणनीति अपनाकर कार्य किया जा रहा है। स्कूल चलो अभियान उत्तर प्रदेश सरकार का बच्चों को प्रेरित करने वाला बड़ा कार्यक्रम है। इसके तहत प्राइमरी तथा बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी तथा कर्मी नया शैक्षिक सत्र प्रारंभ होते ही गांव-गांव जाकर बच्चों के साथ उनके अभिभावकों को शिक्षा का महत्व बताने के साथ स्कूल जाने के लिए प्रेरित करते हैं।इसी क्रम में श्रीमती प्रेमा देवी बा. जूनियर हाईस्कूल व श्री बी.डी. स्मा. प्रा. विद्यालय बेला चौराहा बसहरा तरहार शुक्रवार को में नवीन नामांकन हेतु स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ किया गया। बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विद्यालय के शिक्षकों प्रयास प्रशंसनीय रहा....।

### गंगाभक्तों का वृहद समागम अरैल में नौ को, सभी गंगाभक्तो से सहभागिता की अपील

**नैनी।** गंगा महासभा के तत्वावधान मे गंगा भक्तों का वृहद समागम नौ अप्रैल रविवार को अपरान्ह 4 बजे से 6 बजे तक नैनी,अरैल स्थित फलाहारी बाबा आश्रम मे आयोजित होगा। उक्त जानकारी देते हुए महासभा के महामंत्री गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शासन के लाख प्रयास एवं करोड़ो रुपया खर्च करने के बावजूद गंगा- यमुना अभी भी निर्मल व अविरत नही हो सकी। उन्होंने कहाकि गंगा -यमुना के किनारे आधुनिक शवदाह गृह का निर्माण कराने, अवैध खनन बंद कराने, गंगा किनारे की जमीन की रजिस्ट्री रोकने तथा माँ गंगा का व्यवासीकरण पर प्रतिबंध लगाना अपरिहार्य है। श्री सिंह के अनुसार गंगा मे बढ़ते मानक के अनुसार सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान अनुपयोगी व खचीर्ला प्लान है ऐसे मे आधुनिक व वैज्ञातिक तरीका अपनाया जाना श्रेयशकर होगा। गंगा महासभा के पदाधिकारियों, सदस्यों ने सभी सम्मानित गंगाभक्तो से इस महत्वपूर्ण आयोजन मे सक्रिय सहभागिता कर अपने अमूल्य विचार, सुझाव, से माँ गंगा को निर्मल व अविरल करने के प्रयास को सफल बनाने की अपील की गयी है। अपील करने वालो मे सर्वश्री राम रतन दास जी महराज, अवधेश महराज, देवेन्द्र तिवारी, भगवती प्रसाद पाण्डेय, एन पी मिश्रा, गजेन्द्र प्रताप सिंह, परमजीत सिंह, शिव शंकर पाण्डेय, शौभिक सरकार, संजीव गुप्ता, आशुतोष मिश्र, मीना जायसवाल, बविता जायसवाल सुनील श्रीवास्तव, जे पी मिश्राआदि शामिल रहे।

## माफिया अतीक और उसके बेटे उमर पर आरोप तय

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद पर अब कानून का शिकंजा कसता जा रह है। एक और मामले में उसे और उसके बेटे को दोषी पर गया है। अपहरण और रंगदारी से जुड़ा यह मामला लखनऊ के व्यापारी से संबंधित है।लखनऊ के कारोबारी मोहित जायसवाल का देवरिया जेल ले जाकर अपहरण और रंगदारी मामले में माफि या अतीक और उसके बेटे उमर पर आरोप तय हो गए हैं। उमर पर संगीन धाराओं में आरोप तय किए गए हैं।साबरमती जेल से अतीक की पेशी ऑनलाइन के माध्यम से हुई। कोर्ट में पेशी के दौरान अतीक के बेटे ने कहा कि उनके घर की महिलाओं को फंसाया जा रहा है।गौरतलब है कि 28 दिसंबर 2018 को कारोबारी मोहित जायसवाल ने कृष्णा नगर थाने में



रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि देवरिया जेल में बंद अतीक अहमद ने गुर्गों के जरिये गोमती नगर स्थित ऑफिस से उसका अपहरण करवाया था। इसके बाद अतीक ने जेल में उसके साथ मारपीट की तथा सादे पन्ने पर दस्तखत करने को कहा था। इनकार पर अतीक, उसके बेटे उमर तथा गुफरान, फारुख, गुलाम व इरफान ने तमंचे-रॉड और पट्टे से उसे पीटा था। इसके बाद जबरन स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर बनवाकर 45 करोड़ की संपत्ति अपने नाम करा ली थी।

## भाजपा नेताओं के दबाव में अधिकारी कर रहे लोकतंत्र की हत्या : मुखिया यादव

### सुनामी की तरह रातों रात बढ़े 1104 मतदाताओं पर निर्वाचन अधिकारी ने नहीं सुनी बात

**मेजा।** सहकारी क्रय विक्रय के चुनाँव में नियमों की जिम्मेदारों द्वारा खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही है । सहकारी क्रय विक्रय समिति सिरसा की चुनाँव प्रक्रिया में बुधवार को मतदाता सूची पर आपत्ति की गई थी जिसका निस्तारण गुरुवार को किया गया । निवर्तमान अध्यक्ष क्रय विक्रय समिति रामसागर यादव ने बढ़े हुए 1104 मतदाता और 104 मतदाता सूची से काटे गए नाम पर आपत्ति की थी,जिसमें सूची से कटे हुए मतदाताओं की आपत्ति पर साक्ष्य लेकर 78 मतदाताओं को बहाल किया। अचानक बढ़े 1104 मतदाताओं पर कोई कार्यवाही नहीं कि गई जबकि आपत्ति कर्ता ने मांग किया उसका भी साक्ष्य प्रस्तुत किया जाय लेकिन उस पर निर्वाचन पदाधिकारी ने जवाब नहीं दिया ।



मतदान स्थल बीज भंडार मेजारोड पर मौजूद रामसागर यादव व नितेश तिवारी

गौरतलब है कि सहकारी क्रय विक्रय समिति सिरसा के चुनाँव में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं या यह कह सकते हैं कि सीधे गुंडई की जा रही है । समिति के मतदाता सूची के प्रकाशन के दो रोज पहले तक नेट पर 727 मतदाता दिख रहे हैं और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ मतदाताओं की सुनामी आ गई अंतिम सूची में 104 मतदाताओं को काटते हुए कुल 1727 मतदाता दिखे सीधे रातों रात 1104 मतदाता बढ़ा दिए गए । रामसागर यादव ने 1104 मतदाताओं पर आपत्ति की और 104 मतदाताओं को जोड़ने के लिए साक्ष्य प्रस्तुत किये जिसमे 104 कटे हुए मतों में से मात्र 78 को बढ़ाया गया और बढ़े हुए 1104 मतदाताओं पर निर्वाचन अधिकारी ने सही होने का कोई साक्ष्य दिया और न ही कोई विचार । रामसागर यादव ने कहा की भाजपा नेताओं के इशारे पर दबाव में अधिकारी लोक तंत्र की हत्या कर रहे है । निर्वाचन अधिकारी विशाल शर्मा ने बताया कि हमको नाम काटने का अधिकार नहीं है साक्ष्य प्रस्तुत करने पर कटे हुए नामों को मैं जोड़ सकता हूँ सूची में नाम ऊपर से बढ़कर आया है मैं कुछ नहीं कर सकता।

## सड़क पर उतरे जूनियर डॉक्टर, निकाला कैंडल मार्च

**प्रयागराज।** स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों व तीमारदारों के बीच हुई मारपीट का मामला बढ़ता जा रहा है। जूनियर डॉक्टर गुरुवार रात से ही कार्य बहिष्कार करते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं। तीमारदारों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए जूनियर डॉक्टरों ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है। इसके विरोध में शुक्रवार शाम को कैंडल मार्च निकाला। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल परिसर में जुटे सैकड़ों जूनियर डॉक्टर हाथों में मोमबत्ती लेकर मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज गेट तक पहुंचे। यह हाथों में अपनी मांगों के समर्थन में लिखे स्लोगन वाले तख्तियां व बैनर भी लेकर चल रहे थे। सभी ह्वी वांट जस्टिस, एक-दो-तीन-चार, बंद करो ये अत्याचारह्व जैसे नारे भी लगा रहे थे। यहां मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह को अपने मांगों के समर्थन में ज्ञापन भी सौंपा।



कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद प्रमुख प्रतिनिधि भोला गौतम

## भाजपा के स्थापना दिवस पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नेतृत्व में शुक्रवार को भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय सप्ताह, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन यमुनापार जिला के मण्डल उरुवा में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल उरुवा भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष रोहित पाण्डेय ने किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख उरुवा प्रतिनिधि भोला गौतम उपस्थित रहे । इस दौरान मुख्य रूप से वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता उमाशंकर तिवारी गांधी, भाजपा नेता अमरेश तिवारी,मण्डल प्रभारी विवेकानंद सिंह, मण्डल उपाध्याक्ष अभिषेक मिश्रा,मण्डल उपाध्याक्ष आशीष शुक्ला,अभिषेक पाण्डेय,रवि शुक्ला,हर्ष दुबे, प्रतीक शुक्ला, लवकुश शर्मा, कार्यक्रम प्रवासी कार्तिकेय कुशवाहा व रामनगर सीएचसी की समस्त टीम उपस्थित रही ।

## धन-वैभव के नहीं भक्ति-भाव के प्यासे हैं भगवान : प्रभु प्रिया

**बारा।** 20वें श्री मनकामेश्वर धाम लालापुर महोत्सव में आयोजित श्रीमदभागवत कथा में अंतरराष्ट्रीय बाल विदुषी प्रभु प्रिया ने भक्तों को भक्त प्रह्लाद की कथा सुनाई। बाल विदुषी ने कहा, श्रीहरि के अनन्य भक्त प्रह्लाद अपने पिता हिरणाकश्यप से कहा कि भजन करना ही जीवन का सार है। इस संसार में रहकर भजन और नारायण का नाम नहीं लिया, तो जीवन बेकार है। भक्त प्रह्लाद के उपदेश के बाद भी उसके पिता पर कोई असर नहीं हुआ और उसने अपने बेटे प्रहलाद को मारने के नाना प्रकार के जतन किए, लेकिन सब फेल हो गए। कथावाचिका प्रभु प्रिया ने कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि भगवान सिर्फ भाव के भूखे हैं। उनको दो ट्रक अनाज या फिर धन-वैभव नहीं चाहिए। वह तो सिर्फ प्रेम और भाव के भूखे हैं। गृहस्थ में रहकर जो भगवान को याद करता है, वास्तविकता में वही भक्त है। उन्होंने कहा कि भजन करने की कोई उम्र और कोई समय नहीं होता। यद्यपि ब्रह्म मुहूर्त सबसे अच्छा है, लेकिन भगवत-भजन किसी भी समय किया जा सकता है। ह्लमान ले मेरा कहना, नहीं तो पछताएगा, माटी का खिलौना माटी में मिल जाएगा, एक दिन यह हंस अकेला उड़ जाएगाह्व के साथ उन्होंने नरसिंह भगवान और हिरण्यकश्यप के प्रसंग का समापन किया। महोत्सव के बीसवें सोपान का आयोजन पांच अप्रैल से 11 अप्रैल तक किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक सूर्यनिधान पांडेय ने भगवान रामेश्वरम वाटिका, शंकरगढ़ में आयोजित महोत्सव में कथा प्रवचन के अलावा सुप्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा रात्रिकालीन भक्ति संगीत सांस्कृतिक संध्या में विविध कार्यक्रम हो रहे हैं। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों से आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। सूर्यनिधान पांडेय ने बताया कि महोत्सव का आठ को रामादि पूर्वजों की कथा, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, नौ अप्रैल को शैशवावस्था के ब्रह्म का दर्शन नामकरण, पूतना उद्धार और दस अप्रैल को बाल लीला, बकासुर वध की कथा सुनाई जाएगी। इसके बाद 11 अप्रैल को विवाह और हवन-पूजन का आयोजन किया जा रहा है।

## सरकार ने दिव्यांगों की आवश्यकताओं और सुविधाओं का रखा पूरा ध्यान : रीता

### मेजा में 40 दिव्यांगों में मोटराइज्ड ट्राई साइकिल व हेलमेट वितरित,दिव्यांगों के चेहरे खिले

**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने दिव्यांगों के आवश्यकताओं और सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा है। इनके स्वास्थ्य परीक्षण से लेकर आवश्यक उपकरण सरकार द्वारा निशुल्क वितरित किया जाता रहा है। आगे भी भाजपा की सरकार दिव्यांगों के लिए तमाम योजनाओं माध्यम से लाभान्वित करती रहेगी। उक्त बातें सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने मेजा ब्लॉक परिसर में आयोजित मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण के दौरान कहीं।

मेजा में आयोजित निशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित सांसद रीता जोशी द्वारा 40 दिव्यांग जनों को इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल वितरित की गई। इस दौरान सांसद द्वारा सरकार की तमाम योजनाओं और उपलब्धियों को भी गिनाया गया। वहीं प्रमुख गायत्री मिश्रा ने भी भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने कहा कि



दिव्यांगों को ट्राई साइकिल देकर माल्यार्पण करती सांसद रीता बहुगुणा जोशी साथ मे प्रमुख गायत्री मिश्र

विकासखंड मेजा में हर जरूरतमंद तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के लिए गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। आने वाली हर योजना को लेकर आगे भी ब्लॉक की पूरी टीम निष्ठा से काम करती रहेगी। इसी दौरान पूर्व प्रमुख मुन्नन शुक्ला द्वारा सांसद रीता जोशी के कार्यों की जमकर सराहना की गई। इसके अलावा उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को भी खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन अनिल शुक्ला ने किया। इस दौरान प्रमुख रुप से उप जिलाधिकारी मेजा विनोद कुमार पांडेय,वरिष्ठ भाजपा नेता जनसेवक इंद्रदेव शुक्ला उर्फ राजू भैया, कलेक्टर पांडेय, बाबा ओझा, तपस्वी तिवारी , अनिल पांडे अधिवक्ता, रंजय मिश्रा,अखिलेश शुक्ला, संजय तिवारी, प्रधान पाल पट्टी अमीन सिंह, जय शंकर पांडे, अमरेश तिवारी,पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपनारायण मिश्र, शेषमणि शुक्ल, राहुल मिश्र, आशुतोष मिश्र, मयंक,जिला दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण अधिकारी नंदकिशोर, एडीओ समाज कल्याण सुशांतु पांडे सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

# भारत में राशन फ्री बंट रहा है, और पाकिस्तान में रोटी के लाले हैं : सीएम योगी


कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्यमंत्री


पुस्तक का विमोचन करते मंचासीनगण


कार्यक्रम के दौरान मौजूद भीड़

**कार्यक्रम**

**सरकारें कैसे चलनी चाहिए आज दुनिया भारत की ओर देख रहा है : योगी**

**विकास की किरण और योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के गरीबों तक पहुंच रहा है : सीएम**

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी महोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ माइक संभालते ही सरकार की उपलब्धि और पाकिस्तान के हालातों पर बोल पड़े। उन्होंने बेबाक कहा कि सरकार कैसे चलनी चाहिए आज दुनिया भारत की ओर देख रही है। कहा कि जहां एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार देश की 80 करोड़ जनता को पिछले तीन वर्षों से राशन फ्री में दे रही है वहीं पाकिस्तान में रोटी के लाले पड़े हैं। यहीं से अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश जहां एक ओर समृद्धि की ओर बढ़ रहा है वहीं दूसरी ओर देश में सुरक्षा के बेहतर वातारण है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ माइक पकड़ते ही कौशाम्बी वैभवशाली इतिहास और मां शीतला को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि कौशाम्बी नगरी तमाम ऐतिहासिकता को अपने में संजो रखा है। जिस तरह से प्रदेश के सभी जिलों का विकास हो रहा है, कौशाम्बी न तो पीछे है और विकास में पीछे रहेगा। पड़ोसी जनपद प्रयागराज पर बोलते हुए कहा कि 2025 में होने वाले कुंभ को लेकर प्रयागराज कमिश्नरी के सभी जिलेवासियों को मानसिक रूप से तैयार होकर उसमें से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसकी तैयारी अभी से शुरू कर देना चाहिए। विकास की योजनाओं पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र या फिर प्रदेश सरकारों द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बगैर किसी भेदभाव के गांव,गली के साथ-साथ किसान नौजवानों तक बाखूबी पहुंच रही है। इस दौरान उन्होंने जिले के लिए 612 करोड की 117 परियोजनाओं से बेहतर विकास होने की बात कही। कहा कि कौशाम्बी जनपद विकास के मामले में किसी भी जिले से कम नहीं रहेगा। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने केंद्रीय गृहमंत्री अमितशाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित मंच पर विराजमान लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि कौशाम्बी विकास की भूमिका में पीछे नहीं रहेगा। हालांकि स्वागत कार्यक्रम के दौरान कौशाम्बी महोत्सव की अगुवाई कर रहे सांसद विनोद सोनकर ने जिले के लिए कई परियोजनाओं की मांग रख दी थी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री कौशाम्बी जनपद में आए हैं और कौशाम्बी गौरवशाली व वैभवशाली इतिहास है। यहां 51 शक्तिपीठों में मां शीतला शक्तिपीठ हैं, जिस तरह से विध्यांचल धाम को कॉरिडोर से सुसज्जित किया जा रहा है उसी तर्ज पर शक्तिपीठ कड़ाधाम को कॉरीडोर बनाया जाए। यहां बस स्टाप और तकरीबन सौ कमरों का एक भी बनवाया जाए जिससे आने वाले यात्रियों को साधन के साथ-साथ रहने के लिए भी भटकना न पड़े। इतना ही नहीं जिले के गांव और विकास खंड स्तर पर खेल स्टेडियम भी बनाया। हालांकि उन्होंने कौशाम्बी के विकास के लिए अपनी पूरी बात रख डाली है। कार्यक्रम में पधारे बड़े नेताओं ने कौशाम्बी के विकास में कोई कोर कसर न छोडने की भी बात कही है। इस पर कार्यक्रम में मौजूद जनता खुशियों से झूम उठी। हालांकि भीड़ देख दिग्गज खासे गद गद दिखे। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष के अलावा डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, नंद गोपाल नंदी के अलावा अन्य मंत्रीगण व जिले के पूर्व विधायक लाल बहादुर, संजय गुप्ता,पप्पू पटेल, मानिकपुर विधायक लल्ली महराज, सहित जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल,चंद्रदत्त शुक्ल सहित अन्य कई नेता मंच पर विराजमान रहे। वहीं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डा.नीतू कनौजिया, रमेश पाल, आद्या प्रसाद के अलावा अन्य पदाधिकारी व हजारों की संख्या में भीड़ मौजूद रही।

## अंगीठी की चिंगारी बनी शोला गृहस्थी जलकर हुई राख



**कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली के अकबरपुर मिजार्पुर गांव में शक्रवार सुबह अंगीठी की चिंगारी से घर में आग लग गई। आग की लपटों को देख ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। लेकिन तब तक लाखों रुपये का सामान जल कर राख हो चुका था। सूचना पर पुलिस के साथ पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने नुकसान का जायजा लेते हुए रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दिया है। आगजनी के बाद से पीड़ित परिवार का हाल बेहाल है।

अकबरपुर मिजार्पुर गांव निवासी फैजान अहमद पुत्र समीउल्ला मजदूर है। ट्राली चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। बताया कि वह गांव के रियाज हुसैन उर्फ लल्लन के मकान को किराए पर लेकर परिवार के साथ रहता है। शुक्रवार की सुबह घर में रखी अंगीठी से निकली चिंगारी शोला बन गई। देखते ही देखते दावानल लपटों ने घर को आगोश में ले लिया। आग की लपटों को देख घर के लोग जान बचाकर शोर मचाते हुए बाहर भागे। शोर शराबा सुन गांव के लोग मौके पर पहुंचे और दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की जद में आने से तीन हजार नकदी के साथ मोटरसाइकिल, समेत लाखों रुपये का सामान आग में जल कर राख हो गया। सूचना पर पुलिस के साथ पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लेते हुए जांच रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंप दिया है। आगजनी के बाद से गरीब परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। हादसे के बाद से पीड़ित परिवार का रो-रोकर हाल बेहाल है।

### सरेराह युवक को रोक साथियों ने बेरहमी से पीटा

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली कोटिया गांव में बाजार से घर लौट रहे युवक को सरेराह रोकते हुए साथी ने मददगारों के साथ मिल बेरहमी से पीट दिया। युवक के साथ मारपीट देख आसपास मौजूद लोग भागकर मौके पर पहुंचे। बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराते हुए आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। कोटिया निवासी अंतिम पांडेय का गांव के ही सत्यम से पुराना विवाद चल रहा है। कई बार दोनों केबीच मामूली बात को लेकर तीखी झड़प हो चुकी है। अंतिम बाजार से घर लौट रहा था। गांव के समीप पहले से घात लगाकर साथियों के साथ बैठे आरोपित उसे रोक लिया। इसके बाद सरेराह पिटाई करनी शुरू कर दी। युवक के साथ मारपीट देख आस-पास मौजूद लोग भागकर मौके पर पहुंचे। बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घर पहुंच परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए युवक थाने पहुंचा। पुलिस ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार कराने के बाद देर शाम आरोपित सत्यम व उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## केंद्रीय गृहमंत्री के हाथों मेडल पुरस्कार पा खिले प्रतिभागियों के चेहरे

**पुरस्कार**

**सांसद खेल स्पर्धा में 17 युवाओं ने कराया ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन**

**2124 विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत**


विजेताओं को मेडल पुरस्कार देते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

**कौशाम्बी।** पिछले कई दिनों से चल रहे सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष दो गुना युवाओं ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया। सांसद विनोद सोनकर ने बताया कि कार्यक्रम के तहत तकरीबन 17हजार युवाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें विजयी सभी 3124 प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण देकर सम्मानित किया गया।

बताना जरूरी होगा कि कौशाम्बी महोत्सव कार्यक्रम के पहले दिन सात अप्रैल को मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद रहे केंद्रीय गृहमंत्री अमितशाह ने अपने हाथों से बाली बाल के विजेता छात्र मुस्तकिम निवासी कुंडा को मेडल देकर सम्मानित किया। इतना ही नही बाली बाल बालिका वर्ग में मंझनपुर की प्रियंका को मेडल देकर सम्मानित किया, इसी तरह कबड्डी प्रतियोगिता विजेता साक्षी निवासी नेवादा को सम्मानित किया। खो-खो प्रतियोगिता में सिराथू के अभिषेक कुमार व बालिका वर्ग में मंझनपुर की दर्शन को सम्मानित किया। इसी तरह एथलेटिक्स में सिराथू के कलीम अहमद व मंझनपुर की पूजा राजपूत सम्मानित हुईं। वहीं बाक्सर प्रतियोगिता में मंझनपुर से शिवाकांत व आदेश राणा को सम्मानित किया गया। वहीं खेल रत्न सम्मान से कुमारी सुनीता को सम्मानित किया गया। इतना ही नहीं कौशाम्बी रत्न राजेंद्र मौर्या को देकर गृहमंत्री ने सम्मानित किया। यह सभी लोग केंद्रीय गृहमंत्री के हाथों सम्मानित होकर काफी गदगद दिखाई दिए।

### सुरक्षा व्यवस्था पर सर्तक रहा प्रशासन

**कौशाम्बी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में किसी भी तरह की लापरवाही न हो इसके लिए प्रशासन ने पहले से ही पुख्ता तैयारी कर रखी थी। कार्यक्रम स्थल के अलावा दस किमी दूरी तक पुलिस के जवान अलर्ट दिखे। प्रयागराज मंडल के अधिकारियों के अलावा जिले के जिलाधिकारी सुजीत कुमार व एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव पिछले तीन दिनों से तैयारियों को लेकर खासे गंभीर रहे। वहीं कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद जब केंद्रीय गृहमंत्री व मुख्यमंत्री रवाना हुए तो प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### कुमार विस्वास के रामकथा से आनंदित हुए श्रोता

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम में शिरकत किए जानी मानी हस्थी कुमार विस्वास का भी कार्यक्रम हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद रही लोगों की भीड़ कुमार विस्वास के रामकथा को सुन आनंदित हो उठे। हालांकि कुमार विस्वास एक विख्यात कवि हैं। कार्यक्रम में कुमार विस्वास के कार्यक्रम को लेकर लोगों की भारी भीड़ जमा रही।

## गंगा नदी की गोद में समाया किशोर, मचा कोहराम


गमजदा मृतक के परिवारीजन

**दुःखद**

**पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे किशोर को खोजने का प्रयास किया पर सफलता नहीं मिली**

**किशोर की मौत से परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है**

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली के पल्हाना गंगा घाट पर शुक्रवार की सुबह साथियों के साथ नहाने गया किशोर गहरे जल में समा गया। किशोर को डूबता देख साथ रहे साथियों ने बचाने का प्रयास किया तो वह भी डूबने लगे। आस-पास मौजूद स्थानीय लोगों ने अन्य बच्चों को डूबने से बचा लिया। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई वह रोते-बिलखते गंगा घाट पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे किशोर को खोजने का प्रयास किया पर सफलता नहीं मिली। किशोर की मौत से परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

पुरानी बाजार भरवारी निवासी अंकुश चैरसिया (16) पुत्र पप्पू चैरसिया शुक्रवार की सुबह मोहल्ले के साथियों के साथ गंगा नहाने के लिए पल्हाना घाट गया था। नदी में नहाते समय अंकुश गहरे पानी में जाकर डूबने लगा। किशोर को नदी में डूबता देख साथ रहे अन्य साथियों ने शोर मचाते हुए उसे बचाने का प्रयास किया तो वह खुद की डूबने लगे। चीख पुकार सुन आस-पास मौजूद लोग भागकर मौके पर पहुंचे। साथी को बचाने के चक्कर में डूब रहे किशोरों की जान बचाते हुए उन्हें बाहर निकाला। तक तक नदी में डूबा किशोर लापता हो चुका था। सूचना पर परिजनों के साथ पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे किशोर की तलाश शुरू किया। दो घंटे की मशक्कत के बाद किशोर का शव मिला। बेटे का शव देख परिजन चीख पडे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद से परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

## शादी का झांसा देकर किया दुराचार फिर सात फेरे से इंकार

**कौशाम्बी।** करारी कोतवाली इलाके की एक युवती को प्रेमजाल में फंसाने के बाद दो साल तक पड़ोसी युवक उससे दुराचार करता रहा। युवती ने शादी की जिद किया तो आरोपी मुकर गया और किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। परिजनों को आपबीती बताते हुए पीड़िता थाने पहुंची और मामले की नामजद शिकायत पुलिस से किया। पीड़िता से तहरीर लेकर पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

करारी थाना क्षेत्र की एक युवती ने बताया कि दो साल पहले मोहल्ले का मनचला युवक उसे प्रेमजाल में फंसा लिया। इसके बाद शादी का झांसा देकर मनमानी करने लगा। युवती ने जब भी शादी करने की जिद किया तो आरोपित युवक आनाकानी करते हुए बात को टाल दिया। दो साल बीतने के बाद युवती ने शादी की जिद किया तो आरोपित मुकर गया। कहा कि उसे जो करना था वह कर लिया अब वह शादी नहीं करेगा। प्रेमी युवक की करतूत युवती ने परिजनों को बताई तो परिवार के लोग सन्न रह गए। दोनों परिवार के बीच बिरादरी की पंचायत हुई पर युवक शादी करने के लिए राजी नहीं हुआ। शुक्रवार को थाने पहुंच पीड़िता ने मामले की नामजद शिकायत पुलिस से किया। पीड़ित युवती से तहरीर लेकर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### चालबाज पड़ोसी ने युवक को लगाया सात लाख का चूना

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली के निधियावां गांव के एक युवक को चालबाज पड़ोसी ने सात लाख की चपत लगा दिया। एलआईसी में फिक्स डिपॉजिट कराने के लिए उसने रकम दिया था। रकम लेने के बाद आरोपित ने साथी के साथ मिल शेयर बाजार में रकम लगा दिया। इसके बाद दस साल में चार गुना रकम दिलाने की बात कही। समय पूरा होने केबाद उसने रकम मांगी तो आरोपित ने देने से इंकार कर दिया। थाने पहुंच पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से किया। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। निधियावां निवासी बृज बिहारी ने बताया कि उसने वर्ष 2012 में गांव के ही सारंग पांडेय व रामलोचन पाल को सात लाख देकर चार लाख खुद के नाम व तीन लाख पत्नी के नाम एलआईसी में एफडी कराने के लिए दिया था। रकम लेने के बाद आरोपितों ने उसे दूसरी कंपनी को बांड थमा दिया। इस पर उसने विरोध किया तो कहा कि दस साल में यह कंपनी चार गुना रकम वापस करेगी। समय बीतने के बाद जब उसने बीमा की रकम वापस मांगी तो पहले आरोपितों ने आनाकानी किया। इसके बाद देने से इंकार कर दिया। पड़ोसी की चालबाजी से आहत युवक ने परिजनों को आपबीती बताई वह भी सन्न रह गए। पीड़ित ने थाने पहुंच मामले की शिकायत पुलिस से किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

## सपा विधायिका पल्लवी पटेल को किया गया हाउस आरेस्ट


सिराथू स्थित आवास में मौजूद विधायिका पल्लवी पटेल

**कौशाम्बी।** केंद्रीय गृहमंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में किसी प्रकार का विरोध प्रदर्शन हो इसके लिए सपा से सिराथू विधायिका पल्लवी पटेल को सिराथू स्थित आवास में हाउस आरेस्ट किया गया था। हालांकि इस दौरान उनके आवास के इर्द गिर्द भारी फोर्स लगाई गई थी जिससे उन पर पैनी निगाह रखी जाए।

हालांकि पत्रकारों से वार्ता करते हुए सपा विधायिका पल्लवी पटेल ने कहा कि सिराथू विधान सभा से विधायक हैं, उन्हें इस बात का गर्व है कि उनके क्षेत्र में केंद्रीय गृहमंत्री व मुख्यमंत्री का आगमन हुआ है। ऐसे में वह उनके स्वागत के लिए कार्यक्रम में शिरकत करना चाह रहीं थीं लेकिन लायनआर्डर और परमिशन का हवाला देते हुए उन्हें हाउस आरेस्ट कर दिया गया था जिसे उन्होंने गलत बताया। हालांकि पल्लवी पटेल के हाउस आरेस्ट होने की जानकारी पर उनके पार्टी अपनादल के कार्यक्रम में रोष दिखाई दिया। इस दौरान कुछ पदाधिकारी उनके आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात भी किया है।

### खड़ंजे और नाली क्षतिग्रस्त, मरम्मत की मांग

**कौशांबी।** मूरतगंज ब्लॉक के भीखमपुर गांव की गलियों में बिछाए गए खड़ंजे क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। नालियां भी पूरी तरह से जर्जर हालत में हैं। गांव में सफाई नही होने से गलियां गंदगी से पटी हुई हैं। नालियों का पानी लोगों के घरों के सामने सड़क पर जमा रहता है। इससे लोगों को कीचड़ भरे रास्ते से आवागमन करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने जर्जर सड़क और नाली के निर्माण की मांग की है।

## संक्षेप

### पीएम आवास योजना में ग्राम प्रधान द्वारा कमीशन मांगने की शिकायत

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के पूरे फत्तेसिंह निवासी रामप्रकाश पटेल पुत्र देवनाथ पटेल ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर पीएम आवास के निर्माण में प्रधान द्वारा कमीशन मांगे जाने का आरोप लगाया है। पीडित ने शिकायती पत्र में कहा है कि उसका आबादी में पुराना कच्चा मकान गिर गया है। इस स्थान पर वह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले आवास का निर्माण करा रहा है। पीडित का कहना है कि उसके एक मात्र विधवा पुत्री है जिसका भी स्वीकृत सरकारी आवास का निर्माण शुरू कराया गया है। आरोप है कि ग्राम प्रधान दोनों आवासों के नाम पर स्वीकृत धनराशि में कमीशन की मांग कर रहे है। प्रधान के इशारे पर विपक्षी निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए उसे धमकी दे रहा है। एसडीएम ने मामले की जांच तहसीलदार को सौपते हुए समस्या के समाधान कराए जाने के निर्देश दिये हैं।

# घर में घुसकर दबंगों ने युवक को मारकर किया अधमरा, इलाज को जाते समय रास्ते में मौत



व्यापारी की मौत के बाद जमा भीड़ व पुलिसकर्मी

**प्रतापगढ़।** दंबगों ने व्यापारी के घर में घुसकर लाठी-डंडे से पीट-पीटकर मरणासन्न कर दिया। इलाज के लिए ले जा रहे व्यापारी की रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की है।कोहड़ौर थाना क्षेत्र के अतरसण्ड गांव के सईद उर्फ चांद बाबू (30) पुत्र मोहम्मद इदरीश मदाफरपुर में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान चलाता था। सईद की तीन दिन पहले पड़ोसी अख्तर पुत्र इदरीश खान से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके पहले भी वर्चस्व को लेकर दोनों आमने-सामने आ चुके थे। गुरुवार को देर रात आरोपी अख्तर अपने भाई अफसर और साथी सुहैल पुत्र शब्बीर के साथ घर की दीवार फांदकर सईद के घर में घुस गया। सईद पर लाठी-डंडे और बैट से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से सईद और उसके घर के लोग दहशत में आ गए। सईद किसी तरह घर से बाहर की तरफ भागा तो दबंगों ने उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। सईद मरणासन्न होकर जमीन पर गिर गया। परिजनों और पड़ोसियों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घायल को परिजन कोहड़ौर सीएचसी ले गए। गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ रेफर कर दिया गया। प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ से प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया।बप्रयागराज ले जाते समय सोरांव के पास उसकी मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह सईद का शव गांव पहुचने पर व्यापारी और ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सीओ सिटी करीशमा गुप्ता ने बताया की घटना के दिन देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है। जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# गुड फ्राइडे प्रभु येसु के दुःख भोग एवं क्रूस मरण का दिन : ग्रेगरी डिसूजा



गुड फ्रइडे पर प्रभु येसु को याद करते ईसाई समुदाय के लोग

**प्रतापगढ़।** नगर के दहिलामऊ स्थित होली रोजरी चर्च में ईसाई समुदाय के लोगों ने गुड फ्रइडे पर प्रभु येसु को याद किया। फादर ग्रेगरी डिसूजा, फादर आनन्द केवी जॉन ने प्रभु येसु के साथ हुई यातना के बारे में प्रार्थना सभा में जुटे लोगों को पढ़कर सुनाया। उन्होंने बताया कि इस दिन प्रभु येसु मसीह ने समस्त मानव जाति के पापों को अपने ऊपर लेते हुए क्रूस पर अपनी जान देकर मानव को उनके पापों से मुक्ति प्रदान की थी। इस दिन को प्रभु के महान बलिदान को याद करते हुए गुड फ्राइडे (पुण्य शुक्रवार) के रूप में मनाया जाता हे। उन्होंने बताया कि इसी दिन शाम 3 बजे प्रभु येसु को क्रूस पर चढ़ाने के लिए लोग मारते, ढकेलते, उनको विभिन्न प्रकार की यातनाएं देते हुए कलवाड़ी पहाड़ पर ले जा रहे थे। इस पूरे समय को क्रूस पथ की भक्ति भी कहा जाता है। इसी के बाद महाप्रार्थनाएं शुरू हुईं। जिसमें विश्व शांति, मानव एकता, विश्वास, देश के सभी लोगों के लिए शांति सदभव के लिए प्रार्थना की जाती है। प्रभु के संदेश के बाद भक्ति गीत गाये गये। इस दौरान पर चर्च में जुटे ईसाई समुदाय के लोगों को फादर ने प्रभु येसु के महान बलिदान व उनके दिखाये आदर्शों को विस्तार से बताया। इस मौके पर सिस्टर अनीता, विन्सी, जोसंफ जूलियस, रूडोल्फ जूलियस, सिंथया दास, अशोक एक्का, संतोस दास, संगीता डिसूजा, चन्दा मेरी डिसूजा, अचित बनर्जी, माइकल डिसूजा, फ्रांसिस डिसूजा अजय एल्बियन, आदर्श डिसूजा सहित बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक करते कप्तान सतपाल अंतिल

# कप्तान ने थानों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**प्रतापगढ़।** कप्तान सतपाल अंतिल ने शुक्रवार को जिले के तीन थानों का औचक निरीक्षण किया। एसपी के निरीक्षण में पुलिसकर्मियों में हड़कंप रहा। एसपी ने थाना जेठवारा, महेशगंज व कुण्डा का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क आदि के कार्यों की समीक्षा की। इसके अलावा थाना परिसर में घूमकर मूलभूत सुविधाओं व साफ-सफाई को देखा। उन्होंने थानाध्यक्षों से दर्ज एफआईआर के बावत कई निर्देश दिए।

# डीएम ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों की कसी नकेल, कारण बताओ नोटिस

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में गुरुवार देर शाम विकास भवन सभागार में शासन की विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं 50 लाख रुपए से अधिक लागत की परियोजनाओं एवं कार्यो के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। आई0जी0आर0एस0 पोर्टल की समीक्षा के दौरान पाया गया कि अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण नही किया जा रहा है। नाराज जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी दी। कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों को भलि भांति समझे और शिकायतकर्ता की शिकायत को गम्भीरतापूर्वक लेते हुये उसका निस्तारण करें। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना पर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करायें। वन स्टाप सेन्टर कार्मिकों का पेमेन्ट समय से न किये जाने पर जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को कड़ी फटकार लगायी। जिलाधिकारी ने 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की। समीक्षा में पाया गया कि यू0पी0पी0सी0एल0 निर्माण इकाई-2 प्रयागराज द्वारा कराये जा रहे मंगरौरा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परिसर में हास्टल का निर्माण कार्य प्रगति से नाराज हुए। डीएम ने यू0पी0पी0सी0एल0 के प्रोजेक्ट मैनेजर को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। डीएम ने बारी-बारी से सभी विभागों के अधिकारियों के लापरवाही पर पेंच कसे। इस मौके पर सीडीओ ईशा प्रिया, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, डीसी मनरेगा इन्द्रमणि त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश सिंह सहित सहित जिला स्तरीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर, प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

## फेल से पास कराने व अधिक अंक बढ़ाने के प्रलोभन से सावधान रहें अभिभावक : डा0 ओपी राय

### साइवर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए प्रिंसिपलों को दिए निर्देश



**प्रतापगढ़।** यूपी बोर्ड परीक्षा में शामिल रहे परीक्षार्थियों को साइबर ठगों ने फेल से पास व अधिक नम्बर दिलाने का झांसा देना शुरू कर दिया है। कई जागरूक अभिभावक प्रयागराज स्थित बोर्ड परिषद व डीआईओएस कार्यालय पहुंचकर इस संबंध में जानकारी कर रहे हैं। विद्यालयों में भी अभिभावक प्रधानाचार्यों व शिक्षकों से इस संबंध में जानकार कर रहे हैं। अफवाहों से परेशान विभाग के अधिकारियों ने प्रधानाचार्यो को वाकायदा पत्र जारी कर अभिभावकों को ठगने वाले साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। डीआईओएस डा0 ओपी राय ने बोर्ड परिषद के सचिव के पत्र का हवाला देते हुए गुरूवार को जिले के सभी प्रधानाचार्यो को जानकारी होने पर ठगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इस प्रकार के मामले पकड़े जाने पर उन्हें भी तुरंत जानकारी दी जाए। उन्होंने पत्र में लिखा है कि साइबर ठगों से बचने के लिए परीक्षार्थियों व अभिभावकों को भी जागरूक करें। इन दिनों अभिभावकों व परीक्षार्थियों के बोमाइल नम्बरों पर अंक बढ़ाने व फेल को पास कराने के रूपयों के एवज में प्रलोभन दिए जा रहे हैं।

## मित्रता श्री कृष्ण व सुदामा से सीखी जानी चाहिए : स्वामी बल्लभाचार्य



**प्रतापगढ़।** मानधाता के बासूपुर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण की अलग – अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा प्रसंग सुनकर श्रोता भाव विह्वल हो गए। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास जगदगुरु वल्लभाचार्य महाराज अयोध्या धाम ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा जी से समझा जा सकता है। सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र कृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। सुदामा ने द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे लेकिन द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इसपर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। दोनों की मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब भी भक्तों पर विपदा आई है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। मुख्य यजमान हीरावती तिवारी, सुरेश नारायण तिवारी, सुधा तिवारी ने आरती उतारी। इस दौरान बडी संख्या में भक्तगण कथा का रसपान किया।

# गोली से घायल व्यापारी पुत्र के मामले में पांचवें दिन दर्ज हुआ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** लालगंज पुलिस ने व्यापारी पुत्र को गोली लगने की घटना में तहरीर मिलने के चौथे दिन शुक्रवार को दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा धमकी का केस दर्ज किया है। तहरीर में पडोसी दो युवकों समेत एक युवती पर घटना कराये जाने की शंका जताई गई है। लालगंज बाजार के हनुमान मंदिर रोड निवासी श्रीकांत कौशल की पत्नी मीना ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें कहा है कि बीती चार अप्रैल को उसका बेटा उत्कर्ष उर्फ गोलू बाइक से अकेले ननिहाल गया था। शाम करीब पांच बजे पीड़ित की बहन अर्चना के फोन पर गोली लगने की सूचना मिली। घटना स्थल पर परिवारीजन पहुंचे तो उत्कर्ष गोली से घायल मिला।उसके पास रहा मोबाइल, आधार कार्ड तथा पैसे गायब मिले। परिजन इलाज के लिए उत्कर्ष को लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां से रेफर होने पर उसे लखनऊ के मेदान्ता अस्पताल लेकर पहुंचे। मेदान्ता में अभी उत्कर्ष का इलाज जारी बताया जाता है। उत्कर्ष को पेट मे बायीं तरफ गोली लगी। तहरीर में कहा गया है कि उसके पडोसी सदाशिव जायसवाल के पुत्र देवेश व शुभम एक युवती का साथ छोडने की धमकी दे रहे थे। पीडिता ने शंका जतायी है कि देवेश व शुभम तथा इनके घर आने वाले तीन दोस्तो द्वारा यह घटना कारित करायी गयी। इसके पहले भी घायल उत्कर्ष पर दो बार हमला हो चुका है। उत्कर्ष के फोन से उसकी निजी चौटिंग भी वायरल कर दिये जाने की बात कही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बाइक सवार दो अज्ञात आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इस संदर्भ मे प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच के आधार पर घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।



स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित लोग

## बीजेपी युवा मोर्चा द्वारा जिले के सभी मण्डलों में आयोजित किया गया स्वास्थ्य शिविर

**प्रतापगढ़।** बीजेपी युवा मोर्चा द्वारा शुक्रवार को जिले के सभी मण्डलों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हर मण्डलों में युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के देख रेख में सम्पन्न हुआ। युवामोर्चा के अध्यक्ष अंशुमान सिंह ने बताया कि जिले के सभी तीस मण्डलों में आयोजित शिविर में साढे.तीन हजार से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करा कर चिकित्सकों से मशवरा लिए। विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों में बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित मिश्र, नीति श्रीवास्तव, अविनाश सिंह, मदन पाल, शैलेश मिश्र, रितेश सिंह, चंद्र प्रताप सिंह, रोहित, राहुल मौर्य, सौरभ कुमार, पंकज गुप्ता धीरज सिंह, वीरेन्द्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु, ग्रहण किया प्रसाद

**प्रतापगढ़।** लालगंज के सांई कुटी वार्ड में रामजानकी मंदिर परिसर में शुक्रवार को सुंदरकांड व भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। सुंदरकांड के बाद कार्यक्रम के आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व प्रधान दिनेश रावत ने किया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी, प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, साधना गौतम, छोटे लाल सरोज, अजय पाण्डेय, अमृतलाल सरोज, प्रमोद रावत, ओमप्रकाश शुक्ल, लालिमा सरोज, कलावती आदि रहे। इधर चकौडिया में सभासद अनिल पाण्डेय के संयोजन में श्रीरामचरित मानस पाठ का आयोजन हुआ। यहां हुए भण्डारे मे देर रात तक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर उमाशंकर पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, पं.रामफेर पाण्डेय, विशालमूर्ति मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# पांचवें दिन भी न्यायालय कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**प्रतापगढ़।** अपनी मांगों को लेकर दीवानी नयायालय कर्मचारी संघ का सांकेतिक विरोध प्रदर्शन पांचवे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को दीवानी न्यायालय के गेट नंबर दो पर संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र धर द्विवेदी व महामंत्री कमलेश सिंह के नेतृत्व में न्यायालय के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर सांकेतिक प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया। दीवानी नयायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र धर द्विवेदी ने कहा कि यह सांकेतिक विरोध प्रदर्शन मात्र एक प्रक्रिया है। इसके बाद भी कर्मचारियों के मांगों पर कोई सकारात्मक पहल न किया गया तो प्रदेश नेतृत्व आगे जैसा रणनीति तैयार करेगी, उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर आंन्दोलन को धार दिया जाएगा।इस दौरान हरि गोविंद सिंह, छोटेलाल, मोहम्मद मिन्नत उल्ला सुहैल, श्रीमती अनीता सिंह, वरुण त्रिपाठी, रजनीश मिश्र, रमाशंकर द्विवेदी, सुश्री ज्योति पुष्पाकर, सुशील यादव, विनोद सरोज, मोहित मिश्रा, अतुल पटेल, अजीत कोरी, विकास शुक्ल, शेर बहादुर, सुरेंद्र प्रताप, संजय यादव, वेद प्रकाश, सत्येंन्द्र कुमार, राहुल शर्मा, अजीत पटेल, दिनेश, लालजी, इंद्र भान सिंह, शैलेंद्र सिंह, समीम, दीपक, सुखराम व अनुपम रावत सहित आदि शामिल रहे।



प्रदर्शन करते न्यायालय कर्मचारी

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में प्रशिक्षण प्राप्त लोगों को बॉटे गये टूलकिट

**प्रतापगढ़।** शुक्रवार को जिला उद्योग कार्यालय पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त लोगों को सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने प्रमाणपत्र व सिलाई मशीन वितरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी। आर्थिक इनकम से घर का खर्च चलाना आसान होगा। विधायक ने निःशुल्क सिलाई मशीन देते हुए प्राप्त महिला व पुरूषों को उनके उज्ज्वल भविष्य कामना की। उपयुक्त दिनेश चौरसिया ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त लोगों को उद्यम स्थापित करने के लिए आसान किस्तों पर ऋण की सुविधा के बारे में भी जानकारी दी। कौशल विकास मिशन की एमआईएस प्रबंधक वंदना सिंह ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि टूलकिट के जरिए आर्थिक रूप से सशक्त होकर अपने परिवार का भरण पोषण कर सकती हैं। इस मौके समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, प्रकाश चंद्र शुक्ल, रागिनी, सपना सोनकर आदि मौजूद रहे।



प्रमाण पत्र व सिलाई मशीन के साथ महिलाएं

## जनसंपादकीय

# राजनीतिक विमर्श में गिरावट का दौर

**राजेश माहेश्वरी**



देश में राजनीतिक विमर्श में इन दिनों तेजी से गिरावट देखने को मिल रही है। गिरावट का यह दौर वैसे तो आजादी के बाद से ही शुरू हो गया था, लेकिन बीते दो दशकों में इसमें बेहिसाब गिरावट आई है। पक्ष और विपक्ष दोनों इसके लिए दोषी हैं। सब अपने-अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श, सिद्धांत और भाषा की बलि देने से चूक नहीं रहे हैं। सत्ता प्राप्ति के लिए किसी भी स्तर तक उतरने को राजनीतिक दल और राजनीतिज्ञ अपना पूरा मन बना चुके हैं। लक्ष्य केवल सत्ता हासिल करना है, उसके लिए भले ही नैतिकता का गला घोटना पड़े या फिर मर्यादा को नदी की तेज धार में बहाना पड़े। ताजा मामला दिल्ली और पंजाब की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी से जुड़ा है।

बीते दिनों असम के गुवाहाटी में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा भारत एक महान देश है। भारत की तरक्की एक पढ़ा-लिखा आदमी ही कर सकता है। इसलिए 21वीं सदी में भारत जैसे देश के प्रधानमंत्री पढ़े-लिखे होने चाहिए। किसी का अनपढ़ होना या कम पढ़ा-लिखा होना कोई गुनाह नहीं है। बहुत लोग अपनी गरीबी की वजह से कम पढ़े-लिखे हैं, लेकिन देश का प्रधानमंत्री तो पढ़ा-लिखा ही होना चाहिए।

**गुजरात विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया कि मोदी ने डिस्टेंस एजुकेशन से एमए किया। इस जानकारी से केजरीवाल संतुष्ट नहीं हुए और डिग्री की कॉपी मांगी। विवाद यहां से हुआ शुरू, केजरीवाल की इस मांग को विश्वविद्यालय ने हाईकोर्ट में चुनौती दे दी।**

पार्टी के तमाम दूसरे नेता खासकर राज्यसभा सांसद संजय सिंह इस मसले पर काफी मुखर हैं। संजय सिंह ने एक प्रेसवार्ता में प्रधानमंत्री को कई दफा अनपढ़, कम पढ़ा लिखा तो कहा ही वहीं उनकी शैक्षिक योग्यता को लेकर जमकर उपहास भी उड़ाया। संजय सिंह की प्रेसवार्ता का यह वीडियो आम आदमी पार्टी की आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्म और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। आम आदमी पार्टी का इस तरह का रवैया बेहद निराशाजनक, खोखला और अनैतिक दुष्प्रचार ही कहा जाएगा।

वर्ष 2016 में अरविंद केजरीवाल ने आरटीआई लगाकर पीएम मोदी की शैक्षणिक योग्यता की जानकारी मांगी थी। तब सीआईसी ने दिल्ली विश्वविद्यालय और गुजरात विश्वविद्यालय को ऑर्डर जारी करके मांगी गई जानकारी केजरीवाल को देने को कहा था। तब गुजरात विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया कि मोदी ने डिस्टेंस एजुकेशन से एमए किया। इस जानकारी से केजरीवाल संतुष्ट नहीं हुए और डिग्री की कॉपी मांगी। विवाद यहां से हुआ शुरू, केजरीवाल की इस मांग को विश्वविद्यालय ने हाईकोर्ट में चुनौती दे दी।

गुजरात उच्च न्यायालय ने इस संदर्भ में फैसला देते हुए केंद्रीय सूचना आयोग के उस निर्देश को खारिज किया है, जिसमें आयोग ने प्रधानमंत्री की शैक्षिक डिग्री का खुलासा करने के निर्देश गुजरात विश्वविद्यालय को दिए थे।

अदालत द्वारा जुर्माना लगाए जाने के बावजूद केजरीवाल और आप के सांसद संजय सिंह लगातार इस मुद्दे पर मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर बयानबाजी कर रहे हैं। वास्तव में आम आदमी पार्टी सस्ती लोकप्रियता और राष्ट्रीय राजनीति में अपनी पहचान बनाने के लिए नैतिकता को ताक पर रखकर घटिया राजनीतिक खेल खेल रही है।


लोकतांत्रिक राजनीति के मायने ये नहीं हैं कि निर्वाचित नेता और प्रधानमंत्री उच्च शिक्षा प्राप्त हों या किसी विषय के विशेषज्ञ हों अथवा कुलीन और अभिजात्य जमात के हों। एक बेहद आम और गरीब आदमी प्रधानमंत्री के पद तक पहुंच सकता है। दरअसल केजरीवाल और आप के प्रवक्ता-नेता इसे भी राजनीतिक प्रचार बना रहे हैं कि प्रधानमंत्री अनपढ़ या अल्पशिक्षित हैं, लिहाजा काम करने और नीतियां बनाने में अक्षम हैं। उन्हें अर्थव्यवस्था की माकूल समझ नहीं है, लिहाजा देश पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है, जो कभी आर्थिक संकट में तबदील हो सकता है। उच्च न्यायालय ने भी माना है कि देश में शिक्षा पर काम अभी चल रहा है। एक तरफ शैक्षिक पहुंच और अवसरों की असमानता है। दूसरी ओर, जाति, जमात और लिंग की असमानताएं हैं।

आम आदमी के मुखिया अरविंद केजरीवाल यदि इस मुद्दे को लेकर 2024 के लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरना चाहते हैं तो कोई उन्हें रोकेगा नहीं। यदि केजरीवाल मानते हैं कि प्रधानमंत्री 'अनपढ़' हैं और देश पर शासन चलाने में अक्षम हैं, तो यह अपमानजनक और निचले दर्जे का बयान है। केजरीवाल और उनकी पार्टी का जो एक दशक पुराना इतिहास है कि स्वयं उन्होंने और उनके नेताओं ने मान हानि के मामलों में अन्य दलों के नेताओं से बिना शर्त माफी मांगी है। प्रधानमंत्री का अपमान मान हानि का मामला भी बन सकता है। आम आदमी पार्टी को इस तरह की निम्न स्तर की राजनीति से परहेज करना चाहिए। इसी में लोकतंत्र, लोकतांत्रिक व्यवस्था और उनकी पार्टी का हित निहित है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

## नदी

नदी रो रही है/ बिना आंसुओं के/ आंसू भी कहां रहे नदी की आंखों में / वहां पानी नहीं कचरा भर गया है
बारिश तो हो रही है/ पानी भी बह रहा है/लेकिन मलमूत्र के साथ
एक समय था जब हमने/ नदी को मां का दर्जा दिया था/ आज मंच से भाषण देने वाले/ घर का सीवर नदी की ओर मोड़ देते हैं/ यही होता रहा है नदियों के साथ
वक्त- वक्त पर फैलती रही बीमारियां/ और फिर मृत्यु होने लगती है/ मनुष्यों, पशु पक्षियों की/ उनके साथ विचारों की भी



**- निलेश देशमुख**
**शोधार्थी, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय**

# कौन कर रहा है सिविलिटी पर हमला?

## प्रसंगवश

**प्रेम सिंह**



'इंडियन एक्सप्रेस' (30 मार्च 2023) में एम राजीव लोचन का लेख 'एन अटैक ओन सिविलिटी' (शिष्टता पर हमला) छपा है। यह लेख उन्होंने अखबार के 25 मार्च 2023 के प्रथम संपादकीय (लीड एडिटोरियल) 'डिस्कवालीफाइड' के जवाब में लिखा है। संपादकीय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को सूरत न्यायालय द्वारा सुनाई गई सजा के बाद रद्द की गई उनकी संसद की सदस्यता के विषय में था। अखबार की राय में राहुल गांधी पर तुरत-फुरत कार्रवाई प्रतिशोध की राजनीति का एक और नमूना है। अखबार ने यह भी कहा है कि यह कार्रवाई लोकतंत्र के लिए एक और बुरा संकेत है। और यह भी कि सरकार का प्रचार माध्यमों और भाषणों में लोकतंत्र का गुणगान अंदर के खोखलेपन को ढांपने के लिए है। संपादकीय से असहमत राजीव लोचन का सुझाव है कि संपादकीय का बेहतर शीर्षक 'डिजर्व्ड्ली डिस्कवालीफाइड' होता। यानि कटघरे में सरकार को नहीं, राहुल गांधी को किया जाना चाहिए था।

संपादकीय से असहमति दर्ज करते हुए लेखक ने राजनीति, न्याय-प्रणाली और सभ्य समाज के बारे में कुछ ऐसी मान्यताएं परोस दी हैं, जिन पर आश्चर्य ही किया जा सकता है। आगे बढ़ने से पहले मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि एक नागरिक के नाते संविधान की कसौटी पर और एक राजनीतिक कार्यकर्ता के नाते समाजवादी विचारधारा की कसौटी पर मैं राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल की राजनीति का विरोधी हूं। बल्कि मैं केजरीवाल को राजनीतिक व्यक्ति ही नहीं मानता हूं। मैं राहुल गांधी और केजरीवाल को एक साथ नत्थी करने, जैसा कि राजीव लोचन ने किया है, का भी कोई आधार नहीं देखता। मेरी राजनीतिक मान्यता है कि आरएसएस/भाजपा, कांग्रेस और सत्ता के खेल में संलग्न ज्यादातर पार्टियों का संलाक्षणिक घराना (सिमिओलाजिकल यूनीवर्स) एक ही है। यह घराना कारपोरेट-कम्यूनल-क्रिमिनैलिटी के गठजोड़ से बनता है। भले ही पार्टियों और नेताओं के बीच कमोबेशी का अंतर रहता हो।

राजीव लोचन का अपने लेख में कहना है, ह्वयह लगता है कि अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी जान-बूझकर झूठ का आधार लेकर लोगों पर उनके सम्मान और गरिमा को चोट पहुंचाने की नीयत से खास तरह के आरोप लगाते हैं ह्व लेख राहुल गांधी के बारे में है। संपादकीय भी राहुल गांधी की सजा और उससे जनित अयोग्यता के सवाल को लेकर लिखा गया था। लेकिन राजीव लोचन ने अपने लेख के उत्तर भाग में अरविंद केजरीवाल को शामिल कर लिया है, ताकि ऐसा न लगे कि ह्वजान-बूझकरह्व झूठ बोलने वाले राहुल गांधी को अकेले निशाना बनाया गया है। लेखक आगे कहता है कि देश में कोई अन्य नेता ऐसा नहीं करता; कम से कम वे किसी ऐसे नेता को नहीं जानते। लेखक की इस मान्यता के मुताबिक देश की बाकी राजनीति और नेताओं को दूध के धुले मान लिया जाना चाहिए। भारत की मौजूदा राजनीति के पतन से विषाद-ग्रस्त लोगों के लिए लेखक ने यह बड़ी खुशखबरी दी है!

यह सब कहने के पहले वे लेख में यह भी कह चुके हैं कि भारत में नेताओं के भाषणों में आरोप-प्रत्यारोप आम बात रही है। उनके श्रोता इसका लुत्फ उठाते हैं। ह्ववाइल्ड टीवी न्यूज चैनल्सह्व के जमाने में ना-ना करते हुए लोगों का यह लुत्फ पराकाष्ठा पर पहुंच जाता है। मतलब यह कि राहुल गांधी आरोप-प्रत्यारोपों के 'निर्दोष चलन' का फायदा उठा कर लोगों के सम्मान और गरिमा को नीचा गिराने का समझा-बूझा 'अपराध' करते हैं। ऐसे 'अहंकारी' व्यक्ति को न्यायालय ने सजा देकर और सरकार ने संसद की सदस्यता से बेदखल करके सही काम किया है। कहना न होगा कि राहुल गांधी के बारे में यह आरएसएस/भाजपा की लाइन है।

राजीव लोचन शायद नरेंद्र मोदी को नेता नहीं, बहुत से लोगों की तरह मसीहा मानते हैं। लिहाजा, मोदी दूसरों के बारे में जो कहते हैं, लेखक के लिए वह सब सवाल से परे है। वरना क्या लेखक ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण नहीं सुने हैं? दिवंगत एवं जीवित व्यक्तियों अथवा समुदायों के बारे में उनके वक्तव्यों का पिटारा न खोल कर केवल दो बातों का उल्लेख करें। एक, 'पिछले 65 सालों में कुछ नहीं हुआ', यह बार-बार कह कर बार-बार स्वतंत्र भारत की उपलब्धियों को लांछित किया गया है। और जिन नागरिकों ने निष्ठा और दयानतदारी से राष्ट्र-निर्माण की दिशा में अपना काम किया उन्हें अपमानित। दो, 'अब से पहले भारत में जन्म लेना शर्म की बात मानी जाती थी', विदेशों में जाकर ऐसा कहना जननी-जन्मभूमि के सम्मान और गरिमा पर सीधी चोट है। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के साथ शुरू हुआ प्रचार कि 'देश को वास्तव में आजादी अब मिली है', अभी तक थमा नहीं है। भले ही इससे देश की स्वतंत्रता के लंबे संघर्ष के दौरान कुर्बानियां देने वाले अनगिनत भारतीयों का अपमान होता है।

**मोदी दूसरों के बारे में जो कहते हैं, लेखक के लिए वह सब सवाल से परे है। वरना क्या लेखक ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण नहीं सुने हैं? दिवंगत एवं जीवित व्यक्तियों अथवा समुदायों के बारे में उनके वक्तव्यों का पिटारा न खोल कर केवल दो बातों का उल्लेख करें। एक, 'पिछले 65 सालों में कुछ नहीं हुआ', यह बार-बार कह कर बार-बार स्वतंत्र भारत की उपलब्धियों को लांछित किया गया है। और जिन नागरिकों ने निष्ठा और दयानतदारी से राष्ट्र-निर्माण की दिशा में अपना काम किया उन्हें अपमानित। दो, 'अब से पहले भारत में जन्म लेना शर्म की बात मानी जाती थी', विदेशों में जाकर ऐसा कहना जननी-जन्मभूमि के सम्मान और गरिमा पर सीधी चोट है। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के साथ शुरू हुआ प्रचार कि 'देश को वास्तव में आजादी अब मिली है', अभी तक थमा नहीं है।**

यह अच्छी बात है कि लेखक को देश की न्याय-प्रणाली पर, उसके फैसलों की 'रहस्यमयता' के बावजूद, पूरा विश्वास है। उसकी मान्यता है कि न्यायालय के फैसले को नहीं मानना न्याय के उस ताने-बाने को कमजोर करना है, जिसके चलते समाज में सिविलिटी कायम रहती है। लेखक की चेतावनी है कि न्यायालय का फैसला नहीं मानने की स्थिति में 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' के खुले खेल के लिए दरवाजे खुल जाएंगे। क्या लेखक को सचमुच पता नहीं है कि समाज में सिविलिटी कब की 'फ्री फॉर ऑल' का शिकार हो चुकी है! क्या वह इस सच्चाई से सचमुच अनभिज्ञ है कि समाज से सिविलिटी का सफाया करने में जुटे तत्व कौन से हैं!

ध्यान दिया जा सकता है कि सिविलिटी पर होने वाले लगातार हमलों के लिए आरएसएस/भाजपा के समर्थक भले लोग गौण तत्वों (फ्रिन्ज एलिमेंट्स) को जिम्मेदार ठहरा कर तसल्ली पा लेते हैं। वे मान लेते हैं कि गौण तत्वों से सिविलिटी को वास्तविक खतरा नहीं है। लेख में सिविलिटी पर हमले के प्रति चिंता जताने वाले राजीव लोचन भी यही मानते प्रतीत होते हैं। राहुल गांधी को सिविलिटी का एकमात्र खलनायक सिद्ध करके क्या वे यह भी सिद्ध करना चाहते हैं कि 'गौण तत्वों' के तार भी आरएसएस/भाजपा से नहीं, राहुल गांधी से जुड़े हैं!

यह अफसोस की बात है कि इतिहास और राजनीति-शास्त्र के विद्वान भी अक्सर गंभीर समझदारी नहीं दिखा पाते। समाचारों के नाम पर दिन-रात उत्तेजना परोसने वाले चैनलों ने ही राजनीतिक विमर्श के स्तर को नहीं गिराया है; इस विषय में विद्वान भी अपनी भूमिका का समुचित निर्वाह नहीं कर रहे हैं। राजीव लोचन का यह लेख उसी चिंताजनक परिघटना की एक बानगी है।

**(समाजवादी आंदोलन से जुड़े लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व शिक्षक और भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के पूर्व फेलो हैं, संपर्क. 8826275067)**

# अख़्तर पयामी: तुम मेरे पांव में जंजीर पहना सकते हो

## स्मरण

**जाहिद खान**



अखतर पयामी इस बर्रे सगीर के बड़े सहाफी, अजीम दानिश्वर और अवामी शायर थे। जिनकी पैदाइश तो हिंदुस्तान में हुई, लेकिन वफात पाकिस्तान में। वहीं पूर्वी पाकिस्तान जो कि अब बांग्लादेश है, में उन्होंने बरसों-बरस सहाफत की। शेख मुजीबुर्रहमान से उनके गहरे दोस्ताना ताल्लुकात थे। लेकिन जब पाकिस्तान से बांग्लादेश अलग हुआ, तो वे पाकिस्तान चले गए। उसके बाद वे अपनी जिंदगी के आखिरी वक़्त तक कराची में ही रहे। अखतर पयामी एक बेजोड़ नज्म निगार थे। अपने जमाने में उन्होंने खूब इंकलाबी नज्में लिखीं। मशहूर अफसाना निगार, कॉलमनिस्ट जाहिदा हिना ने उनके बारे में एक दफा कहा था, ''गया की मिट्टी में लाखों लोग उठे हैं, लेकिन उनमें से कुछ ऐसे भी हुए हैं जिनके खमीर में इस महान इंसान (महात्मा बुद्ध) के कदमों की चुटकी भर धूल शामिल हो गई और उन्हें कुछ से कुछ कर गई। अखतर पयामी राजगीर में जन्म लेने वाले ऐसे ही इंसान थे। उनके खमीर में इस चुटकी भर धूल ने जो काम कर दिखाया, यह इसी का एजाज है कि वो कभी तंग-नजरी का शिकार नहीं रहे। मुहब्बत, भाईचारा और खुलूस के जज्बे ने हमेशा उनकी रहनुमाई की।'' जाहिदा हिना की यह बात सोलह आना सही भी है। अखतर पयामी अपने लेखन से इस पूरे हिंद उपमहाद्वीप में मुहब्बत और भाईचारे की गंगा-जमुना बहाते रहे। ''तन्हाइयों के कोह-ए-गिरां से उतर के हम/आबादियों में शे'र सुनाने को आए हैं/ऐलान कर दो कूचा-ए-रुखसार-ए-यार में/हम खुश्बुओं के नाज उठाने को आए हैं।'' (नज्म-'शहर-ए-वफा')


अखतर पयामी की पैदाइश 1 फरवरी, 1930 को बिहार में नालंदा जिले के नोनही गांव में हुई। उनकी स्कूली तालीम गया में पूरी हुई। पढ़ने-लिखने का शौक उन्हें बचपन से ही था। उनके परदादा बहार हुसैनाबादी अपने दौर के बड़े शायर थे। जिसका असर उनके खून में ही था। चौहदह साल की उम्र से ही अखतर पयामी की नज्में और अफसाने अपने दौर के अहम उर्दू अखबार और मैगजीन 'सबेरा', 'अदब-ए-लतीफ', 'नदीम' और 'नुकुश' वगैरह में नुमायां तौर पर शाया होने लगे थे। अपनी तहरीरी और तकरीरी सलाहियत के दम पर उन्होंने बहुत जल्द ही उत्तर भारत में अपनी एक अलग पहचान बना ली। वे अठारह साल के भी पूरे नहीं हुए थे, जब उन्होंने कोलकाता से प्रकाशित उर्दू हफ़्तावार मैगजीन 'नई मंजिल' का संपादन किया। वाजेह हो कि यह मैगजीन वामपंथी खयालात और अवामी अदब की नुमाइंदगी करती थी। अखतर पयामी के परिवार वाले उन्हें डॉक्टर बनाना चाहते थे। इसी इरादे से उन्हें भागलपुर टीएनबी कालेज में दाखिल कराया गया। लेकिन पयामी की साइंस में कोई दिलचस्पी नहीं थी। अलबत्ता अदब और सहाफत की जानिब जरूर जुनून की हद तक मुहब्बत थी। यह वह दौर था, जब देश में आजादी की तहरीक जोरों पर थी और अदब में भी बाएं बाजू की तहरीक परवान चढ़ रही थी। सभी बड़े अदीब तरक़्क़ीपसंद तहरीक के जेर–ए–असर थे। जाहिर है कि अखतर पयामी भी इस तहरीक से जुड़ गए। अली सरदार जाफरी, परवेज शहादी, कलाम हैदरी, अनवर अजीम, मंजर शहाब, वामिक जौनपुरी की दोस्ती और सोहबत से उनका तरक़्क़ीपसंद अदब में रुझान बढ़ता चला गया। आगे चलकर, पयामी रांची आ गए। जहां उन्होंने अपना ग्रेजुएशन पूरा किया। इस बीच, उनकी सियासी सरगर्मियां और बढ़ गईं।

बिहार में कम्युनिस्ट पार्टी का जो गठन हुआ, अखतर पयामी उसके बानियों में से एक थे। कॉमरेड हबीबउर्रहमान, कॉमरेड अली अमजद, कॉमरेड अली अशरफ, कॉमरेड अनवर अजीम ये सब उनके साथी थे। आजादी के बाद भी अखतर पयामी कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े रहे। वे पटना विश्वविद्यालय से एमए कर रहे थे कि कुछ ऐसे हालात बने कि उन्हें पाकिस्तान जाना पड़ा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पर बैन लगने और पार्टी लीडरों की धरपकड़ की वजह से अखतर पयामी कुछ दिन अंडरग्राउंड रहे और उसके बाद अपने कुछ कम्युनिस्ट साथियों के साथ पाकिस्तान चले गए। पाकिस्तान जाने का एक बड़ा मकसद ये भी था कि पार्टी वहां अपना आंदोलन खड़ा करना चाहती थी। इन लीडरों की सोच थी कि यदि वहां काम नहीं किया गया, तो वहां सियासत में दक्षिणपंथी ताकतें हावी हो जाएंगी। जो कि भारत और पाक दोनों के लिए नुक्सानदायक होगा। यही नहीं उन्हें यह उम्मीद भी थी कि जब हालात साजगार हो जाएंगे, तो वे वापस भारत आ जाएंगे। लेकिन अफसोस, उनके ये ख़्वाब पूरे नहीं हुए।

अखतर पयामी का पाकिस्तान में जहां कयाम रहा, वह पूर्वी पाकिस्तान था। अपनी ज़िंदगी की गुजर बसर के लिए उन्होंने सहाफत का पेशा चुना। वे ढाका के बड़े अंग्रेजी अखबार 'मार्निंग न्यूज' से जुड़ गए। कुछ दिनों उन्होंने पाकिस्तान रेडियो में भी काम किया। इन मसरूफियत के दरमियान उन्होंने अदब से कभी नाता नहीं तोड़ा। अपने मिजाज के मुताबिक इंकलाबी नज्में लिखते रहे। पाकिस्तान की कम्युनिस्ट पार्टी से उनका जुड़ाव रहा। पत्रकारिता की जिम्मेदारियां बढ़ीं, तो अखतर पयामी की अदबी तख़्लीक कम हो गई। इधर पाकिस्तान की सियासत पर फौजी हुकूमत के इकि्तदार ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उदारवादी और वामपंथी खयाल के लोग हाशिये पर चले गए। जम्हूरियत खतरे में पड़ गई। खास तौर से पूर्वी पाकिस्तान में सियासत तेजी से बदल रही थी। साल 1971 में पाकिस्तान से टूटकर बांग्लादेश आजाद हुआ। गैर जम्हूरी ताकतों से जिंदगी की आखिरी जंग लड़ने के हौसलों के साथ अखतर पयामी ने कराची का रुख कर लिया। पहले 'मार्निंग न्यूज' और उसके बाद वे मशहूर अंग्रेजी अखबार 'डॉन' से जुड़ गए। अखतर पयामी पाकिस्तान में जरूर रहे, मगर अपने मादरी वतन हिंदोस्तान को कभी नहीं भूले। वह हमेशा उनकी यादों में रहा। खास तौर पर मुकद्दस दरिया गंगा से उनका गहरा लगाव था। नज्म 'गंग-व-जमन' में उनकी कैफियत है, ''यक-ब-यक रात की खामोशी में/जुल्मतों की नकाब ओढ़े हुए/रूह-ए-गंग-व-जमन चली आई ।'' अफसाना निगार सुहैल अजीमाबादी, अखतर पयामी के गहरे दोस्त थे। उनका कहना था,आपसी खतों और बातचीत में अक्सर वे भारत को याद करते रहते थे। अखतर पयामी की कई नज्मों में वतन की याद शामिल है, ''तुझे कुछ इसकी खबर भी है ऐ निगार-ए-वतन/तेरे लिए कोई सीना फिगार है अब भी ।'' (नज्म-'ऐ निगार-ए-वतन')

**वे ढाका के बड़े अंग्रेजी अखबार 'मार्निंग न्यूज' से जुड़ गए। कुछ दिनों उन्होंने पाकिस्तान रेडियो में भी काम किया। इन मसरूफियत के दरमियान उन्होंने अदब से कभी नाता नहीं तोड़ा। अपने मिजाज के मुताबिक इंकलाबी नज्में लिखते रहे। पाकिस्तान की कम्युनिस्ट पार्टी से उनका जुड़ाव रहा। पत्रकारिता की जिम्मेदारियां बढ़ीं, तो अखतर पयामी की अदबी तख़्लीक कम हो गई। इधर पाकिस्तान की सियासत पर फौजी हुकूमत के इकि्तदार ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उदारवादी और वामपंथी खयाल के लोग हाशिये पर चले गए।**

अखतर पयामी अपनी शायरी की इब्तिदा से ही तरक़्क़ीपसंद तहरीक से बावस्ता रहे। उनके कलाम का अगर बारीकी से मुताला करें, तो तरक़्क़ीपसंद तहरीक का पूरा दौर जीता-जागता महसूस होता है। उन्होंने अदब को हमेशा बेहतर इंसानी जिंदगी की जद्दोजहद के लिए एक जमालियाती और तहजीबी वसीला समझा। मिसाल के तौर पर नज्म 'हम लोग' में वे ऐलानिया तौर पर ये कहते हैं, ''मौजा-ए-नूर हैं, जुल्मत में रवां हैं हम लोग/कितने अनजान सफीनों की जबां हैं हम लोग।'' (नज्म-'हम लोग') अखतर पयामी ने कम लिखा, मगर मानीखेज़ लिखा। उनकी गजलें हो या फिर नज्में उनमें तरक़्क़ीपसंद रुझान वाजेह तौर पर नजर आते हैं। सच को सच और गलत को गलत कहने की सलाहियत उनमें औरों से कहीं ज्यादा थी। सच बात को कहने से वे कभी नहीं हिचकिचाए। उनके दौर-दौरां में पाकिस्तान के अंदर ज्यादातर समय फौजी हुकूमत रही। फौजी हुकूमत के दरमियान लोकतांत्रिक अधिकार स्थगित हो जाते हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर पहरे लग जाते हैं। यही वह दौर होता है, जिसमें एक सच्चे अदीब-फनकार की शिनाख़्त होती है। ऐसे माहौल में भी अखतर पयामी सत्ता के खिलाफ खम ठोककर खड़े रहे। उनकी नज्मों ने हुक़्मरानों से ललकार कर कहा, ''तुम मेरे पांव में जंजीर पहना सकते हो/तुम मेरी फिक्र की परवाज कहां रोकोगे।'' (नज्म-'मुजरिम') 'मेरा सफर तवील है',



अखतर पयामी का अदबी शाहकार है। यह तवील नज्म उन्होंने बीसवीं सदी के पांचवे दशक में लिखी थी। जिस समय पयामी ने ये नज्म लिखी, तब उनकी उम्र महज अठारह-उन्नीस साल ही थी। उस वक्त ये नज्म जब रेडियो से प्रसारित हुई, तो अखतर उरैनवी और जमील मजहरी जैसे बड़े फनकारों ने इसे उर्दू की मौनुमेंटल रचना बतलाते हुए तस्लीम किया कि विषय-वस्तु और शिल्प के लिहाज से उर्दू में ऐसी कामयाब नज्में नहीं के बराबर है। तंकीद निगार अखतर पयामी की इस नज्म को अली सरदार जाफरी की नज्म 'नई दुनिया को सलाम' और साहिर लुधियानवी की 'परछाइयां' सफ में रखते हैं। बहरहाल, इस लंबी नज्म के इख्तिताम में आदम और हव्वा दोनों कहते हैं, ''अगर ये है जहाने तू, तो ऐ खुद्रा-ए-दो जहां/हम इस जमीं पे अपनी फिक्र.के दीये जलाएंगे।''

साल 1996 में अखतर पयामी की पहली किताब 'तारीख' प्रकाशित हुई। साल 1999 में उर्दू मरकज अजीमाबाद से उनकी नज्मों का दूसरी किताब 'कलस' और साल 2004 में कराची से किताब 'आईनाखाने' प्रकाशित हुई। साल 2015 में राजकमल प्रकाशन से प्रकाशित किताब 'मेरा सफर तवील है' में अखतर पयामी की चुनिंदा नज्में संकलित हैं। जिसका संपादन जाबिर हुसेन ने किया है। किताब में उनकी दीगर नज्मों के अलावा दस्तावेजी ड्रामाई नज्म 'तारीख' भी शामिल है। शायरी के अलावा अखतर पयामी ने अखबारों में कॉलम लिखे। यही नहीं पार्टिशन के तजरबात पर भी उन्होंने एक लंबा आर्टिकल लिखा, जो काफी चर्चा में रहा। अखतर पयामी जब तलक ज़िंदा रहे, हिंद-पाक रिश्तों की बेहतरी के लिए कोशां रहे। इसके लिए उन्होंने जी-जान से कोशिशें कीं। साल 2003 में वे आखिरी बार हिंदुस्तान आए। इस यात्रा में वे अपने जन्मस्थान 'गया' जाना नहीं भूले। अपने वतन से वे कितनी मुहब्बत करते थे,उसे एक कतआत में ढालते हुए उन्होंने कहा,''किस्सा-ए-काकुल-व-रुखसार लिये आया हूं/इश्क की गर्मी-ए-बाजार लिये आया हूं/मुझको सीने से लगा ले मेरे महबूब वतन/अपना टूटा हुआ पिंदार लिये आया हूं।'' अपनी इस यात्रा में भी उन्होंने लोगों को जोड़ने का काम किया। उनको अमन और भाईचारे का पैगाम दिया। 8 अप्रैल, 2013 को, कराची में अखतर पयामी का निधन हो गया।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944)**

## व्यंग्य

# दो यक्ष प्रश्न



**तीरथ सिंह खरबंदा**

गोपी शादी के लिए ओव्हर-ड्यू हो चला था। ऐसा नहीं था कि कहीं भी उसके रिश्ते की बात न चली हो। बात तो कई जगह चलती पर कहीं भी वह जमती न थी। शादी के लिए वह जब भी किसी लड़की को देखने जाता तब वह अपने साथ अपने खास मित्र को ले जाना कभी न भूलता।

उसके सामने हर जगह दो यक्ष प्रश्न अक्सर आ खड़े होते। पहला प्रश्न होता -लड़का कहाँ तक पढ़ा है ? जो भी प्रश्न गोपी से पूछे जाते, उनका उत्तर बजाए गोपी के उसका खास दोस्त ही देता। कहते हैं कि वैसे तो गोपी बहुत बोलता था किन्तु जब भी कोई प्रश्न पूछता वह अपने मुंह में दही जमाकर बैठ जाता। तब उसका दोस्त तुरंत उत्तर देता झ जी इसने एम.ए.पास किया है। अब यदि उससे आगे कोई यह प्रश्न कर बैठता कि कौन से कॉलेज से पास किया है ? तब दोनों इधर-उधर ऐसे देखने लगते जैसे कि उन्हें आसपास की दीवार पर कहीं लिखा हुआ उसका उत्तर मिल जाएगा।

ऐसे में वे चुप रहकर उस प्रश्न को टालने की भरसक कोशिश करते। लड़की वाले समझ जाते कि दाल में जरूर कुछ काला है, वे फिर उस प्रश्न को न दोहराते।

जब वे दोनों किसी एक अन्य नए प्रस्ताव के साथ कहीं पहुंचे तो वे पूछ बैठे - कौन से विषय में एम.ए. किया है ? वे दोनों तब उस अप्रत्याशित प्रश्न को सुन बगलें झाँकने लगे। ऐसे में उनका दोस्त रुष्ट होकर अत्यंत तल्खी के साथ बोला आप लोग कुछ ज्यादा ही पूछताछ कर रहे हैं ! क्या आपको हमारी बातों पर भरोसा नहीं है ? फिर उसके दोस्त को जो भी विषय तत्काल सूझा, बगैर सोचे समझे वही बताकर, वहाँ से अपना पीछा छुड़ा धीरे से खिसक आए।

अक्सर हर जगह उनसे अगला प्रश्न होता कि आप काम क्या करते हैं ? तब भी उसका दोस्त तुरंत जवाब देता और कहता - वैसे तो इनके बहुत से काम हैं किन्तु इनका मुख्य काम इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट का है, इसीलिए आए दिन इनके विदेश दौरे होते रहते हैं।

उनके हाव-भाव, बोल-चाल से लड़की वालों को यह अनुमान लगाने में जरा भी कठिनाई न होती कि उनकी बातों में कितनी सच्चाई है ! किन्तु वे सबकुछ जानकर भी अंजान बने रहते। वे कहते कि झ हमें कुछ समय चाहिए। हम सोच-विचार कर कुछ दिन में आपको जवाब देंगे और फिर वह दिन कभी न आता।

कहते हैं कि घूरे के भी दिन फिरते हैं, एक दिन गोपी का भाग्य भी अचानक जाग उठा, जब एक लड़की वालों ने उनके पूछे गए प्रश्नों के जैसे भी, जिसने भी उत्तर दिए उन पर आँख बंद कर भरोसा कर लिया तथा भगवान का नाम लेकर अपनी लड़की का हाथ गोपी के हाथ में देने का पक्का वचन दे दिया।

लड़की ऐसी भली थी जैसे कि कोई गाय। कभी किसी ने उसे ऊंची आवाज में बोलते नहीं सुना था, सभी उसकी प्रशंसा करते नहीं थकते थे। लोग कहते कि गोपी के तो जैसे भाग्य खुल गए हैं किन्तु कोई भी उस गाय के भाग्य के बारे में न तो कुछ सोचता और न ही कुछ कहता।

विवाह वाले दिन एन वक्त पर उस गाय के मन में पता नहीं क्या आया कि वह जिद्द कर बैठी कि लड़के की एम.ए. की डिग्री देखने के पश्चात ही वह विवाह मंडप में बैठेगी। घर के बड़े बुजुर्गों ने मौके की नजाकत को देखकर उसे समझाने की बहुत कोशिश की झ और कहा कि इस वक्त ऐसी जिद्द करना ठीक नहीं है। यदि लड़के वाले बुरा मान गए तो बारात लौट सकती है और फिर तुम्हारी शादी भी खटाई में पड़ जाएगी। किन्तु उस दिन उस गाय में पता नहीं कहाँ से ऐसी शक्ति आई कि वह अपनी बात से टस से मस होने को तैयार न हुई। एक बार जो अपनी बात पर अड़ी तो फिर अंत तक अड़ी ही रही।

तब नव दूल्हे गोपी के खास दोस्त ने अपना पूरा वाक्चातुर्य दिखाया और हर तरह से घुमा-फिराकर उस लड़की को समझाने की बहुत कोशिश की किन्तु अंततः वह सब व्यर्थ गया। और फिर जिसका डर था वही बात हो गई, बड़ी मुश्किल से पाँच साल बाद दरवाजे तक पहुंची गोपी की बारात बगैर दुल्हन के वापस लौट आई।

वहाँ ठीक कुछ ऐसा घटित हुआ जैसे पाँच साल में निकले चुनाव के शुभ मुहूर्त में सत्ता रूपी दुल्हन को ब्याहने द्वार तक पहुंची किसी गोपी की बारात को गाय समान जनता ने हिम्मत दिखाकर बैरंग लौटा दिया हो।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# विंध्याचल मंदिर की शुद्धि के लिए गंगाजल से हुई धुलाई

जनसंदेश न्यूज

**परंपरा**

गंगा घाट से मंदिर तक लगा घट और गगरा लिए भक्तों का ताता

दुष्ट आत्माओं को भगाने के लिए चली आ रही परम्परा



घटाभिषेक के लिए गंगा जल लाते भक्त

**मीरजापुर।** नवरात्रि मेले के बाद माता विंध्यवासिनी के धाम की शुक्रवार को गंगाजल से धुलाई की गई। वैशाख माह कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गंगाजल से मंदिर को धोने की परम्परा चली आ रही है। विंध्य पंडा समाज के साथ ही क्षेत्रवासी आज के ही दिन माता का वार्षिक पूजन और निकासी करते हैं। नवरात्र मेला के दौरान आने वाले विभिन्न समाज के लाखों भक्त माता की कृपा पाने के लिए पूजन अर्चन करते हैं। जबकि तमाम साधक सिद्धि पाने के लिए तंत्र मन्त्र की साधना कर भूत प्रेत, योगिनी एवं यक्षिणी का आहवान करते हैं।

जिन्हें माता के धाम से विदा करने के लिए गंगाजल से धुलाई की जाती हैं। विन्ध्याचल धाम के शुद्धिकरण परम्परा में तीर्थ पुरोहित भाजपा विधायक रत्नाकर मिश्र ने भक्तों के साथ गंगा जल से धाम की धुलाई की। मान्यता है कि गंगाजल से मंदिर का शुद्धिकरण करने से भूत, प्रेत लंकिनी - डंकिनी, योगिनी व दुष्ट आत्माओं से मुक्ति मिलती है। हजारों की तादात में भक्त गंगा स्नान कर पवित्र जल को घड़े में भर कर मंदिर की धुलाई कर धाम में विराजमान सभी देवी देवताओं का घटाभिषेक किया।

आदिशक्ति माता विंध्यवासिनी के धाम में तंत्र - मन्त्र के साधक आकर साधना में लीन होकर माता रानी की कृपा पाते है। धाम में किये गये तंत्र मन्त्र की क्रिया के बाद वैशाख माह कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा को मंदिर से जीविकोपार्जन करने वाले पण्डा, नाई व धईकार समाज के साथ ही स्थानीय नागरिक और भक्तगण मिलकर मंदिर की गंगाजल से धुलाई करते है। ताकि दुष्ट आत्माओं से समाज को मुक्ति मिले। चहुंओर खुशहाली रहे।

नवरात्रि मेला खत्म होने के बाद विन्ध्याचल धाम की गंगा जल से धुलाई करते है। अनादि काल से चली आ रही परम्परा के तहत भक्त घड़ा की पूजा करने के बाद गंगा स्नान करते है। इसके बाद घड़े को गंगा जल से भरकर माता के धाम की सफाई करते है। माता के धाम में आस्था से विभोर भक्तों का घड़ा के साथ ताँता लग जाता है। श्रीविन्ध्य पंडा समाज के पूर्व अध्यक्ष राजन पाठक ने बताया कि माता विंध्यवासिनी के धाम में अभिषेक में शामिल होने वाले भक्त सेवा कर शांति महसूस करते है। माता के मंदिर में धुलाई व निकासी से इलाके के लोग खुश रहते है।

## बांस की कोट में लगी आग

**लालगंज।** स्थानीय विकासखंड के सामने स्थित हनुमान मंदिर के पीछे अज्ञात स्थिति में बांस के कोठी में आग लग गई। आग लगने के बाद अगल बगल के लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों के प्रयास से आग बुझाते बुझाते बांस की आधी कोट जलकर नष्ट हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया फायर ब्रिगेड के पहुंचते-पहुंचते ग्रामीणों ने आग को काफी हद तकबुझा लिया गया था। शेष बचे आग को फायर ब्रिगेड ने बुझाया। हनुमान मंदिर के पीछे शुक्रवार शाम मंदिर के पीछे मंदिर का ही बांस का कोट स्थित है। बताया गया कि मंदिर पर गजेडियों का जमावड़ा होता है। गजेडियों के ही द्वारा गांजा पीकर फेंक दिया गया। जिससे वहां पर आग लग गई। आग लगते ही आग विकराल रूप रूप ले लिया अगल-बगल के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई फायर ब्रिगेड पहुंचते-पहुंचते ग्रामीणों ने अथक प्रयास से आग को बुझाने में काफी हद तक सफल हो चुके थे। जो कुछ बचा था वह फायर ब्रिगेड ने बुझाया। हालांकि बांस की आधी कोट जलकर नष्ट हो गई अगल बगल किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ।

# शिक्षा के नाम पर मनमानी फीस वसूली से भड़का अभाविप

**रोष**

मनमाने प्रवेश शुल्क की हो रही है वसूली : जिला संयोजक

डीआईओएस को सौंपा पांच सूत्री पत्रक

जनसंदेश न्यूज



डीआईओएस को ज्ञापन देते अभाविप

**मीरजापुर।** जिले में विद्यालयों द्वारा मनमानी फीस एवं प्रवेश शुल्क समेत 5 सूत्री मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक को 5 सूत्रीय पत्रक सौंपा। पत्रक में कहा गया है कि राइट टू एजुकेशन का जिले में मखौल उड़ाया जा रहा है।


कोचिंग के नाम पर कायदे कानून को परे ढकेल कर लूट मची है। जिस पर 15 दिन में ठोस कार्रवाई न किए जाने पर वृहद आंदोलन की चेतावनी दी गई है। मांग पत्र पर अधिकारी ने कारवाई का भरोसा दिया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला इकाई संयोजक अतुल गुप्ता ने कहा कि अभाविप अपने स्थापना काल से ही छात्र एवं समाज के हित के लिए कार्य करता चला आ रहा है। जिले के तमाम विद्यालयों में प्रवेश शुल्क के नाम पर धन वसूली की जा रही है। जिले में इस समय अवैध कोचिंग बेरोकटोक संचालित है। जिनका रजिस्ट्रेशन मानक पूरा नहीं है। प्रवेश शुल्क के नाम पर वसूली करने वाले विद्यालयों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए। अवैध कोचिंग सेंटरों को जल्द से जल्द बंद करवाया जाए। विद्यालयों में साफ सफाई, कीटनाशक दवा का छिड़काव के साथ ही छात्रों के लिए हेल्थ कैंप एवं व्यवस्थित शौचालय की व्यवस्था किया जाय। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत वंचित एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का किसी भी विद्यालय द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है। इस पर जल्द से जल्द कार्यवाही किया जाए। परिषद् के कार्यकर्ताओं ने मांगों को 15 दिन के अंदर पूरा नहीं किए जाने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

प्रदर्शन करने वालों में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रांशू साहू, नगर मंत्री शुभम यादव, अंकित तिवारी, श्रेयांश सिंह, जिला संगठन मंत्री सागर, दिव्यांश अवस्थी, आयुष त्रिपाठी, रवि सेठ एवं अभय गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

## मृतका के पिता ने दहेज का मुकदमा कराया दर्ज

जनसंदेश न्यूज



**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दुबार चौकी अंतर्गत तेंदूहनी गांव निवासिनी कलावती देवी उम्र 28 वर्ष ने गुरूवार की रात अपने कच्चे मकान में बड़ेर के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। उसके 3 वर्ष के बच्चे की रोने की आवाज सुनकर परिजनों ने दरवाजे के पास जाकर लगायी अंदर से दरवाजा बंद था।

किसी तरह अंदर झांककर देखा तो कलावती घर के अंदर फंदे पर लटकी हुई थी। परिजनों द्वारा दुबार कला चौकी पुलिस को सूचना दिया गया। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका का मायका हलिया थाना क्षेत्र के सगरा गांव में बताया गया। बताया गया कि 6 वर्ष पूर्व मृतका की शादी रामदुलार के लड़के राजेश के साथ हुई थी। राजेश इस समय मुंबई कमाने गया है। मृतका के पिता द्वारा सास, देवर, जेठ व जेठानी समेत 5 लोगों के विरुद्ध दहेज प्रथा का मुकदमा दर्ज कराया गया है। थानाध्यक्ष ज्ञानू प्रिया ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

# एनएसए अजीत डोभाल ने किया मां विंध्यवासिनी का दर्शन



दर्शन करने पहुंचे अजीत डोभाल

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अपनी पत्नी अनु डोभाल के साथ मां विंध्यवासिनी का विधिवत मंत्रोच्चार सहित चरण पूजन किया। शुक्रवार की अपराह्न करीब चार बजे वाराणसी से सड़क मार्ग द्वारा मां विंध्यवासिनी दरबार पहुंचे डोभाल ने पुरानी व्हीआईपी पर मंदिर के नीचे अपने ऊपर धारण काला कोट उतार कर मंदिर में प्रवेश किया। विधि विधान से दर्शन पूजन करने के पश्चात जिलाधिकारी से लगभग एक मिनट तक कुछ आवश्यक बातचीत की। बातचीत के बीच कोरिडोर निर्माण की तारीफ करते भी सुनाई दिए। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल उनको तन्मयता के साथ कोरिडोर तथा अन्य अपेक्षित जानकारियां देती नजर आई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र, अपर जिलाधिकारी शिवप्रताप शुक्ला, पुलिस अधीक्षक नगर श्रीकान्त प्रजापति, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर परमानंद कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी सदर शैलेश त्रिपाठी, एसडीएम सिद्धार्थ यादव इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## खंडहर में तब्दील शवदाहगृह ग्रामीणों में आक्रोश

**कलवारी।** विकासखंड पटेहरा के ग्राम सभा गोपालपुर स्थित शवदाहगृह खंडहर में तब्दील हो गया है। लाखों की लागत से बना शवदाह गृह बदहाली का दंश झेल झेल रहा है। सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं पर ग्रहण लग चुका है। ग्राम पंचायत की योजनाओं में लगी लागत का बंदरबांट किया जा रहा है। जिससे ग्राम पंचायत में कराए गए कार्य मानक पर खरे नहीं उतरते हैं। शवदाह गृह मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित है। अंत्येष्टि स्थल पर आने वाले परिजनों को पानी के लिए भटकना पड़ता है। वही रात में दाह संस्कार करने आने वाले परिजनों को अंधेरा होने से दिक्कतें होती हैं। ग्रामीण क्षेत्र ना होने के नाते असमर्थ परिजन शव का अंतिम संस्कार शवदाह गृह पर करते हैं, लेकिन शवदाह गृह खुद मुखाग्नि के इंतजार में है तो शव का दाह संस्कार कैसे हो ग्रामीण रमेश, साजन, अखिलेश, अनिल, रिंकू अजीत, पंकज मुन्नी, अखिलेश अन्य जल्द से जल्द शवदाहगृह मरम्मत की मांग की है। इस संबंध में सचिव पुष्पराज ने बताया कि शवदाहगृह की अव्यवस्थाओं को दूर कराया जायेगा। जिससे शवदाह गृह पर अंतिम संस्कार करने आने वाले ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की दिक्कतें ना हो।

# अवैध अतिक्रमण पर गरजा बुलडोजर

**कई मकान व दुकान धराशाई**

पाइप लाइन में बाधा उत्पन्न कर रहा था अतिक्रमण

जनसंददेश न्यूज



अतिक्रमण हटवाते एसडीएम लालगंज

**लालगंज।** एनएचएआई अधिकारियों के साथ एडीएम नमामि गंगे अमरेंद्र वर्मा, एसडीएम भरत लाल सरोज, सीओ दीक्षांत राज, नायब तहसीलदार मधु जैन और पुलिस बल की कड़ी सुरक्षा के बीच बामी और लहंगपुर में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

नमामि गंगे द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में फोरलेन के पूरब साइड सर्विस रोड के बगल में बामी से लहंगपुर तक स्थाई और अस्थाई निर्माण को हटाया गया। इस अभियान में दो दर्जन से अधिक पक्का निर्माण भी ढहा दिया गया। इस पक्का निर्माण लोगो द्वारा अपने मकान के सामने अवैध रूप से बनाया गया था। अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बामी के दुबरीपुर मोहल्ले से लहंगपुर पड़ने वाली दुकानों और मकानों पर स्थापित अवैध तथा अस्थाई वाहन पड़ाव को हटा दिया गया। कई दुकानों और घरों के सड़क पर बनी सीढ़ियों को भी जेसीबी की मदद से हटा दिया गया। बतादें अतिक्रमण से लहंगपुर गंगहरा रोड चौराहे पर जाम की समस्या आम हो गई थी। सड़क पर अतिक्रमण की वजह से सुबह से शाम तक वाहन चलाना दूर निर्बाध रूप से पैदल चलना भी मुश्किल होता है। नमामिगंगे एडीएम अमरेंद्र वर्मा ने बताया इस तरह का अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर हर-घर-नल-जल योजना कार्य में तेजी आएगी और पाइप लाइन कार्य बिना किसी रुकावट के हो सकेगा। उप जिलाधिकारी भरत लाल सरोज ने अतिक्रमण कर्ताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोबारा अतिक्रमण करते पाया गया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नियमित दिनचर्या आरोग्य की है गारंटी

**सलाह**

जनजागरूकता शिविर का किया गया आयोजन





कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते वक्ता

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मण्डलीय जिला चिकित्सालय में बच्चों व माताओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के प्रति जागरूकता शिविर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर जिला जज, एफटीसी सचिव लाल बाबू यादव, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 आरबी कमल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजेन्द्र प्रसाद ने किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव लाल बाबू यादव ने उपस्थित विशेषज्ञ, वरिष्ठ डाक्टर्स, वरिष्ठ सर्जन, एनम, नर्स, आशा संगिनी एवं मण्डलीय अस्पताल के कर्मचारीगण को सम्बोधित करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन की 75 वीं वर्षगांठ पर बताया कि डाक्टर्स ईश्वर का ही एक रूप है वह बधाई के पात्र है। बच्चों व माताओं और हम सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक व सजग रहने की आवश्यकता है। इस भाग दौड़ व तनावपूर्ण जीवन से मुक्ति के लिए स्वच्छ पेयजल, शुद्ध खानपान, शुद्ध हवा के लिए पर्यावरण के साथ साथ योगा को अपनाना अत्यन्त जरूरी है और अपने दिनचर्या को सही एवं सुचारू तौर पर करना आवश्यक है तभी हम सब स्वस्थ्य रहेगें। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 आरबी कमल ने कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए तनाव मुक्त होना जरूरी है, जिसके लिये स्वच्छ पेयजल, शुद्ध हवा, शुद्ध खान पान, योगा, मार्निंग वाक, को जो मनुष्य अपने दिनचर्या में अपनाता है, वह हमेशा स्वास्थ्य रहेगा। विश्व स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में डाक्टर उमेश कुमार श्रीवास्तव, डा0 अखिलेश कुमार दूबे, डा0 आनन्द कुमार सिंह, दीपक कुमार श्रीवास्तव, व मण्डलीय जिला चिकित्सालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## हार्ट अटैक से कर्मचारी की मौत

**चुनार।** जेपी सीमेंट फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारी की गुरुवार सुबह 5 बजे मौत हो गयी। मृत कर्मचारी गणेशदत्त त्रिवेदी उम्र 60 वर्ष निवासी गांव मौधा जनपद गाजीपुर लगभग 15 से वर्षो से चुनार जेपी सीमेंट फैक्ट्री में लोको पायलट के पद कार्यरत थे। रिटायरमेंट होने के बाद भी फैक्ट्री के उच्च अधिकारियों ने इनको 6 माह का सेवा विस्तार दिया था।

## गर्मी आते ही पेयजल की बढ़ी किल्लत

**लालगंज।** विकासखंड क्षेत्र में दर्जनों ग्रामों ने पेयजल समस्या को लेकर लोग परेशान दिख रहे हैं। गांव पहाड़ी इलाका होने की वजह से गांव में लगे हैंडपंप का पानी गर्मी के शुरूआत में ही सुख जाता है। पेयजल के लिए जनता अभी से पानी स्टोर करने के लिए अगल बगल के गांव का चक्कर लगाना शुरू कर दिए हैं। लालगंज क्षेत्र के अमहा, नेवढिया, घुर्मा, मानिकपुर, बभनी खुर्द, सहिरा, रानी वारी, बनकट, तुलसी, नंदिनी, जयकर कला, पतार कला आदि दर्जनों ग्राम पहाड़ी इलाका होने के वजह से गर्मी के शुरूआत में ही हैंडपंप पानी देना छोड़ दिए हैं तथा प्रतिष्ठापित कूप में पानी सूख चुके जाने की वजह से ग्रामीण जनता पेयजल के लिए अगल बगल के गांव का चक्कर लगाना शुरू कर दिया है। ग्रामीण अपने लिए तो किसी तरह पेयजल स्टोर कर लिया जा रहा है किंतु मवेशियों को पेयजल इकट्ठा करना भारी पड़ रहा है ।इन गांव में हर वर्ष सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के तहत नए बोर भी कराए जाते हैं किंतु गर्मी के पहले ही बोर से पानी सूख जाता है और समस्या का समाधान जस का तस बना हुआ है कोई ठोस समाधान नहीं निकल पा रहा है। जिससे ग्रामीण जनता गर्मी के महीने में पानी स्टोर करने के लिए काफी मशक्कत कर जीवन निर्वाह करने के लिए मजबूर रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पेयजल के लिए कोई ठोस उपाय किया जाए।

# जिस पर लगा आरोप उसी ने कर दिया शिकायत का निस्तारण

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** क्षेत्र के पवांरी कलां गांव निवासी राघवेन्द्र कुमार सिंह ने बीते 2 अप्रैल को सीएम पोर्टल पर ड्रमंडगंज वनरेंज में अतिक्रमण वनों की सुरक्षा में लापरवाही व वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया था। मामले की बिना जांच किए ही शिकायत का निस्तारण करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को जांच अधिकारी के विरुद्ध सीएम पोर्टल पर कार्रवाई की गुहार लगाई है। सीएम पोर्टल पर की गई शिकायत में आरोप लगाया कि ड्रमंडगंज वनरेंज में अतिक्रमण वनों की सुरक्षा में लापरवाही बरतने और पौधों के संरक्षण के नाम वित्तीय अनियमितता की शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायत का निस्तारण स्वयं ड्रमंडगंज रेंजर वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने दो दिन में ही 4 अप्रैल को बिना मौके पर जांच पड़ताल किए ही कर दिया जबकि रेंजर के ऊपर भी आरोप लगाया था। शिकायत में रेंजर के आरोपी होने के बावजूद उन्होंने स्वयं शिकायत का मनमानी तरीके से निस्तारण कर दिया। रेंजर ने अपने निस्तारण में बताया कि राघवेन्द्र सिंह द्वारा कोई शिकायत दर्ज नही की गई है जबकि मैंने इसकी शिकायत दर्ज की थी और रेंजर से दूरभाष पर हुई बात में शिकायत दर्ज नही किए जाने के संबंध में कोई बात नही कही गई थी। इसके बावजूद रेंजर ने मनगढ़ंत निस्तारण कर दिया और बताया कि राघवेन्द्र सिंह ने कहा था कि उनके द्वारा कोई शिकायत नही की गई है। शिकायत का निस्तारण पूरी तरह से गलत है। ड्रमंडगंज वनरेंज के पूर्व में कराए गए पौधारोपण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो सारी हकीकत खुलकर सामने आ जाएगी। वनभूमि पर अतिक्रमण की भी जांच की जाए तो बड़े पैमाने पर अतिक्रमण मिल जाएगा। निस्तारण में उन्होंने उल्लेख किया है कि ड्रमंडगंज वनरेंज कार्यालय पर इस संबंध में कभी शिकायत नही की गई रेंजर वीरेन्द्र कुमार तिवारी पूर्व में मारपीट और गोली मारने की धमकी देते हुए खबर कवरेज करने गए एक स्थानीय पत्रकार से उलझ गए थे और मारपीट की थी। रेंजर के इस व्यवहार के चलते आमजन को रेंज कार्यालय पर जाने में डर बना रहता है। मेरे द्वारा वन संपदा तथा पर्यावरण को बचाने के लिए उठाई गई आवाज से वनविभाग द्वारा मुझे फर्जी मुकदमे में फंसाने की साज़िश भी रची जा रही है।

# संक्षेप

## भेड़ी में जेसीबी मशीन से हो रही है तालाब की खुदाई



**मीरजापुर।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत गांवों में पानी की कमी न हो। मनरेगा श्रमिकों को गांवों में रोजगार मिले। इसके लिए सरकार ने गांवों में दो दो तालाब की खुदाई कराना सुनिश्चित किया। वहीं मनरेगा श्रमिकों को गांव में अधिक से अधिक रोजगार मिले। स्थानीय तहसील क्षेत्र की ग्राम सभा भेड़ी विकास खंड राजगढ़ में ग्राम प्रधान ने मनमाने तरीके से जेसीबी मशीन लगाकर तालाब की खुदाई करा रहा है जिससे मनरेगा श्रमिकों में मायूसी छाई हुई है। वही तालाब की खुदाई में निकले मिट्टी को बाहर ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। जबकि तालाब की खुदाई से निकल रहे मिट्टी को तालाब के भिठे पर ही रखना है। प्रदेश सरकार ने मनरेगा श्रमिकों को गांव में ही रोजगार देने की बात को संबंधित विभाग के अधिकारी, ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, सचिव आदि ने खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। मनरेगा श्रमिक व ग्रामीणों ने इसकी जांच करा कर कार्यवाही किए जाने की मांग किया हैं।

## सीडीओ ने क्रॉप कटिंग कराकर परखी फसल की उत्पादकता



**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस विकास खंड सिटी के ग्राम पंचायत धानीपट्टी में राजस्व कार्मिकों के साथ क्राप कटिंग कराकर जनपद में फसल उत्पादकता को परखा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अपनी देख रेख में काश्तकार राजकुमार पुत्र मुन्नीलाल के खेत का कराया गया। खेत के दक्षिण पश्चिम कार्नर से 14 कदम लंबाई, 7 कदम चैड़ाई की फसल छोड़कर छोड़ कर 10ग10ग10 मीटर त्रिकोणीय प्लाट (7 धूर, 43.3 वर्ग मीटर) की कटाई कराया गया। फसल का वजन 14.150 किग्रा पाया गया।

## प्रोजेक्टर के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** प्रधानाध्यापक प्रा0वि0 कटका थाना कछवां द्वारा अनिल कुमार पुत्र नन्दलाल प्रा0वि0 में चोरी होने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना से सम्बन्धित आरोपियों की गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक कछवां को निर्देश दिए गये थे। जिसके क्रम में गुरुवार को व0उ0नि0बजरंग बली चौबे मय हमराह द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी जिलाजीत बनवासी पुत्र खिलोधर निवासी ग्राम सरबतखानी थाना चौरी जनपद भदोही को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक प्रोजेक्टर को बरामद करते हुए जेल भेज दिया गया।

## नाबालिग को भगाने व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** बीते 25 फरवरी को एक महिला द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध अपनी नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर थाना मड़िहान पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी व अपहृता की बरामदगी करने हेतु प्रभारी निरी0 मड़िहान को निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में शुक्रवार को उ0नि0 सुरेश यादव मय टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी विकाश उर्फ बादल पुत्र रामविलाश निवासी ग्राम अधवार थाना पड़री को गिरफ्तार करते हुए पॉक्सो एक्ट में कार्यवाही पूर्ण करते हुए जेल भेजा गया। अपहृता की बरामदगी पूर्व में की जा चुकी है।

## 10 लीटर देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये थे जिसके क्रम में शुक्रवार को उ0नि0 हरिकेश राम आजाद मय टीम द्वारा थाना हलिया क्षेत्र से अभियुक्त कमलेश पुत्र रामखेलाबन निवासी बडोहा थाना हलिया को 10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हलिया पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

## बल्कर ट्रक व हार्वेस्टर में हुई भिड़ंत, बाल-बाल बचे चालक

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हिनौता ग्राम सभा अंतर्गत वाराणसी शक्तिनगर मार्ग के ओवरब्रिज के समीप सोनभद्र से राखड़ लादकर वाराणसी की तरफ जा रही हाइवा बल्कर ट्रक आगे चल रही हार्वेस्टर अचानक सड़क के दूसरी लेन में आ जाने से बलकर से भिड़ंत हो गई। जिसमें बीच सड़क पर अनियंत्रित होकर पलट गई। वही हार्वेस्टर भी अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे दोनों वाहनों को काफी नुकसान हुआ। यह तो संयोग रहा कि उस पर सवार चालक समेत अन्य लोगों को किसी भी तरह का कोई चोट नहीं आयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सड़क पर पलटी वाहनों को हटवा कर आवागमन सुचारू रूप से चालू कराया। वहीं हार्वेस्टर के चालक व अन्य लोग मौके से फरार हो गए।

## पुलिस ने दो के खिलाफ की गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**अहरौरा।** स्थानीय पुलिस ने धारा 3 (1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी कार्य करने के आरोप में दो के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की तहत कार्रवाई किया। जय प्रकाश पांडे स्वर्गीय राम बदन पांडे निवासी पाली थाना कासिमाबाद गाजीपुर, मनीष राय पुत्र स्वर्गीय पारसनाथ पाली थाना कासिमाबाद गाजीपुर पूर्व में 26 मार्च 2022 को 55 किलो 475 ग्राम गांजा के साथ यह दोनों आरोपी पकड़े गए थे जिनके खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया था। इनके क्रियाकलाप को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने इन दोनों गाजा तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है।

## कूप में गिरा लावारिस पशु, कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया बाहर

**हलिया।** हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायत नदना में एक लावारिस पशु कूप में गिर गया। सुबह जब ग्रामीण पानी के लिए गए तो देखा कूप में एक लावारिस पशु पड़ा था। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को दी। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान के सहयोग से पशु को बाहर सुरक्षित निकाला गया। नदना गांव में शुक्रवार की रात श्यामा कोल के कूप में एक लावारिस पशु रात्रि में गिर गया। सुबह जब लोग पानी के लिए गए तो कूप में लावारिस पशु दिखाई दिया। जिसकी सूचना श्यामा कोल ने ग्राम प्रधान मनोज शर्मा को दी मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान ग्रामीणों के सहयोग से लावारिस पशु को कूप से सुरक्षित बाहर निकाला।

## सड़क दुघर्टना में एक युवक की मौत, दो घायल

**राजगढ़।** थाना क्षेत्र के बघौड़ा बाजार के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत होने से एक की मौके पर ही मौत हो गई तथा दूसरे बाइक पर बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया तथा अन्य का प्राथमिक इलाज कर मण्डलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। मड़िहान थाना क्षेत्र के पचोखरा गांव निवासी आदर्श पटेल उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र राजेश कुमार राजगढ़ की ओर से पचोखरा गांव जा रहे थे इस दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार राजा करवल पुत्र शेखर 29, निवासी राजगढ़ तथा कल्लू विश्वकर्मा पुत्र नारद निवासी नदिहार 46, की बघौड़ा बाजार के पास आमने-सामने से भिड़ंत हो गई जिसमें तीनों को गंभीर चोटें आईं। इस दौरान राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और तीनों घायलों को राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल आदर्श पटेल के सिर पर लगी चोट के चलते अत्यधिक रक्तस्त्राव हो रहा था। जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। वहीं राजा करवल व कल्लू विश्वकर्मा की हालत गंभीर देख डाक्टरों ने मण्डलीय चिकित्सालय के लिए भेज दिया। इस घटना के बाद परिजनों में अफरातफरी मच गई तथा मृतक युवक के परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने शव को अपने कब्जे में लेकर अन्त्य परिक्षण के लिए भेज दिया।

## मच्छरों के आतंक से नगर के लोगों का हो गया है जीना हराम

**अहरौरा।** तेज गर्मी बदलते मौसम होने के कारण मच्छरों की जनसख्या में काफी इजाफा हो रहा है। यह मौसम मच्छरों के प्रजनन काल भी होता है। रात को छोड़िए दिन में ही काट रहे है। गन्दे नाले से निकल कर मच्छर नगर पालिका परिषद अहरौरा की तरफ से मच्छरों से निजात दिलाने के लिए अभी तक कोई ठोस उपाय नही किया गया है। मच्छरों के प्रकोप से लोगों का नींद हराम हो गई है। रात को कौन कहे दिन में ही हजारों की सख्या में मच्छरों की झुंड की भनभनाहट से लोग सदमें में पड़ जा रहे है। गंदगी मलेरिया डेंगू जैसे रोग को दावत दे रहा है। जिससे नगर के लोग बहुत परेशान है। नगर पालिका की तरफ से मच्छर रोधी जैसे दवाओं का छिड़का नही किया जा रहा है।

# स्पोर्ट्स

## वेन पार्नेल आरसीबी टीम में शामिल, चोटग्रस्त रीस टोपली की ली जगह

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने चोटग्रस्त तेज गेंदबाज रीस टोपली की जगह दक्षिण अफ्रीका के वेन पार्नेल को टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। फ्रेंचाइजी ने विज्ञप्ति में चोटग्रस्त बल्लेबाज रजत पाटीदार की जगह विशक विजय कुमार को तलब करने की जानकारी भी दी। एड़ी की चोट के कारण पाटीदार आरसीबी के सीजन के पहले मैच में नहीं खेले थे। वह चोट से न उभर पाने के बाद टूनार्मेंट से बाहर हो गये हैं। दूसरी ओर, आरसीबी के पहले मैच में फील्डिंग करते हुए टोपली के कंधे में चोट लगी थी, जिसके बाद उन्हें बाकी के टूनार्मेंट से बाहर होना पड़ा। पार्नेल ने अब तक छह टेस्ट और 73 एकदिवसीय मैचों के अलावा 56 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया है। उनके नाम पर 59 टी20आइ विकेट हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज पार्नेल इससे पहले 26 आईपीएल मैच खेल चुके हैं और 75 लाख रुपये में आरसीबी से जुड़े हैं।




# नहीं चल पा रही है दिल्ली की दबंगई, राजस्थान के खिलाफ अब हार की हैट्रिक का खतरा

### आईपीएल के मौजूदा सीजन में अगर दिल्ली को जीत का खाता खोलना है तो उसे राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी

**गुवाहाटी।** बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण पहले दो मैचों में हार का सामना करने वाले दिल्ली कैपिटल्स के सामने अब हार की हैट्रिक का खतरा मंडरा रहा है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सीजन में अगर दिल्ली को जीत का खाता खोलना है तो उसे राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी। पहले दो मैचों में मार्क वुड और अलजारी जोसेफ जैसे गेंदबाजों ने पृथ्वी शॉ और सरफराज खान जैसे दिल्ली के बल्लेबाजों को दहशत में डाल दिया था। इन प्रतिभाशाली बल्लेबाजों का आत्मविश्वास अभी डिगा हुआ है और ऐसे में उनके लिए ट्रेंट बोल्ट, केएम आसिफ और जेसन होल्डर जैसे गेंदबाजों का सामना करना आसान नहीं होगा। इसके अलावा राजस्थान के पास रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल जैसे स्पिनर है जो बारसपारा स्टेडियम की बल्लेबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों में भी विरोधी टीम को परेशानी में डाल सकते हैं। आक्रामक ओपनर बल्लेबाज जोस बटलर का इस मैच में खेलना संदिग्ध है जो दिल्ली के लिए अच्छी खबर हो सकती है। बटलर पिछले मैच में कैच लेते समय चोटिल हो गए थे और उनके बाएं हाथ की छोटी उंगली में टांके लगे हैं। यदि बटलर नहीं खेल पाते हैं तो जो रूट हो उनके स्थान पर प्लेइंग इलेवन में जगह मिल सकती है।



ऋषभ पंत की अनुपस्थिति के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी कागजों पर मजबूत नजर आती है लेकिन पृथ्वी शॉ और सरफराज जैसे बल्लेबाजों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाजों का सामना करने में परेशानी हो रही है। बल्लेबाजों के नहीं चल पाने के कारण दिल्ली को पहले दोनों मैच गंवाने पड़े। टीम का सबसे कमजोर पक्ष उसके पास अनुभवी भारतीय बल्लेबाजों का अभाव है। यदि कोचिंग स्टाफ सरफराज की जगह किसी नए बल्लेबाज को रखना भी चाहेगा तो दिल्ली के पास यश धुल, रिपल पटेल और ललित यादव के रूप में ही विकल्प मौजूद है। इनमें से कोई भी खिलाड़ी ऐसा नहीं है जिसने 150 की स्ट्राइक रेट से लगातार रन बनाए हो। जहां तक राजस्थान रॉयल्स की बात है तो ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन अच्छे फॉर्म में चल रहे हैं और वह एनरिक नोर्किया, खलील अहमद और कुलदीप यादव जैसे गेंदबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं। राजस्थान रॉयल्स ने अपना पिछला मैच गंवाया था लेकिन इसके बावजूद वहां इस मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगा।

***टीम इस प्रकार है:***

***दिल्ली कैपिटल्स:***

डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, मिचेल मार्श, सरफराज खान, अमन हाकिम खान, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, खलील अहमद, कुलदीप यादव, रोवमैन पॉवेल, रिली रोसौ, एनरिक नोर्किया, मुस्तफिजुर रहमान, चेतन सकारिया, मुकेश कुमार, फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी, प्रवीण दुबे, ललित यादव, रिपल पटेल, विक्की ओस्तवाल, ईशांत शर्मा, मनीष पांडे, कमलेश नागरकोटी, यश धुल।

***राजस्थान रॉयल्स:***

संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल, रियान पराग, शिमरोन हेटमेयर, जेसन होल्डर, युजवेंद्र चहल, रविचंद्रन अश्विन, केएम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, ध्रुव जुरेल, कुणाल सिंह राठौर, नवदीप सैनी, कुलदीप सेन, कुलदीप यादव, जो रूट, डोनोवन फरेरा, केसी करियप्पा, अब्दुल बसिथ, ओबेद मैककॉय, आकाश वशिष्ठ, संदीप शर्मा, एडम जम्पा, मुरुगन अश्विन।

## केकेआर के स्पिनरों के खिलाफ हमारे बल्लेबाजों को बड़े शॉट खेलने से बचना चाहिये था : संजय बांगर




**कोलकाता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के बल्लेबाजी कोच संजय बांगर का मानना है कि विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसिस जैसे अनुभवी बल्लेबाज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनरों के खिलाफ 205 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए कुछ संयम बरत सकते थे। केकेआर ने सात विकेट पर 204 रन बनाने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 123 रन पर आउट कर 81 रन की बड़ी जीत दर्ज की। लक्ष्य का पीछा करते समय मैच के पांचवें ओवर में सुनील नारायण ने कोहली को बोल्ड कर डु प्लेसिस के साथ शुरूआती विकेट के लिए उनकी 44 रन की साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद वरुण चक्रवर्ती ने डु प्लेसिस को बोल्ड कर बेंगलोर की टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। बांगर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे लगा कि हमारे कुछ बल्लेबाज बड़े शॉट खेलने से बच सकते थे। इस मुद्दे पर हम खिलाड़ियों से बात करेंगे। टी20 खेल का छोटा प्रारूप है और यहां आप बहुत जल्दी लय गंवा देते हैं। बांगर ने कहा, हमारे कई बल्लेबाजों को स्पिनरों ने छकाया और गेंद उनके बल्ले के अंदरूनी किनारा पर लगी या उसके पास से गुजरी। हमने दबाव में स्पिनरों को खेलने में शायद गलती की। नारायण (16 रन पर दो विकेट), चक्रवर्ती (15 रन पर चार विकेट) और पदार्पण कर रहे सुयश शर्मा (30 रन पर तीन विकेट) की केकेआर की स्पिन तिकड़ी ने मिलकर नौ विकेट चटकाये। बांगर ने कहा कि नारायण और चक्रवर्ती जैसे अबूझ स्पिनरों से निपटने के लिए बल्लेबाजों को आगे निकल कर खेलना चाहिये।

## विश्व कप विजेता लियोनल मेसी दुनिया के पांचवें प्रभावशाली शख्स, शाहरुख से नहीं निकल पाए आगे

### शाहरुख खान को मिले लियोनल मेसी से ज्यादा वोट

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना को विश्व चैंपियन बनाने वाले दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी टाइम पत्रिका के 100 प्रभावशाली शख्स (ळक्टए 100) की सूची में शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर सके। वह पांचवें स्थान पर रहे हैं। इस मामले में उनसे आगे भारत के दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान निकल गए। शाहरुख खान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की और वह शीर्ष स्थान पर रहे। मेसी ने पिछले साल दिसंबर में फुटबॉल विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने टूनार्मेंट में कुल सात गोल किए थे। वह सर्वाधिक गोल करने के मामले में फ्रांस के युवा स्टार किलियन एम्बाप्पे के बाद दूसरे स्थान पर थे। इसके अलावा मेसी ने तीन गोल असिस्ट भी किए थे। इस तरह कुल 10 गोल में उनका योगदान था। उन्हें टूनार्मेंट का बेस्ट फुटबॉलर चुना गया था। इसके उन्हें गोल्डन बॉल मिला था।



मेसी को दूसरी बार विश्व कप में गोल्डन बॉल मिला था। इससे पहले 2014 में यह अवॉर्ड मिला था, लेकिन उनकी टीम फाइनल में जर्मनी से हार गई थी। मेसी ने उस निराशा को कतर में दूर किया और फाइनल में फ्रांस को हराकर टूनार्मेंट जीत लिया। अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच निर्धारित 90 मिनट तक यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर रहा था। इसके बाद एक्स्ट्रा टाइम में दोनों टीमों ने एक-एक गोल और किए। एक्स्ट्रा टाइम तक स्कोर 3-3 रहा। फिर विजेता का फैसला पेनाल्टी शूटआउट में हुआ। वहां अर्जेंटीना ने फ्रांस को 4-2 से हरा दिया।

टाइम पत्रिका द्वारा कराए गए पोल में 1.2 मिलियन (12 लाख) से अधिक लोगों ने वोट डाले। इस सर्वे में पाठकों ने उन व्यक्तियों के लिए मतदान किया, जिन्हें वे टाइम के सबसे प्रभावशाली लोगों की सालाना सूची में रखने के लायक समझते थे। टाइम पत्रिका के मुताबिक, शाहरुख खान को सर्वाधिक चार फीसदी वोट मिले हैं। वहीं, मेसी को 1.8 फीसदी लोगों ने वोट किया। इस सूची में दिग्गजन टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स का भी नाम है।

## कौन हैं मिस्ट्री स्पिनर सुयश शर्मा? जिनकी गेंदों ने आरसीबी बल्लेबाजों को किया परेशान...कप्तान नितीश राणा ने कही ये बात

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान नितीश राणा युवा सुयश शर्मा को रहस्यमयी स्पिनर नहीं मानते और उन्होंने कहा कि वह सामान्य लेग ब्रेक गेंदबाज है जिनकी अपनी विशिष्टता है। दिल्ली के अंडर 25 स्पिनर सुयश ने अभी तक केवल आयु वर्ग के टूनार्मेंट खेले हैं। उन्होंने गुरुवार को सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती के साथ मिलकर केकेआर को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ आसान जीत दिलाई थी। राणा ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, सुयश रहस्यमयी स्पिनर नहीं है। वह सामान्य लेग स्पिनर है लेकिन उसकी अपनी विशिष्टता है क्योंकि उसका एक्शन परंपरागत है और उसकी गेंद को समझना बहुत मुश्किल होता है। सुयश को वेंकटेश अय्यर की जगह इंपैक्ट प्लेयर के रूप में शामिल किया गया था। उन्होंने 30 रन देकर तीन विकेट लिए जिससे केकेआर ने आरसीबी को 205 रन के लक्ष्य के सामने 17.4 ओवर में 123 रन पर आउट कर दिया था। राणा ने कहा, हवा में उसकी गति अधिक होती है। अगर उसके खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए थोड़ा भी संदेह हुआ तो आप शत प्रतिशत परेशानी में पड़ जाएंगे। मैच दर मैच उसमें सुधार होगा। उन्होंने कहा, मैं जानता था कि सुयश अच्छा प्रदर्शन करेगा लेकिन मैं पावर प्ले में सुनील और फिर वरुण को गेंदबाजी देना चाहता था और इन दोनों ने हमें सफलता भी दिलाई। बीच के ओवरों में विकेट लेना महत्वपूर्ण था। राणा ने कहा, वरुण की वापसी हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वह पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था लेकिन इस बार अच्छी गेंदबाजी कर रहा है। राणा ने शार्दुल ठाकुर की भी प्रशंसा की जिन्होंने सातवें नंबर पर उतर कर 29 गेंदों में 68 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने कहा, मुझे शुरू से ही उसके बल्लेबाजी कौशल पर विश्वास था लेकिन उन्होंने जिस तरह से शॉट खेले वह मेरी उम्मीद से भी बेहतर है। अगर आपका ऑलराउंडर इस तरह से बल्लेबाजी करता है और अपने दम पर मैच का पासा पलट देता है तो फिर किसी कप्तान को और क्या चाहिए।



***पिता की बीमारी, दिल्ली क्रिकेट राजनीति से जूझते हुए आईपीएल में चमके युवा सूयश शर्मा***

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ बीती रात जीत में प्रभावित करने वाले कोलकाता नाइट राइडर्स के 'इम्पैक्ट प्लेयर' सूयश शर्मा का क्रिकेट के भ्रष्ट माहौल में कोई ह्यगॉडफादरह्न नहीं है और दिल्ली के मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाले इस लेग स्पिनर ने अभी तक अपनी काबिलियत के बूते सफलता हासिल की है। पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके के 19 वर्षीय सूयश ने कोलकाता की टीम की ओर से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पदार्पण करते हुए 30 रन देकर तीन विकेट झटके जिससे टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 81 रन से पराजित करने में कामयाब रही। मध्यम वर्ग के परिवार की अपनी ही समस्यायें होती हैं और फिर उनके पिता भी कैंसर जैसी बीमारी से जूझ रहे हैं, लेकिन उन्होंने 'गॉडफादर' के नहीं होने, तमाम परेशानियों और तनाव के बावजूद क्रिकेट की चुनौतियों से निपटना जारी रखा।

# भारत को विश्व कप जिता सकते हैं सूर्यकुमार रिकी पोंटिंग ने की भविष्यवाणी

***रिकी पोंटिंग ने कहा, जब आप इन लोगों को समय देते हैं, तो आप उन्हें एक अवसर देते हैं, आप उन्हें एक स्पष्ट दिशा देते हैं***






**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि सूर्यकुमार यादव को खराब फॉर्म के बावजूद एकदिवसीय विश्व कप खेलना चाहिए क्योंकि वह भारत को विश्व विजेता बनाने की क्षमता रखते हैं। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पर कहा, ₹दुनिया भर में हर कोई जानता है कि सीमित ओवर क्रिकेट में सूर्य क्या कर सकते हैं। मुझे लगता है कि टीम को उनके साथ रहना चाहिये। मुझे लगता है कि वह भारत को विश्व कप जिता सकते हैं।₹ उन्होंने कहा, ₹वह निरंतर प्रदर्शन नहीं करते लेकिन वह उस तरह के खिलाड़ी हैं जो बड़े क्षणों में आपको जीत दिला सकते हैं। कुछ वैसे ही जैसे दिवंगत महान एंड्रयू साइमंड्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिये किया था। गौरतलब है कि टी20 क्रिकेट में अपना लोहा मनवा चुके सूर्यकुमार एकदिवसीय प्रारूप में खासा प्रभावित नहीं कर सके हैं। उन्होंने अपने करियर की 21 वनडे पारियों में 24.05 की औसत से 433 रन बनाये हैं। ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध घरेलू सरजमीन पर खेली गयी हालिया एकदिवसीय श्रृंखला के तीन मैचों में वह खाता भी नहीं खोल सके थे।

रिकी पोंटिंग ने कहा, जब आप इन लोगों को समय देते हैं, तो आप उन्हें एक अवसर देते हैं, आप उन्हें एक स्पष्ट दिशा देते हैं। वे उस भूमिका के बारे में स्पष्टता प्राप्त करते हैं जो आप उन्हें निभाते हुए देखना चाहते हैं। उनके पास इतनी प्रतिभा है कि वे अकेले दम पर आपको मैच जिता सकते हैं। मैं भारत के लिये यही करता। मैं सुरक्षा की तरफ जाने के बजाय मैच विजेता खिलाड़ियों को चुनता और मुझे लगता है कि वह (सूर्यकुमार) मैच-जिताऊ खिलाड़ी है। रिकी पोंटिंग ने कहा कि सूर्यकुमार को भारत के लिये एकदिवसीय क्रिकेट में नंबर पांच पर बल्लेबाजी करनी चाहिये। ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा, मुझे लगता है कि वह वैसे भी केवल पांच पर बल्लेबाजी कर रहे थे। मैं उन्हें उससे ज्यादा नीचे नहीं देखना चाहता, खासकर हार्दिक (पांड्या), (रवींद्र) जडेजा और अक्षर (पटेल) के होते हुए। मैं खेल के सभी प्रारूपों में आपके सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज को अधिक से अधिक समय देने में विश्वास करता हूं।₹ उन्होंने कहा, ₹क्योंकि अगर आप उन्हें अक्सर क्रम में नीचे रखते हैं, तो कभी-कभी आपको अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का उपयोग करने का मौका नहीं मिलता है और आप ऐसा बिल्कुल नहीं चाहते हैं।

## इंग्लैंड ने ब्राजील को हराकर जीता पहला महिला फाइनलिसिमा का खिताब




**लंदन।** इंग्लैंड ने क्लो केली के गोल के दम पर ब्राजील को यहां पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से पराजित करके पहला महिला फाइनलिसिमा फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब जीता। यह मुकाबला यूरोप और दक्षिण अमेरिका की चैंपियन टीमों के बीच खेला जाता है। वेम्बले में खेले गए इस फाइनल मैच को देखने के लिए 83,132 दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे। इलिया टूने के 23वें मिनट में किए गए गोल से इंग्लैंड की जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन ब्राजील ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया। ब्राजील की एंड्रेसा अल्वेस ने इंग्लैंड की गोलकीपर मैरी एर्प्स की गलती का फायदा उठाते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद मैच पेनल्टी शूटआउट तक खिंच गया जिसमें इंग्लैंड की तरफ से जॉर्जिया स्टैनवे, राचेल डेली, एलेक्स ग्रीनवुड और केली ने गोल करके जीत सुनिश्चित की। दोनों टीम ने मैच शुरू होने से पहले पेले को श्रद्धांजलि अर्पित की जिनका पिछले साल दिसंबर में निधन हो गया था।

## हॉकी इंडिया ने की भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों के लिए नए सहयोगी सदस्यों की नियुक्ति




**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के जाने-माने कोच एंथनी फेरी को भारतीय महिला हॉकी टीम का विश्लेषणात्मक कोच नियुक्त किया गया है, जबकि दक्षिण अफ्रीका के रेट हल्केट पुरुष टीम के साथ यह भूमिका निभाएंगे। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को घोषणा की। राष्ट्रीय महासंघ ने दोनों टीमों के लिए अन्य सहायक स्टाफ सदस्यों की भी घोषणा की। फेरी की देखरेख में कनाडा की पुरुष टीम ने 2016 रियो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। उनके मार्गदर्शन में जापान की महिला टीम ने 2018 में एशियाई खेलों का अपना पहला स्वर्ण पदक हासिल किया था। वह अपनी नयी भूमिका में मुख्य कोच यानेके शोपमैन की सहायता करेंगे। फेरी के कोच रहते कनाडा की पुरुष अंडर 21 टीम ने जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। वह अगस्त 2020 से अप्रैल 2022 तक अमेरिका की महिला टीम के कोच और हाई परफार्मेंस निदेशक रह चुके हैं। फैरी और हल्केट के अलावा हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय पुरुष टीम के वैज्ञानिक सलाहकार के रूप में ऑस्ट्रेलिया के एलन टैन की नियुक्ति की घोषणा की। हल्केट और टैन दोनों दक्षिण अफ्रीका के नव-नियुक्त मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के नेतृत्व वाली पुरुष टीम के कोचिंग सदस्यों का हिस्सा होंगे। हल्केट ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 2010 से 2018 तक 155 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह 2020 में नीदरलैंड के सहायक कोच रह चुके हैं। टैन को ह्यन्यू साउथ वेल्थ इंस्टीट्यूट और स्पोर्टर्सह्न में 'स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग' कोच के तौर पर 10 साल का अनुभव है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा, हम पुरुष और महिला टीम में नये कोचिंग सदस्यों का स्वागत करते हैं। हॉकी इंडिया की तरफ से मैं तत्काल आधार पर उनकी नियुक्तियों को पूरा करने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को धन्यवाद देता हूं और 2023 में चीन में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीमों को तैयार करने में उनके निरंतर समर्थन की सराहना करता हूं।

# आज हैदराबाद की यात्रा करेंगे पीएम मोदी, 11 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की देंगे सौगात

## सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला के साथ रेलवे से संबंधित अन्य विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे



**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को यहां सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के अलावा तेलंगाना में 11,300 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि हैदराबाद के दौरे के दौरान मोदी यहां परेड ग्राउंड में एक जनसभा में भी हिस्सा लेंगे। वह हैदराबाद के समीप अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बीबीनगर और पांच राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। वह सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला भी रखेंगे और रेलवे से संबंधित अन्य विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

हैदराबाद को भगवान वेंकटेश्वर के तिरुपति मंदिर शहर से जोड़ने वाली सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस तीन महीने से भी कम अवधि के भीतर तेलंगाना से शुरू की जाने वाली दूसरी वंदे भारत ट्रेन है। इस ट्रेन के शुरू होने से दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय लगभग साढ़े तीन घंटे कम हो जाएगा और विशेषरूप से यह तीर्थयात्रियों के लिए फायदेमंद होगी। सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास 720 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इसकी योजना इस तरह से बनाई जा रही है कि यह विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस एक बुहत ही सुंदर रेलवे स्टेशन के रूप में नजर आएगा। रेलवे की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है बृहस्पतिवार को कहा गया कि यात्रा के दौरान, मोदी हैदराबाद-सिकंदराबाद क्षेत्र के उपनगरीय खंड में 13 नयी मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट सर्विस (एमएमटीएस) सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे, जो यात्रियों को तेज, सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा विकल्प प्रदान करेंगे। वह सिकंदराबाद-महबूबनगर परियोजना के दोहरीकरण और विद्युतीकरण को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। 85 किलोमीटर से अधिक की दूरी तक फैली यह परियोजना लगभग 1,410 करोड़ रुपये की लागत से पूरी की गई है। यह परियोजना निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और ट्रेनों की औसत गति बढ़ाने में सहायता करेगी।

परेड ग्राउंड में सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री एम्स बीबीनगर, हैदराबाद की आधारशिला रखेंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में पहले कहा गया था कि यह देश भर में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का प्रमाण है। मोदी 7,850 करोड़ रुपये से अधिक की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। ये सड़क परियोजनाएं तेलंगाना और आंध्र प्रदेश दोनों के बीच सड़क संपर्क को मजबूत करेंगी और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में सहायता करेंगी। मोदी का उसी दिन हैदराबाद दौरे के बाद तमिलनाडु के लिए रवाना होने का कार्यक्रम है।

### माफिया अतीक अहमद और उसके बेटे पर कसेगा शिकंजा

**लखनऊ।** लखनऊ के कारोबारी मोहित जायसवाल का देवरिया जेल ले जाकर अपहरण और रंगदारी मामले में माफि या अतीक और उसके बेटे उमर पर आरोप तय हो गए हैं। उमर पर संगीन धाराओं में आरोप तय किए गए हैं। इस पर अभी अतीक और उसके बेटे की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अतीक की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। कोर्ट में पेशी के दौरान अतीक के बेटे ने कहा कि उनके घर की महिलाओं को फंसाया जा रहा है। गौरतलब है कि 28 दिसंबर 2018 को कारोबारी मोहित जायसवाल ने कृष्णा नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया था कि देवरिया जेल में बंद अतीक अहमद ने गुर्गों के जरिये गोमती नगर स्थित ऑफिस से उसका अपहरण करवाया था। इसके बाद अतीक ने जेल में उसके साथ मारपीट की तथा सादे पन्ने पर दस्तखत करने को कहा था। इनकार पर अतीक, उसके बेटे उमर तथा गुफरान, फारुख, गुलाम व इरफान ने तमंचे-रॉड और पट्टे से उसे पीटा था। इसके बाद जबरन स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर बनवाकर 45 करोड़ की संपत्ति अपने नाम करा ली थी।

## बेटी मालती संग प्रियंका चोपड़ा ने सिद्धिविनायक मंदिर के किए दर्शन, ट्रेडिशनल कपड़ों में आई नजर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपनी बेटी के साथ सिद्धि विनायक मंदिर में दर्शन किया है। प्रियंका अपनी आने वाली फिल्म 'सिटाडेल' का प्रमोशन करने के लिए मुंबई आई हुई हैं। इस दौरान प्रियंका अपनी बेटी जोनस चोपड़ा के साथ मुंबई के सिद्धि विनायक मंदिर के दर्शन करने पहुंची। ट्रेडिशनल कपड़ों में प्रियंका ने अपनी बेटी को गोद में लेकर भगवान गणेश के दर्शन किए। प्रियंका अपनी बेटी के साथ पहली बार भारत आईं हैं। मंदिर में प्रियंका हलके नीले रंग के ट्रेडिशनल कपड़ों में नजर आईं। उन्होंने अपनी बेटी को गोद में लेकर भगवान की मूर्ति की तरफ सर झुकाया और आशीर्वाद लिया। प्रियंका ने मंदिर में पंडित जी से अपनी बेटी को तिलक भी लगवाया। वेब सीरीज 'सिटाडेल' 28 अप्रैल को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

## खास खबर

### शिवराज के निर्देश पर हटाए गए मुरैना एसपी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश के बाद मुरैना के पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी को पद से हटा दिया गया। चौहान कल मुरैना दौरे पर थे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने मुरैना एसपी की कार्यशैली को लेकर शिकायत की थी। वहीं कुछ मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से भी स्थानीय लोग नाराज थे। जिसके बाद मुख्यमंत्री चौहान ने एसपी को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद गृह विभाग ने कल देर रात एसपी को वहां से हटा कर उनकी नियुक्ति राजधानी भोपाल स्थित पुलिस मुख्यालय में कर दी।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुड फ्राइडे पर ईसा मसीह को याद किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुड फ्राइडे के अवसर पर ईसा मसीह को याद करते हुए कहा कि दर्द और पीड़ा का सामना करने के बावजूद सेवा और करुणा के अपने आदर्शों से वह कभी विचलित नहीं हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, आज गुड फ्राइडे पर, हम प्रभु मसीह के बलिदान की भावना को याद करते हैं। उन्होंने दर्द और पीड़ा का सामना किया, लेकिन सेवा और करुणा के अपने आदर्शों से कभी वह विचलित नहीं हुए। प्रभु मसीह के विचार लोगों को प्रेरित करते रहें।" गुड फ्राइडे ईसाई धर्म के लोगों के लिए पवित्र दिन है, इसी दिन ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाया गया था। इस दिन को होली फ्राइडे, ग्रेट फ्राइडे, ब्लैक फ्राइडे और इस्टर फ्राइडे भी कहा जाता है।

### ट्रेन में आग लगाने के आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा

**केरल।** कोझिकोड में ट्रेन में आग लगाने के आरोप में गिरफ़्तार आरोपी शाहरुख सैफी को मेडिकल के लिए कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है। कोझिकोड में ट्रेन में आग लगाने की घटना के मामले में मुंसिफ मजिस्ट्रेट जज ने आरोपी शाहरुख सैफी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा।

## दिल्ली दंगे की जांच पर उठे सवाल

### जांच अधिकारी लुका-छिपी खेल रहे है, दिल्ली दंगे को लेकर अदालत ने कहा



**नई दिल्ली।** उत्तरपूर्वी दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के एक मामले की सुनवाई कर रही दिल्ली की एक अदालत ने एक जांच अधिकारी (आईओ) के आचरण की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस अधिकारी अदालत के साथ लुका-छिपी का खेल, खेल रहा था और इसे गुमराह करने की कोशिश कर रहा था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने तीन आरोपियों के खिलाफ दयालपुर पुलिस थाने द्वारा दर्ज एक मामले में आरोपों पर दलीलें सुनते हुए पाया कि प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) के अलावा यह मामला चार शिकायतों से संबंधित है। न्यायाधीश ने कहा कि फारूक अहमद की एक शिकायत में 25 और 26 फरवरी की दरमियानी रात को दो अलग-अलग कथित घटनाओं का उल्लेख है, जबकि प्राथमिकी 25 फरवरी को सुबह करीब 9.50 बजे मुख्य वजीराबाद रोड पर विक्टोरिया पब्लिक स्कूल के सामने एक दंगे की घटना से संबंधित थी।

न्यायाधीश ने एक आदेश में कहा, ₹कई घटनाओं को एक ही चार्जशीट में मिलाने के कारण अदालत द्वारा बार-बार विचार-विमर्श करना पड़ रहा है, ताकि कानून के मापदंडों के भीतर यह तय करने के लिए एक स्पष्ट तस्वीर तैयार हो सके कि किन आरोपों पर आरोप तय किए जाने हैं।₹ न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष आईओ के पहले के बयान को संज्ञान में लिया, जिसके अनुसार अहमद की शिकायत से संबंधित कथित घटनाओं की अलग से जांच की जाएगी और इस संबंध में एक अलग रिपोर्ट दायर की जाएगी।

### कर्नाटक चुनाव के लिए भाजपा जल्द ही जारी करेगी उम्मीदवारों की सूची

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा जल्द ही पार्टी उम्मीदवारों के नाम की सूची जारी करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी जल्द ही विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देगी। मालूम हो कि कर्नाटक में 10 मई को विधानसभा चुनाव होने है। बता दें कि बीएस येदियुरप्पा आज कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के साथ भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले कहा कि पार्टी जल्द ही 224 सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देगी। येदियुरप्पा ने कहा, मैं भाजपा सीईसी की बैठक के लिए आज दिल्ली जा रहा हूं। हम जल्द से जल्द सभी सीटों को अंतिम रूप देंगे।" वहीं, धारवाड़ निर्वाचन क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य योगेशगौड़ा गौदर की हत्या के मामले में जमानत पर बाहर चल रहे पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी को टिकट देने के कांग्रेस पार्टी के फैसले के बारे में पूछे जाने पर येदियुरप्पा ने कहा कि यह कांग्रेस की आंतरिक लड़ाई है।

## नेहा राठौर ने गाया-बिहार में जंगलराज के आहट बा

### यूजर्स बोले- चाचा-भतीजा से बचके रहना, जेल में डलवा देंगे, कुमार विश्वास बोले-जीती रहो नेहा



**पटना।** लोक गायिका नेहा राठौर ने एक बार फिर से बिहार में का बा गाया है। गाने में इस बार चाचा-भतीजे की जोड़ी निशाने पर है। गाने के बोल हैं- रामनवमी के जुलूस में पत्थरबाजी जारी बा, चाचा-भतीजा के चक्की में पीस रहल बिहारी बा, बिहार में जंगलराज के आहट बा। चाचा के चरणों में भतीजे के चारों धाम बा। इधर, इस गाने पर डॉ. कुमार विश्वास ने लिखा-जीती रहो नेहा। बता दें कि अब तक नेहा राठौर पर बीजेपी के खिलाफ गाने के आरोप लगते थे। पिछले महीने यूपी पुलिस ने यूपी में का बा पार्ट-2 गाने पर नोटिस दिया था। इधर, बिहार में का बा पार्ट-2 गाने पर यूजर्स ने नेहा को बड़ी सलाह दी है। कहा है कि चाचा-भतीजे की जोड़ी से बचकर रहना नहीं तो जेल में डलवा देंगे। नेहा ने अपने गाने में नालंदा और सासाराम हिंसा का भी जिक्र किया है। नेहा ने अपने गाने में नालंदा और सासाराम हिंसा का भी जिक्र किया है। नेहा ने अपने गीत में रामनवमी पर नालंदा और सासाराम में हुई हिंसा का जिक्र किया। 10 लाख नौकरी के वादे को भी याद दिलाया। बिहार में बढ़ते क्राइम को लेकर भी सरकार को निशाने पर लिया।

***अब पढ़िए नेहा का पूरा गाना***

नेहा ने नए गीत में गाया है- 'रामनवमी के जुलूस में पत्थरबाजी जारी बा, चाचा-भतीजा के चक्की में पीस रहल बिहारी बा... का बा.. बिहार में का बा....चोरी, चकारी, अपहरण, हिंसा के सुगबुगाहट बा, हमरा ता लागत बा भैया जंगल राज के आहट बा...बिहार में काबा..., चच्चा के चरण में भतीजवा के चारों धाम बा, मरे ला छपरा, जले नालंदा, जरत सासाराम बा... बिहार में का बा, 10 लाख नौकरी के वादा भईल रहे चुनाव में एको बहाल निकलल नईखे लइका बाडें. तनाव में..., बिहार में का बा, अरे आए दिन मजदूर मरेलें जहरीली शराब से कब ले बेड़ा पार लगइबें गोल-गोल जवाब से, बिहार में का बा..., अरे 15 साल चच्चा रहलें,15 साल पप्पा तबो न मिटल बेरोजगारी के ठप्पा..., का बा... बिहार में का बा..., रंगदारी बा.. रंगबाजी बा, गाररी बा, मार बा...गरदा बा... बिहार में का बा?

***डॉ कुमार विश्वास बोले-जीती रहो नेहा***

नेहा राठौर के बिहार में का बा पार्ट-2 गाने पर डॉ. कुमार विश्वास ने शबाशी दी है। उन्होंने अपने ट्विटर पर लिखा - जनता की बात को पूरी बेबाकी से उठाना ही कवियों और लोक गायकों का कर्तव्य है। "राजा अंधा हो जाए तो, सेवा धंधा हो जाए तो, सच दिखलाने वाला खंभा, छवि-प्रबंधा हो जाए तो...सरकार किसी की और कितनी भी शक्तिशाली हो। सत्ता व सत्ताधारियों से कैसे भी संबंध हों। सदा जनता की बात पूरी बेबाकी व हिम्मत से उठाना ही असरकारी कवियों व लोक-गायकों का कर्तव्य है।" जीती रहो नेहा।

***नोटिस का सामना कर चुकी हैं***

बता दें नेहा सिंह राठौर अपने पॉलिटिकल सटायर के कारण हमेशा चर्चा में रहती हैं। वे पारंपरिक लोकगीत भी गाती हैं और बड़ी बात यह कि बिना कोई साज-बाज के गाना गाती है। कोई स्टूडियो भी नहीं वह अपने घर में ही वीडिया शूट करती हैं। इस सब से बड़ी बात यह कि नेहा अपने पॉलिटिकल सटायर खुद लिखती भी हैं। कुछ महीने पहले यूपी में का बा लिखने और गाने की वजह से उन्हें नोटिस भी मिल चुकी है। लेकिन इसका सामना भी नेहा ने बोल्डली किया।

## सिद्धू ने की कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात

### कहा- विश्वसनीयता का दूसरा नाम है मल्लिकार्जुन खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद नवजोत सिंह सिद्धू ने शुक्रवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की और कहा कि विश्वसनीयता का दूसरा नाम खरगे है। खरगे से मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए सिद्धू ने ट्वीट किया, कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उनमें सकारात्मक ऊर्जा है और पार्टी के लिए मूल्यवान हैं। खरगे के साथ सिद्धू की मुलाकात के समय कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश भी मौजूद थे। सिद्धू ने कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से भी मुलाकात की। उन्होंने बृहस्पतिवार को पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा से मुलाकात की थी। सिद्धू 1988 के एक रोडरेज मामले में करीब 10 महीने की कैद की सजा काटने के बाद शनिवार को पटियाला केंद्रीय कारागार से बाहर आये थे।

## पासपोर्ट की जंग जीतीं इल्तिजा मुफ्ती

### पासपोर्ट जारी होने के बाद बोलीं-अपराधी या आतंकवादी नहीं हूं, अपने पासपोर्ट के लिए कानूनी लड़ाई



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी(पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पढ़ाई के लिए दो साल की अवधि का देश-विशिष्ट पासपोर्ट जारी होने के बाद शुक्रवार को सवाल किया कि क्या वह आतंकवादी या राष्ट्र-विरोधी हैं। इल्तिजा ने जम्मू कश्मीर पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) की प्रतिकूल रिपोर्ट के कारण पासपोर्ट के लिए अपना आवेदन मंजूर नहीं होने के बाद फरवरी में जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय का रुख किया था। उनके पासपोर्ट की अवधि दो जनवरी को समाप्त हो गई थी और उन्होंने पिछले साल आठ जून को नए सिरे से आवेदन किया था। उच्च न्यायालय ने क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) को इस मामले को देखने का निर्देश दिया था। आरपीओ द्वारा अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल को लिखे गए एक पत्र के अनुसार, उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद इल्तिजा को एक पासपोर्ट जारी किया गया है जो पांच अप्रैल, 2023 से चार अप्रैल, 2025 तक वैध है। इल्तिजा ने शुक्रवार को यहां पीडीपी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, कश्मीर के क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी दविंदर कुमार और सीआईडी ने न्यायपालिका को गुमराह किया है। मुझे जारी किया गया पासपोर्ट दो साल की अवधि का है और इसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि यह केवल संयुक्त अरब अमीरात के लिए वैध है। इल्तिजा ने कहा कि यह एक सशर्त पासपोर्ट है। उन्होंने कहा कि वह एक भारतीय और कानून का पालन करने वाली नागरिक हैं और उन्होंने कोई कानून नहीं तोड़ा है। इल्तिजा ने दावा किया, लेकिन, यहां तक कि दो साल का पासपोर्ट जारी करने के लिए भी मेरे खिलाफ आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम लागू किया गया है। यह अधिनियम आमतौर पर जासूसी के लिए लागू किया जाता है। इल्तिजा ने सवाल किया, क्या मैं फरार हूं? क्या मैं नीरव मोदी हूं, क्या मैं आतंकवादी हूं, क्या मैं देशद्रोही हूं कि मुझे सजा दी जा रही है? अगर मैं केंद्र सरकार के बारे में बोलूं, तो क्या यह देश के खिलाफ बोलने जैसा है? आखिर मेरी गलती क्या है? पीडीपी प्रमुख की बेटी ने आरोप लगाया कि उनके साथ एक अपराधी जैसा व्यवहार किया जा रहा है, ₹जैसे कि मैंने बैंकों से हजारों करोड़ रुपये का कर्ज लिया है और नहीं चुकाया है।

## पीएम पर सिब्बल का आरोप

### बोले-अमीर और अमीर तथा गरीब और गरीब होता जा रहा है



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सदस्य कपिल सिब्बल ने सामाजिक न्याय के प्रति भारतीय जनता पार्टी की प्रतिबद्धता वाली टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और दावा किया कि इस सरकार के शासन में अमीर और अमीर तथा गरीब और गरीब होते जा रहे हैं।

भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर पार्टी सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा को विकास, विश्वास और नए विचार का पर्याय बताते हुए कहा था कि सामाजिक न्याय उनकी पार्टी की विचारधारा का आधार है। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा था कि ऐसे दलों की संस्कृति परिवारवाद, वंशवाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद की रही है। उन्होंने कहा था, जबकि भाजपा की राजनीतिक संस्कृति प्रत्येक देशवासी को साथ लेकर चलने की है। कांग्रेस जैसी पार्टियों की संस्कृति छोटा-छोटा सोचना, छोटे सपने देखना और उससे भी कम हासिल करके खुशियां मनाना है। खुशी मतलब एक दूसरे की पीठ थपथपाना है। भाजपा की राजनीतिक संस्कृति है बड़े सपने देखना और उससे भी ज्यादा हासिल करने के लिए जी-जान से खप जाना। सिब्बल ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सामाजिक न्याय के लिए जीती है और अक्षरशः इसका पालन करती है। जबकि तथ्य है- 1) 2012-2021 तक अर्जित धन का 40 प्रतिशत केवल एक प्रतिशत आबादी के पास गया। 2) 2022 में अडाणी की संपत्ति में 46 प्रतिशत की वृद्धि हुई । 3 64 प्रतिशत जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) निचले तबके से 50 प्रतिशत आया, जबकि केवल चार प्रतिशत शीर्ष 10 प्रतिशत ने अदा किया।

## कर्नाटक चुनाव: यादगीर जिले में भाजपा और कांग्रेस कार्यकताओं के बीच झड़प, कई वाहनों को नुकसान

### राजा वेंकटप्पा नायक आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद मेले में शामिल होने पहुंचे जहां हुई लड़ाई



**यादगीर।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले यादगीर जिले में कांग्रेस और जनतादल (एस) कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की घटना के कुछ दिन बाद भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प का मामला सामने आया है। यह घटना गुरुवार को शोरापुर निर्वाचन क्षेत्र में हुई, जिसमें अनेक वाहनों को नुकसान पहुंचा और कम से कम 10 लोग घायल हो गए। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प तब शुरू हुई जब कांग्रेस से टिकट की आशा रखने वाले राजा वेंकटप्पा नायक आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद एक मंदिर के मेले में शामिल होने पहुंचे। वहां पहले से मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री नायक के मंदिर मेले में शामिल होने का विरोध किया। इससे दोनों दलों के समर्थकों के बीच झड़प हो गई, पथराव किया गया और कारों तथा अन्य वाहनों में तोड़फोड़ किया गया। इस झड़प में 10 लोग घायल हो गए, पुलिस ने भाजपा और कांग्रेस नेताओं राजू गौड़ा एवं श्री नायक के खिलाफ मामला दर्ज किया साथ ही 18 लोगों को गिरफ्तार किया। घटना का संज्ञान लेते हुए यादगीर जिले के उपायुक्त ने शोरापुर निर्वाचन क्षेत्र में दो दिनों के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यादगीर जिले के गुरमिटकल विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को जद (एस) और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच भी झड़प की इसी प्रकार की घटना हुई थी।

यह घटना तब हुई थी जब जद (एस) के कार्यकर्ताओं ने गांव के एक मेले में कांग्रेस नेता बाबूराव चिंचनसुर की उपस्थिति का विरोध किया और कहा कि इस मेले का आयोजन राजनीतिक दलों के बिना किया जा रहा है तथा किसी भी नेता पर ध्यान नहीं देना चाहिए। पुलिस ने इस मामले में भी एक केस दर्ज किया है।

### चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन आरोप में बोम्मई के सचिव पर मामला दर्ज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के राजनीतिक सचिव एम.पी. रेणुकाचार्य पर चुनावी नियमों का उल्लंघन करने का मामला दर्ज हो गया और इस मामले में उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। रेणुकाचार्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 171-ई और 171-आई के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन पर चुनाव के संबंध में किए गए खर्च का हिसाब नहीं रखने और रिश्वतखोरी आरोप लगा है। उल्लेखनीय है कि आईपीसी की धारा 171-ई में कहा गया है कि जो कोई भी रिश्वतखोरी का अपराध करता है, उसे किसी एक अवधि के लिए कारावास की सजा दी जाएगी, जिसे एक वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है या उस पर जुमार्ना या उसे सजा के साथ जुमार्ना भी भरना पड़ सकता है। वहीं आईपीसी की धारा 171-कमें कहा गया है कि जो कोई व्यक्ति भी उस समय लागू किसी भी कानून या कानून के बल वाले किसी नियम के लिए आवश्यक है कि वह चुनाव में या उसके संबंध में किए गए खर्चों का लेखा-जोखा रखने में विफल रहता है।




**जयपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डा. मोहनराव भागवत ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिण के प्रांतों में हिंदू आध्यात्मिक गुरुओं द्वारा किए गए सेवा कार्य मिशनरियों से कहीं अधिक हैं। वह जयपुर के जामडोली में केशव विद्यापीठ में राष्ट्रीय सेवा भारती के सेवा संगम के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, सेवा कहने के बाद सामान्यत: देश के प्रबुद्धजन मिशनरियों का नाम लेते हैं।**



**सेंसेक्स**

सेंसेक्स 1,031.43 अंक चढ़कर 58,991.52 अंकों पर बंद हुआ



**सोना**

सोने के भाव फिर से 59 हजार रुपये से नीचे चले

# उपभोक्ता अधिकार निकाय ने सीतारमण से की रारियो बिज की जांच करने की मांग

## रैरियो प्रमुख क्रिकेटरों सचिन तेंदुलकर, स्मृति मंधाना, चेतेश्वर पुजारा और अन्य जैसी हस्तियों का इस्तेमाल कर रहा

**नई दिल्ली।** कंज्यूमर ऑनलाइन फाउंडेशन ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को रैरियो नाम की एक कंपनी की व्यावसायिक गतिविधियों और वर्चुअल डिजिटल एसेट्स, क्रिप्टो करेंसी और एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग (एमएल) कानून के संबंध में भारतीय कराधान कानूनों के अनुपालन की जांच करने के लिए लिखा है। कंज्यूमर ऑनलाइन फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी बेजोन कुमार मिश्रा ने सीतारमण को लिखे पत्र में कहा कि अपनी वेबसाइट के अनुसार, रैरियो खुद को दुनिया का पहला और सबसे बड़ा लाइसेंस प्राप्त डिजिटल क्रिकेट कलेक्टिबल प्लेटफॉर्म बताता है, जो प्रशंसकों को



खेल के करीब लाने के लिए समर्पित है। वास्तव में, रैरियो एक एनएफटी और क्रिप्टोक्यूरेंसी प्लेटफॉर्म है, एक ऐसा तथ्य जो उनकी वेबसाइट पर आने वाले लोगों के लिए स्पष्ट नहीं है। रैरियो खुद को डिजिटल प्लेयर कार्ड की खरीद और बिक्री में लगी कंपनी के रूप में संदर्भित करता है। भारतीय क्रिकेट प्रशंसक इसके उपभोक्ता हैं। 20 मार्च को एक प्रेस विज्ञप्ति में अपने स्वयं के प्रवेश द्वारा, रैरियो ने 1.3 मिलियन से अधिक खिलाड़ी कार्ड क्रिकेट प्रशंसकों को बेचे हैं, जो इतने कम समय में एक अभूतपूर्व संख्या है। रैरियो क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर को अपना रणनीतिक निवेशक मानता है। रैरियो की मूल कंपनी डिजिटल कलेक्टिबल्स पीटीई लिमिटेड सिंगापुर से बाहर स्थित है जिसकी भारतीय पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रैरियो डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली में स्थित है। विदेशों में पैसा पार्क करने के लिए भारतीय कानूनों को दरकिनार करने वाली संस्थाओं के लिए यह एक दिलचस्प व्यवस्था है। मिश्रा ने कहा, हमारे प्रारंभिक अध्ययन से पता चला है कि रैरियो ने भारत में आभासी डिजिटल संपत्ति और क्रिप्टो मुद्रा के लागू कराधान प्रावधानों का उल्लंघन किया है। यह देखा गया है कि रैरियो में सभी लेनदेन में उपभोक्ताओं को अनैतिक विपणन प्रथाओं को अपनाकर भ्रामक तरीके से गुमराह किया जाता है, जो न केवल अनुचित व्यापार प्रथाओं के रूप में माना जाता है लेकिन उपभोक्ता के अधिकारों का उल्लंघन भी करता है। मिश्रा ने कहा कि रैरियो की मौजूदा केवाईसी प्रक्रिया हमारे देश के धनशोधन रोधी (एएमएल) कानूनों के उल्लंघन के समान है। वित्त मंत्रालय की हालिया अधिसूचना के अनुसार, आभासी डिजिटल संपत्ति (वीडीए) में काम करने वाली संस्थाओं को अब धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत रिपोर्टिंग इकाई माना जाएगा और इसकी पहचान साबित करने वाले दस्तावेजों के केवाईसी विवरण या रिकॉर्ड को बनाए रखने की आवश्यकता है। ग्राहकों और लाभार्थी स्वामियों के साथ-साथ खाता फाइलें और इसके ग्राहकों से संबंधित व्यावसायिक पत्राचार। रैरियो विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) 1999 की उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत लेनदेन पर किसी भी सीमा के बिना अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन की सुविधा प्रदान कर रहा है। यह फेमा विनियमों के तहत एक चिंता का विषय है, जिसमें एलआरएस जैसे अधिकृत मार्गों का उपयोग किए बिना धन भारत से बाहर जाता है, जो भारत से बाहरी प्रेषण के लिए दिशानिर्देश निर्धारित करता है। मिश्रा ने कहा कि रैरियो प्रमुख क्रिकेटरों सचिन तेंदुलकर, स्मृति मंधाना, चेतेश्वर पुजारा और अन्य जैसी हस्तियों का इस्तेमाल कर रहा है ताकि लाखों मासूम और कमजोर क्रिकेट प्रशंसकों को अनैतिक और अवैध तरीके से अपने मंच पर प्लेयर-कार्ड खरीदने और बेचने के लिए गुमराह किया जा सके।

## सेबी ने अनाधिकृत परामर्श सेवाएं देने को लेकर चार संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार के नियामक सेबी ने शुक्रवार को चार कंपनियों को स्वीकृत के बगैर निवेश परामर्श सेवाएं देने के लिए प्रतिभूति बाजारों से छह महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कोर्स वर्क फोकस और इसके मालिक शशांक हिरवानी, कैपिटल रिसर्च के मालिक गोपाल गुप्ता और कैपर्स के मालिक राहुल पटेल को छह महीने के लिए प्रतिभूति बाजार में भागीदारी करने से रोक दिया है। दो अलग-अलग आदेशों में, सेबी ने अपनी पड़ताल में पाया कि ये कंपनियां निवेश सलाहकार के रूप में प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना अनाधिकृत निवेश सलाहकार सेवाओं में लगी हुई थीं। बाजार नियामक के अनुसार, कोर्स वर्क फोकस और हिरवानी ने मार्च 2018 से जुलाई 2020 के दौरान सामूहिक रूप से निवेशकों से 96 लाख रुपये से अधिक जुटाए थे। वहीं गुप्ता और पटेल ने मिलकर जून 2014 और नवंबर 2019 के बीच निवेशकों से 60.84 लाख रुपये एकत्र किए। सेबी ने बुधवार को पारित अपने अंतिम आदेश में कहा कि इस तरह के कार्यों से कंपनियों ने आईए (निवेश सलाहकार) नियमों का उल्लंघन किया है। सेबी ने अपने आदेश में, कंपनियों को तीन महीने के भीतर ऐसी सेवाओं के लिए भुगतान किया गया निवेशकों का पैसा वापस करने का निर्देश दिया है। *एजेंसी*

## डिजिटल व्यूअरशिप में जबरदस्त उछाल

**नई दिल्ली।** एक रिपोर्ट में कहा गया है कि गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच टाटा आईपीएल 2023 के सीजन के पहले मैच में पिछले छह सत्रों में टीवी व्यूअरशिप के मामले में दूसरी सबसे कम संख्या दर्ज की गई। हालांकि डिजिटल व्यूअरशिप ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारक, स्टार स्पोर्ट्स ने ओपनिंग फिक्स्चर के लिए 7.29 की रेटिंग दर्ज की, जो 2021 संस्करण (8.25) और 2020 (10.36) से काफी कम है। पिछले गेम के लिए संख्या 33 प्रतिशत थी, जो पिछले छह सत्रों में दूसरी सबसे कम है और बार्क संख्या भी इस गिरावट को दर्शाती है, जिसमें पिछले वर्ष के 23.1 प्रतिशत के विपरीत 22 प्रतिशत दर्ज की गई। एक बयान में कहा गया कि आईपीएल 2023 के आधिकारिक डिजिटल स्ट्रीमिंग पार्टनर जियो सिनेमा ने पिछले साल के डिज्नी प्लस हॉटस्टार के डिजिटल दर्शकों की संख्या के मुकाबले व्यूअरशिप टूर्नामेंट के पहले ही सप्ताह में पार कर ली। एक बयान में कहा गया है, जियो सिनेमा का आईपीएल डेब्यू रिकॉर्ड-ब्रेकिंग ओपनिंग डे नंबरों के साथ बेहद सफल साबित हुआ।

## केवल एक रुपये में गला तर करने वाली रसना फिर हुई फेमस, फाउंडर पिरोजशॉ खंबाटा को मिला पद्मश्री

**नई दिल्ली।** रसना ग्रुप के संस्थापक और अध्यक्ष अरीज पिरोजशॉ खंबाटा को गुजरात के व्यापार एवं उद्योग क्षेत्र में उनके काम के लिए मरणोपरांत पद्म श्री से सम्मानित किया गया है। देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक यह पुरस्कार राष्ट्र निर्माण की दिशा में खंबाटा के जीवन भर के कार्य के लिए प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार उनकी पत्नी पर्सिस अरीज खंबाटा और पुत्र पिरुज अरीज खंबाटा ने ग्रहण किया। खंबाटा इस तरह का सम्मान पाने वाले अहमदाबाद के पहले पारसी हैं। उन्होंने मूल स्टार्टअप, मेड इन इंडिया कंपनी की स्थापना की थी जिसने अंतर्राष्ट्रीय बाजार को भी जीत लिया है। आज रसना विश्व स्तर पर इंस्टेंट ड्रिंक एंड बेवरीज निर्माता के रूप में जाना जाता है जिसका 80 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी भारत में है। राष्ट्र निर्माण की भावना से ओत प्रोत होकर खंबाटा ने अपने कई अवतारों के माध्यम से सेवा की है। खंबाटा का यह वर्ल्ड फेमस ब्रैंड केवल 1 रुपये के किफायती दाम पर फलों से बने



सूखे/गाढ़े रूप में शीतल पेय बेचता है। रसना ग्रुप का कहना है कि यह विटामिन्स और कई पोषक-तत्वों के साथ लाखों भारतीयों की प्यास बुझाता है। एक व्यवसायी के रूप में उन्होंने लाखों रोजगार सृजित करते हुए आर्थिक विकास में योगदान दिया है। एक परोपकारी व्यक्ति के रूप में उन्होंने सुविधा वंचित लोगों के लिए शिक्षा और चिकित्सा देखभाल के विकास की दिशा में अथक प्रयास किया है। एक सामुदायिक नेता के रूप में उन्होंने भारत और विदेशों में पारसी समुदाय के हितों की रक्षा के लिए काम किया है और होमगार्ड के कमांडेंट के रूप में उन्होंने राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ नागरिकों के जीवन और संपत्ति की रक्षा की है। अपने उसूल काम काम के साथ जीते हुए उन्होंने हमेशा उद्यमियों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने का प्रयास किया। हमारा साथ बिताए समय में उन्होंने जितनी जिंदगियां सवारी हैं उनके इस काम को लोग लम्बे समय तक याद रखेंगे। रसना ग्रुप के अध्यक्ष पिरूज खंबाटा ने कहा, खंबाटा परिवार भारत के राष्ट्रपति द्वारा मरणोपरांत अरीज खंबाटा को दिए गए इस पुरस्कार को विनम्रतापूर्वक स्वीकार कर रहा है। हम इसके लिए हमेशा आभारी हैं। मैंने और मेरे परिवार ने राष्ट्र निर्माण की दिशा में मेरे स्वर्गीय पिता के पदचिन्हों पर चलने के लिए खुद को समर्पित कर दिया है।

## सैमसंग ने मेमोरी चिप आउटपुट में कटौती की

**सोल।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने शुक्रवार को कहा कि उसने अल्पावधि में मेमोरी उत्पादन में कटौती की है, क्योंकि चिप में गिरावट के बीच उसका तिमाही लाभ (संभावित 96 प्रतिशत) काफी गिर गया है।दुनिया की सबसे बड़ी मेमोरी चिप और स्मार्टफोन निमार्ता ने दिन की शुरूआत में अपने जनवरी-मार्च परिचालन लाभ का अनुमान 600 अरब वोन (454.9 मिलियन डॉलर) लगाया था, जो एक साल पहले के 14.12 ट्रिलियन वोन से काफी कम है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सैमसंग ने खराब प्रदर्शन के लिए ग्राहकों के इन्वेंट्री समायोजन के साथ-साथ तकनीकी उपकरणों की सुस्त मांग को जिम्मेदार ठहराया। गिरती कीमतों और आपूर्ति की भरमार से निपटने के लिए एक स्पष्ट प्रयास में कंपनी ने नियामक फाइलिंग में कहा, हम उन उत्पादों के लिए मेमोरी आउटपुट को सार्थक स्तर पर समायोजित कर रहे हैं जिनके पास भविष्य की मांग से निपटने के लिए पर्याप्त इन्वेंट्री सुरक्षित है।

## रिलायंस और जियो ने बैंकों के समूह से जुटाया पांच अरब डॉलर का कर्ज

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसकी दूरसंचार इकाई जियो इन्फोकॉम ने विदेशी मुद्रा ऋण के रूप में विभिन्न बैंकों के समूह से दो बार में कुल पांच अरब डॉलर जुटाए हैं, जो भारत के कॉरपोरेट इतिहास में सबसे बड़ा सिंडिकेट कर्ज (बैंकों/वित्तीय संस्थानों के समूह से लिया गया ऋण) है। सूत्रों ने बताया कि पिछले सप्ताह रिलायंस ने 55 बैंकों से तीन अरब डॉलर जुटाए थे, वहीं रिलायंस जियो इन्फोकॉम ने 18 बैंकों से अतिरिक्त दो अरब डॉलर का कर्ज लिया है। उन्होंने बताया कि तीन अरब डॉलर का कर्ज 31 मार्च तक लिया जा चुका था जबकि दो अरब डॉलर इसी हफ्ते मंगलवार को जुटाए गए हैं। रिलायंस जियो इस कोष का इस्तेमाल पूंजीगत व्यय के लिए करेगी और जियो देशभर में 5जी नेटवर्क शुरू करने पर यह राशि खर्च करेगी। सूत्रों ने बताया कि प्राथमिक रूप से तीन अरब डॉलर का ऋण 55 ऋणदाताओं से जुटाया गया जिनमें ताइवान के करीब दो दर्जन बैंकों के अलावा बैंक ऑफ अमेरिका, एचएसबीसी, एमयूएफजी, सिटी, एसएमबीसी, मिझुहो तथा क्रेडिट एग्रिकोल जैसे वैश्विक बैंक शामिल हैं। प्राथमिक कर्ज को मिली बढ़िया प्रतिक्रिया के बाद दो अरब डॉलर का अतिरिक्त कर्ज लेने का फैसला हुआ। इसके बाद, दो अरब डॉलर का नया कर्ज भी 55 कर्जदाताओं से समान शर्तों पर लिया गया।





## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 32.9 करोड़ डॉलर घटकर 578.45 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 मार्च को समाप्त सप्ताह में 32.9 करोड़ डॉलर घटकर 578.45 अरब डॉलर रहा। इस गिरावट का कारण स्वर्ण आरक्षित भंडार में कमी आना है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह कहा। इससे पिछले दो सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में पर्याप्त वृद्धि देखने को मिली थी तथा 24 मार्च को समाप्त सप्ताह में यह 5.98 अरब डॉलर बढ़कर 578.78 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। वित्तवर्ष 2022-23 में कुल विदेशीमुद्रा भंडार में 28.86 अरब डॉलर की गिरावट आई है। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में देश का कुल विदेशीमुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। वैश्विक घटनाक्रमों के बीच केंद्रीय बैंक के रुपये की विनियम दर में तेज गिरावट को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग करने की वजह से बाद में इसमें गिरावट आई थी।

## सुस्त मांग के चलते एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का पहली तिमाही का लाभ 23 प्रतिशत घटा

**सोल।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने शुक्रवार को कहा कि व्यापक आर्थिक संकट के बीच जनवरी-मार्च की अवधि के लिए उसके परिचालन लाभ में एक साल पहले की तुलना में 23 प्रतिशत की गिरावट आई है। उपभोक्ता मांग कम हो गई है। दक्षिण कोरियाई टेक कंपनी ने अपने पहली तिमाही के परिचालन लाभ का अनुमान 1.49 ट्रिलियन वोन (1.1 अरब डॉलर) लगाया था, जो एक साल पहले की तुलना में 22.9 प्रतिशत कम है।

बिक्री 2.6 प्रतिशत घटकर 20.41 ट्रिलियन वोन हो गई। शुद्ध आय के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

हालांकि, योनहाप समाचार एजेंसी की वित्तीय डेटा फर्म योनहाप इन्फोमैक्स के एक सर्वेक्षण के अनुसार, परिचालन लाभ औसत अनुमान से 20.7 प्रतिशत अधिक था। हालांकि एलजी का तिमाही लाभ वास्तव में एक साल पहले से बढ़ा है।

सामग्री की लागत को स्थिर करने और घरेलू उपकरणों की स्थिर बिक्री ने फर्म को अपेक्षाकृत ठोस आय परिणाम प्राप्त करने में मदद की।

यूरोपीय बाजार में टीवी की मांग में सुधार, एलजी के सबसे बड़े ओएलईडी टीवी बाजार और घटती इन्वेंट्री के स्तर के साथ-साथ पिछली तीन लगातार तिमाहियों से घाटे में रहने के बाद, एलजी के टीवी कारोबार में साल के पहले तीन महीनों में बदलाव की संभावना है।

मार्केट रिसर्च फर्म डिस्प्ले सप्लाई चेन कंसल्टेंट्स (डीएससीसी) के अनुसार, प्रीमियम टीवी शिपमेंट में एक साल पहले की पहली तिमाही की तुलना में 14 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान है, लेकिन दूसरी तिमाही में इसके बढ़ने की उम्मीद है। केबी सिक्योरिटीज के विश्लेषक किम डोंग-वोन को उम्मीद है कि एलजी का टीवी कारोबार इस साल ऑपरेटिंग प्रॉफिट में 439 अरब वोन दर्ज करेगा, जो एक साल पहले की तुलना में 81 गुना ज्यादा है।

# भारतीय कंज्यूमर टेक का वैल्युएयशन तेजी से बढ़कर 250 अरब डॉलर पर पहुंचा



**नई दिल्ली।** कंज्यूमर टेक क्षेत्र में पिछले पांच साल में 4,351 करार हुए हैं जिनसे 54 अरब डॉलर देश में आए हैं। एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय कंज्यूमर टेक क्षेत्र का आकार तेजी से बढ़ा है और दिसंबर 2022 तक 40 यूनिकॉर्न के साथ इस क्षेत्र का कुल वैल्युएशन 250 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। यूनिकॉर्न ऐसी कंपनी होती है जिसका वैल्युएशन एक अरब डॉलर या उससे अधिक होता है लेकिन वह शेयर बाजार में सूचीबद्ध नहीं है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप और मैट्रिक्स पार्टनर्स इंडिया द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि महामारी के कारण हर सेक्टर में डिजिटलीकरण बढ़ा है। इससे ऑनलाइन कारोबार तेजी से बढ़ा तथा ऑनलाइन खरीददारी करने वालों की संख्या 35 से 40 करोड़ तक पहुंच गई। रिपोर्ट के अनुसार, अगले 5-10 साल में देश की अर्थव्यवस्था का आकार करीब 35 खरब डॉलर बढ़ जाएगा। यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के मौजूदा आकार के बराबर होगी जहां पहुंचने में 75 साल का समय लगा है। मैट्रिक्स पार्टनर्स इंडिया के प्रमुख सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा, इस वृद्धि से प्रति व्यक्ति आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी इससे गैर-जरूरी मदों में लोग ज्यादा पैसे खर्च करेंगे जो पहले कभी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यह नव उद्मियों को तेजी से बढ़ रहे बाजार में नए अवसर प्रदान करेगा और वास्तविक जीवन की समस्याओं को दूर कर देश के आर्थिक विकास में योगदान देगा। रिपोर्ट के अनुसार, ओमनी-चैनल (एक ही प्लेटफॉर्म पर सभी वस्तुएं उपलब्ध कराने वाले) की प्रासंगिकताबढ़ने से डिजिटल विज्ञापन के प्रभाव में रिटेल शॉपिंग पर खर्च 6 से 8 गुना तक बढ़कर 2021 में 20.7 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया। पिछले तीन साल में ऑनलाइन उपभोक्ताओं द्वारा सोशल मीडिया और फोटो/वीडियो ऐप पर बिताया जाना वाला समय 1.8 गुना बढ़ गया है। इस कारण ई-कॉमर्स के लिए संभावित ग्राहकों को वहां से खींच कर खरीददारी तक लाना महत्वपूर्ण हो जाता है। ग्राहक अपनी पसंद के उत्पाद खोजने के लिए अब सर्च इंजन की जगह ऑनलाइन मार्केट प्लेस पर ज्यादा समय बिता रहे हैं। अब 35-40 प्रतिशत उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, मोबाइल, फूड, एफएमसीजी तथा सौंदर्य उत्पादों के लिए मार्केटप्लेस पर सर्च कर रहे हैं। बोस्टन कंसल्टिंग समूह की प्रबंध निदेशक पारुल बजाज ने कहा, नए ऑनलाइन खरीददार पुराने खरीददारों से अलग हैं - उनकी उम्र ज्यादा है, उनमें महिलाएं और कम आय वाले लोगज्यादा हैं तथा वे छोटे शहरों से हैं। उद्यमी और लीडर जब नये उपभोक्ताओं के लिए बिजनेस मॉडल तैयार कर रहे हैं तो यह एक अवसर भी है और चुनौती भी। ग्राहक ज्यादा संतुष्टि और जल्द डिलिवरी के विकल्प की तलाश कर रहे हैं। इसने क्यू-कॉमर्स (क्वि क कॉमर्स) को जन्म दिया है जिसमें ओवरऑल ग्रॉसरी बाजार के 25-30 प्रतिशत पर कब्जा कर लिया है।

# हुंडई मोटर इंडिया ने उत्तर प्रदेश में आईटीसी चौपाल सागर पर ऑन-ग्राउंड रूरल एक्टिवेशन की शुरूआत की

**गोंडा।** देश की पहली स्मार्ट मोबिलिटी सॉल्यूशन प्रोवाडर और शुरूआत से ही सबसे बड़ी निर्यातक हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने हाल ही में गोंडा (उत्तर प्रदेश) में आईटीसी के चौपाल सागर सेंटर में अपने ऑन-ग्राउंड रूरल एक्टिवेशन की शुरूआत की। यह गतिविधि ग्रामीण बाजारों में हुंडई ब्रांड की पहुंच को बढ़ाने की दिशा में आईटीसी एग्री बिजनेस डिवीजन (एबीडी) के साथ की गई अनूठी कॉरपोरेट साझेदारी का हिस्सा है। इस मौके पर हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर तरुण गर्ग ने कहा, भारत विविधताओं से भरा बाजार है और हमारे ग्राहक



विविध संस्कृति, जीवनशैली एवं व्यवहार वाले हैं, जो देश के विभिन्न हिस्सों में बसे हैं। जब हम भारतीय बाजार की ओर देखते हैं, तो यहां हमारी एसयूवी ने सभी मेट्रो शहरों में ग्राहकों का दिल जीता है। यही ट्रेंड ग्रामीण बाजारों में भी दिखता है। एचएमआईएल की कुल बिक्री में 49 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ ग्रामीण बाजारों ने भी एसयूवी सेगमेंट की ओर ही रुझान दिखाया है, जहां 25 प्रतिशत हिस्सदारी के साथ हुंडई क्रेटा टॉप पर और 24 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ हुंडई वेन्यू दूसरे स्थान पर है। श्री गर्ग ने आगे कहा, हमने हाल ही में 2022 में ग्रामीण बिक्री में 1 लाख बिक्री का आंकड़ा पार किया है। हुंडई के ग्लोबल विजन प्रोग्रेस फॉर ह्यूमैनिटी के ही अनुरूप हमने भारत के हर कोने में सर्विस उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया है। उत्तर प्रदेश एचएमआईल के लिए महत्वपूर्ण बाजार है, जहां 104 शोरूम का नेटवर्क है, जिनमें 35 रूरल शोरूम हैं। आईटीसी की चौपाल सागर, ई-चौपाल और आईटीसी मार्स जैसी योजनाओं का लाभ लेते हुए हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड का लक्ष्य 35000 गांवों में 40 लाख से ज्यादा किसानों के सपनों को साकार करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती देना है, जो ई-चौपाल इको-सिस्टम का हिस्सा हैं। आईटीसी के एग्री बिजनेस डिवीजन (एबीडी) के साथ समझौते के तहत हुंडई मोटर इंडिया महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में आईटीसी के इंटीग्रेटेड रूरल सर्विस हब के रूप में विकसित चौपाल सागर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रही है। 10 राज्यों में मौजूद ई-चौपाल का लाभ ग्रामीण उपभोक्ताओं को केंद्र में रखते हुए ब्रांड एसोसिएशन एवं एंगेजमेंट को बढ़ाया जाएगा। एचएमआईएल ने आईटीसी की रूरल कम्युनिटीज एवं किसान नेटवर्क से अनूठे अभियानों के माध्यम से लिंक स्थापित किया है। आईटीसी एबीडी और एचएमआईएल के बीच इस गठजोड़ से आईटीसी मार्स प्लेटफॉर्म का लाभ लेते हुए ग्राहकों से डिजिटल कनेक्ट को भी बढ़ावा मिलेगा। *एजेंसी*

## संक्षेप

### देश में हुई सात लाख टन गेहूं की खरीद, पिछले वर्ष की तुलना में पांच लाख टन अधिक

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य निगम ने गुरुवार शाम तक सात लाख टन गेहूं की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में पांच लाख टन अधिक है। निगम के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अशोक कुमार मीणा ने रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की गेहूं उत्पादन के आंकड़े जारी करने को लेकर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गत वर्ष इसी समय तक दो लाख टन गेहूं की खरीद की गई थी। गेहूं की खरीद की शुरूआत बहुत अच्छी है। उन्होंने कहा कि पिछले साल की तुलना में इस बार अधिक क्षेत्र में गेहूं की फसल लगाई गई है और इस बार बरसात तथा ओला वृष्टि के बावजूद पैदावार अच्छी होने की उम्मीद है। श्री मीणा ने कहा कि इस बार निगम के 342 लाख टन गेहूं की खरीद करने की योजना है । इस वर्ष एक अप्रैल को 84 लाख टन गेहूं का भंडार था जो बफर स्टाक से काफी अधिक था। उन्होंने कहा कि इस बार देश में पर्याप्त मात्रा में गेहूं उपलब्ध रहेगा, जिससे इसके मूल्य के स्थिर रहने की आशा है। उन्होंने कहा कि देश में गेहूं खरीद के लिए पर्याप्त संख्या में केन्द्र खोले गये हैं और इसके लिए पहले से ही आवश्यक कदम उठाये गये हैं। वर्षा और ओला वृष्टि के बावजूद कुछ राज्यों में गेहूं की बम्पर पैदावार होने की उम्मीद है।

### आईटी नियमों में 'सख्त' संशोधनों को वापस लिया जाये: एडिटर्स गिल्ड

**नई दिल्ली।** एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि वह सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में उन सख्त संशोधनों से बहुत चिंतित है, जिसमें फर्जी समाचारों को तय करने का पूर्ण जिम्मा सरकार को दिया गया है। गिल्ड ने यहां एक बयान में सरकार से सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) संशोधन नियमों को वापस लेने और मीडिया संगठनों तथा प्रेस निकायों के साथ परामर्श करने का आग्रह किया, जैसा कि उसने पहले वादा किया था। गिल्ड ने कहा कि नियमों के अनुसार सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय ने खुद को एक फैक्ट चेक यूनिट गठित करने की शक्ति दे दी है, जिसके पास केंद्र सरकार के किसी भी काम के संबंध में फर्जी या गलत या भ्रामक क्या है, यह निर्धारित करने के लिए व्यापक शक्तियां होंगी। उसने कहा कि मंत्रालय ने खुद को मध्यस्थों (सोशल मीडिया मध्यस्थों, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं और अन्य सेवा प्रदाताओं सहित) को इस तरह की सामग्री को प्रचारित नहीं करने के लिए निर्देश जारी करने का अधिकार भी दिया है। बयान में कहा गया है, असल में, सरकार ने खुद को अपने स्वयं के काम के संबंध में, कोई खबर फर्जी है या नहीं, यह निर्धारित करने और इसे हटाने का आदेश देने के लिए पूर्ण शक्ति दी है। एडिटर्स गिल्ड का कहना है कि इस तरह की फैक्ट चेकिंग यूनिट के लिए नियामक तंत्र क्या होगा, इसका कोई उल्लेख नहीं किया गया है और न ही इसमें न्यायिक निरीक्षण, अपील करने का अधिकार, या श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा सामग्री को हटाने या सोशल मीडिया हैंडल को ब्लॉक करने के लिए निर्धारित दिशानिदेशों का पालन करने का प्रस्ताव है। बयान में कहा गया है, यह सब नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है और सेंसरशिप के समान है। गिल्ड ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि मंत्रालय ने इस संशोधन को बिना किसी सार्थक चर्चा के अधिसूचित कर दिया।

### यूपीआई पर अब मिलेगा पूर्व अनुमोदित क्रेडिट लाइन

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से बैंकों में प्री सेंक्शन्ड क्रेडिट लाइन के संचालन की अनुमति दी है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद गर्वनर शक्तिकांत दास ने बैठक में लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुये यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि बैंकों में प्री सेंक्शन्ड क्रेडिट लाइन के संचालन की अनुमति देकर यूपीआई का दायरा बढ़ाया जाएगा। इससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और ग्राहकों को क्रेडिट तक पहुंच बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इसके बारे में विस्तृत जानकारी बाद में जारी की जायेगी। उन्होंने कहा कि यूपीआई ने रिटेल भुगतान के परिदृष्य को बदला है और अब तक उसमें कई नये फीचर जोड़े जा चुके हैं। इसीक्रम में यह प्री सेंक्शन्ड क्रेडिट लाइन को जोड़ने की तैयारी है।

### सनसोर्स एनर्जी ने वरुण बेवरेजेज के लिए यूपी में 9 मेगावाट डीसी सोलर ओपन एक्सेस प्रोजेक्ट की शुरूआत की

**लखनऊ।** सनसोर्स एनर्जी, वितरित सौर ऊर्जाक्षेत्र की एक अग्रणी फर्म, ने वरुण बेवरेजेज के लिए 9 मेगावाट डीसी सोलर प्रोजेक्ट शुरू करने की घोषणा की, जो बेवरेज उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी और पेप्सिको की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी में से एक है। पीपीए के अनुसार, लोन साइप्रेस वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, सनसोर्स एनर्जी द्वारा निगमित एक एसपीवी, उत्तर प्रदेश के मथुरा में कोसी और हरदोई में संडिला में स्थापित वरुण बेवरेजेज के दो बॉटलिंग संयंत्रों को 25 वर्षों के लिए 9 मेगावाट डीसी सोलर ऊर्जा की आपूर्ति करेगा। अधिकृत सोलर प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश में सनसोर्स एनर्जी की 45 एमडब्ल्यूपी ओपन एक्सेस सोलर प्रोजेक्ट का हिस्सा है। 9 (एमडब्ल्यू)डीसी प्रोजेक्ट से उम्मीद की जाती है कि यह वरुण बेवरेजेज के दो बॉटलिंग संयंत्रों के तकनीकी जीवनकाल में 270 मिलियन किलोग्राम सीओ2 उत्सर्जन को पूरा करते हुए, लगभग 300 जीडब्ल्यूएच स्वच्छ ऊर्जा का आजीवन उत्पादन करेगा। सनसोर्स एनर्जी के सह-संस्थापक, प्रबंध निदेशक और सीइओ, कुशाग्र नंदन ने कहा, सनसोर्स एनर्जी अपने सीएंडआई ग्राहकों को उनकी एनर्जीट्रांजिशन यात्रा में किफायती और सतत समाधान प्रदान करने और भारत के समग्र कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में योगदान देने में बहुत गर्व महसूस करती है। उत्तर प्रदेश में ऑन- साइट और ऑफ- साइट प्रोजेक्ट दोनों के माध्यम से, हम वर्षों से कई ग्राहकों को सौर ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। हमें बहुत खुशी है कि वरुण बेवरेजेज, जो 1990 के दशक से पेप्सिको का सबसे बड़ा बॉटलिंग पार्टनर है, ने अपनी हरित यात्रा में हमारे साथ साझेदारी की है। 2070 तक भारत को नेट जीरो बनाने के हमारे माननीय प्रधान मंत्री के आह्वान ने डीकाबोर्नाइजेशन और स्थिरता को महत्वपूर्ण बना दिया है। पूरे भारत में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति के साथ, सनसोर्स एनर्जी कई वाणिज्यिक और औद्योगिक ग्राहकों को उनकी ऊर्जा परिवर्तन यात्रा में सहायता कर रही है।

### आईटीएल ने एफवाई23 में 151160 ट्रैक्टरों की सबसे बड़ी वार्षिक बिक्री दर्ज की

**नई दिल्ली।** किसानों की विभिन्न प्रकार के मांगों को पूरा करते हुए और विश्व भर में अपने वादों को निभाते हुए, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड (आईटीएल) ने शानदार प्रदर्शन के साथ अपनी एफवाई '23 यात्रा पूरी की है। भारत से नं.1 ट्रैक्टर निर्यात ब्रांड, आईटीएल ने अपनी इनोवेशन और किसान केंद्रित दृष्टिकोण को पूरी तरह से विस्तारित करते हुए 1,51,160 ट्रैक्टरों के साथ अपनी सबसे अधिक वार्षिक बिक्री दर्ज की है। इस शानदार उपलब्धि में 14.1% बाजार हिस्सेदारी और 11% वृद्धि भी शामिल है। दुनिया का सबसे बड़ा ट्रैक्टर बाजार, भारत में विभिन्न फसल और मिट्टी के कारण किसानों की अनोखी और चुनौतीपूर्ण आवश्यकताएं हैं आईटीएल ने हमेशा नए ट्रैक्टरों को पेश करना जारी रखा है और यहां तक कि खेती की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने चैनल पार्टनर्स के साथ अच्छा तालमेल बनाए रखा है। आईटीएल द्वारा बिक्री में यह नयी उपलब्धि किसानों के बढ़ते भरोसे को दशार्ता है क्योंकि यह उन्हें वन स्टॉप फार्म समाधान प्रदान करता है और दुनिया भर में अपने ग्राहकों के लिए कृषि समृद्धि के वादे को पूरा करता आया है। ट्रैक्टर बिक्री में नई उपलब्धि आईटीएल में किसानों के बढ़ते विश्वास और खुशी को दशार्ता है साथ ही साथ कंपनी को एक उत्तम फार्म समाधान प्रदाता के रूप में विश्वसनीय ब्रांड बनाता है। इस अभूतपूर्व प्रदर्शन पर अपने विचार साझा करते हुए, श्री रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एफवाई '23 आईटीएल में सबसे बड़ा वर्ष है क्योंकि हमने अपनी सबसे अधिक 1,51,160 वार्षिक ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की है। 1,00,000 वार्षिक ट्रैक्टर बिक्री के बाद यह हमारे लिए दूसरा सबसे बड़ा मुकाम है। यह नई उपलब्धि कई पहलों से प्रेरित है - उत्पाद इनोवेशन पर हमारा सटीक ध्यान, वेबसाइट पर ट्रैक्टर की कीमतों को प्रदर्शित करना जिसने ट्रैक्टर उद्योग में पारदर्शिता बढ़ाई।

# अराजक तत्वों ने तोड़ी अंबेडकर की मूर्ति

**आक्रोश**

### पुनः मूर्ति लगाने के आश्वासन के बाद माने ग्रामीण

**जनसंदेश न्यूज**


अराजकों द्वारा तोड़ी गयी अम्बेडकर प्रतिमा

**सुजानगंज।** क्षेत्र के शेखपुर खुटहनी गांव में शुक्रवार को भोर में ग्रामीणों ने देखा कि अराजक तत्वों द्वारा गांव में लगी डा. अम्बेडकर की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। सूचना पर गांव के सैकड़ों लोग इकठ्ठा हो गए। मौके पर थानाध्यक्ष घनश्याम शुक्ल मय फोर्स पहुंच गए। ग्रामीणों ने कहा कि नई मूर्ति लगाई जाए।

उक्त गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र रामकरन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि अराजक तत्वों द्वारा अंबेडकर की मूर्ति को तोड़ दिया गया है। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। भीम आर्मी के रमेश कुमार, अमन कुमार, अरविंद रावत समेत अन्य पदाधिकारी भी पहुंच गए। क्षेत्राधिकारी बदलापुर शुभम तोदी भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को समझाया कि पुनः इसी स्थान पर अंबेडकर की मूर्ति लगवाई जायेगी तब जाकर ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। थानाध्यक्ष घनश्याम शुक्ल ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व यहां अनाधिकृत रूप से अंबेडकर की मूर्ति लगाई गई थी जो अराजक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दी गई। मूर्ति मंगवाई गई है, जल्द ही लगवा दी जाएगी।

## स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की जरूरत

**जौनपुर।** स्वर्गीय मालती सिंह पीजी कॉलेज अमरपुर बेलवा के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं ने रायपुर ग्राम सभा के दुर्गा देवी स्थान पर स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली। यह रैली दुर्गा देवी जगदीशपुर से होते हुए गहलाई तक गई उसके उपरांत समापन किया गया। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहकर अपने और दूसरे को भी स्वस्थ रखा जा सकता है। संबोधन के उपरांत उन्होंने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और साथ ही साथ दो से 3 किलोमीटर की दूरी बच्चों के साथ रैली में उपस्थित रहे। उन्होंने कालेज के संस्थापक अरविंद सिंह दारा को धन्यवाद दिया कि उन्होंने सभी छात्र छात्राओं के लिए निःशुल्क बस की सुविधा देकर उनको एक सुरक्षित माहौल प्रदान किया है यह काबिले तारीफ है। इस मौके पर कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बलराज कुमार, रुपेश प्रसाद त्रिपाठी, बंकिम सिंह, राय साहब व समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शाही मस्जिद में तरावीह मुकम्मल



**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** मछलीशहर नगर के फूल खां वार्ड स्थित शाही मस्जिद में तरावीह की नमाज में कुरआन मुकम्मल हुआ। हाफिज अजहरुददीन ने मुकम्मल कुरआन पाक की तेलावत किया। हाफिज इसी कसबे के मदरसा अरबिया रियाजुल उलूम से हिफ्ज की पढ़ाई मुकम्मल थी। हाफिज द्वारा रमजान के दूसरे अशरे 14 वें रोजे को तरावीह में कुरआन मुकम्मल किया और मुल्क में अमन व चैन के लिए दुआ की। सलातो सलाम के बाद मौलाना शम्सुद्दीन ने दुआ की।

इस मौके पर सरपरस्त सीरत कमेटी हाजी मोहम्मद इमरान खान ने कहाकि रमजान अल्लाह का मुसलमानों के लिए तोहफा है। रोजा सिर्फ भूखे रहने का नाम नहीं बल्कि हर तरह की बुराइयों, गुनाह से बचना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि बेहद खुशनसीब हैं वह मां-बाप जिनके बच्चों ने अल्लाह के कलाम को अपने सीनों में महफूज कर लिया। जन्नत में कुरान पाक हिफ्ज करने वालों का मर्तबा बड़ा ही ऊंचा है। इस मौके पर अशरफ राईन, इरशाद अहमद, शकील अहमद, फैजान अहमद, हाफिज यूनुस, गुलाम रसूल, डा. शाह आलम, अनीस खान, अजमत राइन समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### सपा के राष्ट्रीय महासचिव का आगमन आज


लालजी वर्मा

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी संगठन के 73 लोकसभा जौनपुर, 74 लोकसभा मछलीशहर संगठन के बूथ गठन प्रभारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विधायक लालजी वर्मा का आगमन शनिवार को हिन्दी भवन में 10 बजे दिन में समाजवादी पार्टी द्वारा बूथ गठन हेतु सभी जनप्रतिनिधि, पूर्व जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेताओं एवं बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी है। उक्त जानकारी निवर्तमान प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी ने दी है।

### भाजपा के स्थापना दिवस पर शिविर आयोजित


शिविर में मरीज का उपचार करते चिकित्सक

**शाहगंज।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को दूसरे दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भाजयुमों द्वारा स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जांच व दवा वितरण किया गया। आयुष चिकित्साधिकारी डा. आरके वर्मा द्वारा मरीजों का परीक्षण कर उपचार किया गया। इस दौरान डा. अमित सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में भाजयुमों के महामंत्री धीरज पाटिल ने वहां पर मौके पर मौजूद लोगों को बीजेपी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। कार्यक्रम भाजयुमों अध्यक्ष किशन अग्रहरी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। शिविर में भाजपा शोध प्रमुख डा. अभिषेक रावत, अमित त्रिपाठी, चिंता हरण शर्मा, वेद प्रकाश जायसवाल, प्रदीप यादव, राहुल अग्रहरी आदि मौजूद रहे।

### बाजारवासियों ने की पुलिस चौकी की मांग

**गभिरन।** खुटहन के अतिव्यस्तम बाजारों में से एक गभिरन बाजार में बाजारवासियों ने अपनी जान माल की सुरक्षा हेतु प्रशासन से पुलिस चौकी की मांग की है। बाजारवासियों कहना है कि गभिरन बाजार जनपद के तीन थानों खुटहन, खेतासराय तथा सरायख्वाजा के बीच स्थित है। बाजार से तीनों थानों की सीमा तकरीबन 1 किलोमीटर है। यहां यूनियन बैंक, बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, साधन सहकारी समिति, परिषदीय विद्यालय, इण्टर कॉलेज जैसे महत्वपूर्ण सरकारी संस्थान स्थित है। इसके अलावा व्यापारियों के कई प्रतिष्ठान स्थित है। ऐसे में किसी घटना के घटित होने के पश्चात बाजार से थानों की दूरी अधिक होने के कारण पुलिस बल देरी से पहुंचता है जिससे शांति व कानूनी व्यवस्था भंग होने का खतरा हमेशा बना हुआ है। बाजार में अमन शांति बरकरार रहे, इस उम्मीद में बाजारवासियों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से लेकर पुलिस प्रशासन के आलाधिकारियों तक पत्राचार कर पुलिस चौकी की मांग की परन्तु, अभी तक उनकी मांग को स्वीकार नहीं किया गया। ऐसे में बाजारवासियों ने जिम्मदारों को आगाह करते हुए उनकी आवश्यक मांग को स्वीकृति किये जाने की मांग की है।

### ग्राम पंचायत कोतवालपुर में वित्तीय वर्ष की जीपीडीपी बैठक आयोजित


बैठक को सम्बोधित करते वक्ता

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोतवालपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 के जीपीडीपी की कार्य योजना बनाने हेतु ग्राम पंचायत की खुली बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आवश्यक विन्दुओं पर ग्रामीणों के समक्ष चर्चा की गई। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोतवालपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 के जीपीडीपी की बैठक ग्राम प्रधान राजेश कुमार यादव की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन सेक्रेटरी उमेश सोनकर द्वारा किया गया। बैठक में शासन द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं एवं जन्म-मृत्यु पंजीकरण के बारे में सेक्रेटरी उमेश सोनकर द्वारा ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी गई एवं साथ-साथ यह भी बताया गया कि ग्राम पंचायतों में 1अप्रैल से 30 अप्रैल तक पूरे माह संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें गांव की साफ-सफाई हेतु रोस्टर बनाकर सफाई कर्मियों द्वारा गांव में साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। सफाई कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई के साथ-साथ यह भी बताया गया कि सभी ग्रामवासी अपने घरों में पानी इकट्ठा न होने दें एवं अपने घरों की साफ सफाई की समुचित व्यवस्था करें। गंदा पानी इकट्ठा न होने दें एवं घर में जहां भी पानी इकट्ठा होता हो जैसे कूलर और गड्ढे इत्यादि में पानी रुकता हो उसको सप्ताह में एक बार विशेष रूप से साफ सफाई करते रहें। इस दौरान ग्राम प्रधान राजेश कुमार यादव, सेक्रेटरी उमेश सोनकर व ग्राम पंचायत के सभी सदस्यगण, प्रधान प्रतिनिधि अनिल यादव, ग्राम पंचायत से संबंधित सभी कर्मचारी एवं पंचायत सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सफाई कर्मी मौजूद रहे।

### सांसद ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता का दिया आश्वासन

**केराकत।** नगर निवासी सुरेश ठठेरा उर्फ पप्पू के पुत्र निखिल 22 वर्ष की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर शुक्रवार को पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुचे सांसद बीपी सरोज ने परिवार को सांत्वना देते हुए धर्य बंधाया व पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की बात कही। सांसद के साथ अजित गुप्ता, श्रीप्रकाश पांडे, अजय सोनकर शास्त्री, महेंद्र प्रजापति, सांसद प्रतिनिधी सन्दीप द्विवेदी, ग्रामीण पत्रकार एशोसियेशन के तहसील उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, सोहन लाल सेठ, बांकेलाल साहू, श्यामसुंदर सेठ, राजेश सेठ, विजय सेठ, रिंकू सोनकर, अजय सेठ लोग रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**गोपीगंज।** सराय जगदीश रेलवे हाल्ट के नजदीक शुक्रवार को पचीस वर्षीय युवक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है कि शुक्रवार को एक युवक रेलवे ट्रैक पर खड़ा था, ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते प्रयागराज की तरफ से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ जाने से घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी और जंगीगंज चौकी इंचार्ज शाबान ने मृतक के जेब से मिले आधार से उसकी शिनाख्त धीरज यादव 25 पुत्र श्यामजीत यादव ग्राम लक्ष्मणिया थाना औराई के रूप में हुई। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई तो मौके पर पहुंचे परिजनों में नवयुवक की मौत पर कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कैंप में हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य चेकअप



**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** जेसीआई जौनपुर चेतना ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कैंप लगाकर निःशुल्क डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और दांत का चेकअप मानिक चौक स्थिति डॉ. प्रशांत द्विवेदी के डेंटल अस्पताल पर आयोजित किया।

संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने कहा कि आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का चेकअप अवश्य कराना चाहिए। डॉ. प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि प्रत्येक नागरिकों को वर्ष में एक बार अपने शरीर की जांच अवश्य करानी चाहिए जिसमें शुगर, ब्लड प्रेशर यह दोनों बहुत महत्वपूर्ण होते हैं विशेषकर 35 वर्ष की उम्र के बाद स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कैंप में संस्था सदस्यों के साथ लगभग 70 लोगों का निःशुल्क जांच की गयी। कैंप में संस्था की सचिव मीरा अग्रहरि, मंजू जायसवाल, शारदा गुप्ता, मीनू बरनवाल, आकांक्षा द्विवेदी, ममता केसरवानी, किरण जायसवाल आदि उपस्थित रहीं। सभी का आभार डॉ. आकांक्षा द्विवेदी ने व्यक्त किया।

## भाजयुमो ने स्वास्थ्य शिविर लगाकर मनाया स्थापना दिवस

**बरसठी।** स्थानीय क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के 43वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर चल रहे सामाजिक न्याय सप्ताह अभियान के निमित्त भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 103 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण व दवाए वितरित की गई। कैम्प का उद्घघाटन मुख्य अतिथि भाजयुमों जिला अध्यक्ष अखिल प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया।

विशिष्ट अतिथि पार्टी के वरिष्ठ नेता ब्रम्हदेव तिवारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष जोर दे रही है। इस अवसर पर जिला भाजयुमों के मंत्री अनुज जयसवाल, मंडल अध्यक्ष विशाल शुक्ला, केपी मिश्रा, दिनेश पांडेय, संतोष मिश्रा, विजय प्रताप बिंद, रमेश मौर्या, मुकेश सिंह, रतन श्रीवास्तव, प्रधान हरिश्याम पांडेय, संजय सिंह, सुशील पाठक, विशाल पांडेय, सूरज सहित उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सूर्यभान पटेल चिकित्सक टीम के साथ उपस्थित रहे।

# छुवत सिला भई नारी सुहाई पाहन ते न काठ कठिनाई...

**कथा**

### बीबनमऊ में चल रही रामकथा मे श्रीराम-केवट संवाद का प्रसंग सुनकर भक्त हुए भावविभोर

**जनसंदेश न्यूज**


श्रीराम कथा सुनाते कथावाचक

**जलालपुर।** जिस तरह पैर से पत्थर की सिला को छूते ही वह नारी बन गई थी, अगर मेरी काठ की नाव में आपके चरण पड़ेंगे तो मुसीबत हो जाएगी। मेरी जीविका प्रभु इसी काठ की नाव से चलती है। पहले मैं आपके पाव पखारूंगा, उसके बाद ही नाव पर चढ़ने दूंगा। श्री राम की आज्ञा पाकर वह पांव पखारते हैं और श्री राम को नाव में विराजमान कराया।

उक्त बातें क्षेत्र के बीबनमऊ ग्राम सभा में पंडित राजेश मिश्र के आवास पर चल रही संगीतमय सात दिवसीय रामकथा के छठवें दिन गुरुवार को अयोध्या से पधारे कथावाचक पंडित बाल कृष्ण दास महाराज ने कथा के दौरान भक्तों को श्रवण कराया। रामकथा में राम वनवास, भरत मिलाप और राम-केवट संवाद की कथा का प्रसंग सुनाया गया। उन्होंने कथा श्रवण कराते हुए कहा कि भरत जैसा भाई इस युग में मिलना मुश्किल है। राम-केवट संवाद का प्रसंग सुनकर भक्त भाव-विभोर हो गए। मानस मर्मज्ञ ने कहाकि भगवान राम मयार्दा स्थापित करने के लिए मानव शरीर में अवतरित हुए। पिता की आज्ञा पर वह वन चले गए। भगवान राम वन जाने के लिए गंगा घाट पर खड़े होकर केवट से नाव लाने को कहते हैं, लेकिन केवट मना कर देता है और पहले पैर पखारने की बात कहता है। केवट भगवान का पैर धुले बगैर नाव में बैठाने को तैयार नहीं होता है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्श समाज में आज भी कायम है। भगवान प्रेम भाव देने वाले का हमेशा कल्याण करते हैं। भरत ने भगवान राम के वनवास जाने के बाद खड़ाऊं को सिर पर रखकर राजभोग की बजाय तपस्या की। जीवन में भक्ति और उपासना का अलग महत्व है। निष्काम भाव से भक्ति करने वाले की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस दौरान श्रोता राम-केवट संवाद का प्रसंग सुनकर आनंदित हो गए। कथा पंडाल में उमेश मिश्रा, कमलेश यादव, भोले मास्टर, राजन पांडेय, बृजेश पांडेय, डॉक्टर अरविंद पाण्डेय, प्रशान्त सिंह, आनंद प्रदीप, बृजेश, धर्मेंद्र, जयशंकर, राजबहादुर, लकी, मोनू, राकेश सहित तमाम श्रद्धालु एव श्रोता मौजूद रहे।

## संक्षेप

### रेलवे फाटक बंद होने से नाराज महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**ज्ञानपुर।** ऊंज क्षेत्र के पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी से प्रयागराज के मध्य कोइरौना थाना क्षेत्र के रामकिशुन पुर बसही फाटक बंद होने से क्षेत्र सहित आस-पास के ग्रामीणों ने रेलवे फाटक के पास जबरदस्त धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि रेलवे फाटक बंद हो जाने की वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानी होने लगी है, जबकि रेलवे विभाग ने दोनों लेन की पटेरी व सड़क का निर्माण करा दिया है। शुक्रवार को मुख्य गेट खुलवाने के लिए काफी संख्या में महिलाएं एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की व फाटक खुलवाने की मांग की। महिलाएं धरना प्रदर्शन कर फाटक खुलवाने की मांग पर अड़ी रही। लंबे धरना प्रदर्शन की जानकारी होने पर भारी संख्या में पुलिस के जवान मौके पर पहुँच गये। पुलिस ने जाम समाप्त करने की बात की लेकिन महिलाएं जिद पर अड़ी रही। काफी समझाने के बाद महिलाएं हटी। प्रदर्शन करने वाली महिलाओं में ज्ञान देवी, पान कुमारी, मीना देवी, फुलगेना देवी, अंगूरा देवी सहित कई महिलाएं मौजूद रही।

### मोहल्ला जमुन्द वाली मस्जिद में हाफिज शाहनवाज ने की मुकम्मल तरावीह


हाफिज शाहनवाज को फूल माला पहना कर मुबारकबाद पेश करते मुक्तदी (नमाजी)

**भदोही।** रमजान शरीफ की पहली शब से शुरू हुई नमाजे तरावीह मंगलवार को रमजान की 15 वीं शब को मोहल्ला जमुन्द वाली मस्जिद में हाफिज शाहनवाज ने तरावीह की नमाज मुकम्मल की। 20 रेकाअत नमाजे तरावीह के मुकम्मल होने पर हाफिज शहनवाज ने बारगाहे परवरदिगार में हाँथ उठा कर दुआ की। उन्होंने दुआ कि ऐ अल्लाह तू जो लोग नमाज नही पढ़ते उन्हें नमाज पढ़ने की तौफीक अता फरमा। हाफिजे शाहनवाज ने कहा कुरआन दुनिया वालो के लिए मशअले राह है। इसलिये कुरआन को पढ़ो और पढ़ाओ। कुरआन पाक हमें जीने का सलीका सिखाता है। इसकी रमजान माह में खूब तिलावत की जानी चाहिए क्योंकि अल्लाह इस महीने में तिलावत का सवाब कई गुना बढ़ा देता है। हमें चाहिए कि जरूरतमंदों की मदद करें। यतीमों की जरूरतों को पूरा करें। उसके बाद बारगाहे एमामुल अम्बिया सल्लल्लाहु अलैहे वसल्लम में सलातो सलाम का नजराना पेश किया। मुक्तदियों ने हाफिज शाहनवाज को फूल माला पहना कर मुबारकबाद पेश कि तो वहीं मुक्तदियों ने एक दूसरे के गले मिल कर मुबारकबाद दी और लोगो में तबरुकात को बांटा गया। हाफिज का इस्तकबाल करने में इकबाल खान, आजम खान, मुख्तार खान (लंबू) शाहनवाज खान, महफूज भोलू, शौकत खान, नेहाल खान गुड्डू, इमरान खान, मुजाहिद खान, यूसुफ खान, हम्माद हुसैन, शमशेर खान, मिस्बाह खान, सादाब खान, सैफ अंसारी, जैनुल खान आदि रहे।

### पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन

**सीतामढ़ी।** मां गंगा शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर के समापन के अवसर पर आखिरी दिन शुक्रवार को स्काउट बच्चों ने ध्वज शिष्टाचार करने के बाद ट्रैक साइन के सहारे महादेवा स्थित राजस्थान के शिलाओ से निर्मित भव्य शिव मंदिर होते हुए पश्चिम वाहिनी मंदिर गए जहां बच्चों ने टेंट लगाया, कुकिंग किया और अपनी डोलियों के साथ कैंप फायर में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में प्रबंधक विनोद कुमार शुक्ल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विषम परिस्थितियों में साहस व धीरज रखते हुए समस्या समाधान का गुण सीखना है। छात्र जीवन में ही बच्चों को जीने की कला सीख लेना चाहिए। इसमें आवश्यकता पड़ने पर कैसे विषम परिस्थितियों का सामना कैसे करना है इसकी जानकारी जरूर होनी चाहिए। साथ ही दृढ़ इच्छाशक्ति से किसी भी स्थिति का सामना कर लें इसके लिए बच्चों को पढ़ने के साथ ही साथ स्काउट प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

# विशेष सचिव ने अस्थायी गौवंश आश्रय स्थलों व चीनी मिल का किया औचक निरीक्षण

**निर्देश**

### टीम बनाकर ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर बनाएं कार्य योजना

**जनसंदेश न्यूज**


अस्थायी गौवंश आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण करते विशेष सचिव

**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार के विशेष सचिव, श्रम एवं सेवायोजन विभाग आईएएस प्रेम प्रकाश सिंह ने जनपद में निराश्रित गौवंश को शत-प्रतिशत संरक्षित किये जाने हेतु किये जा रहे कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण का दूसरे दिन भी निरीक्षण किया गया। शासन द्वारा जनपद भदोही के लिए नामित नोडल अधिकारी के रूप में प्रेम प्रकाश सिंह विशेष सचिव ने अस्थायी गौवंश आश्रय हमिदपट्टी चीनीमिल, नटवां सहित अन्य गौशालाओं का मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय के साथ स्थलीय निरीक्षण करते हुए व केन्द्र संचालकों, ग्रामीणों से संवाद करते हुए जानकारी ली। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिया कि निराश्रित गोवंश की संख्या की गणना हेतु प्रत्येक विकास खण्ड में टीम बनाकर ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर संरक्षण हेतु कार्य योजना तैयार की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील एवं विकास खण्ड स्तरीय समिति की प्रत्येक माह बैठक करते हुए कार्यवृत्त जिलाधिकारी को प्रेषित की जाए।

नोडल अधिकारी प्रेम प्रकाश सिंह ने उपर्युक्त गौशालाओं की निरीक्षण के क्रम में गौवंश की वास्तविक संख्या एवं सुपुर्गी में दिये गये गोवंश की संख्या का अभिलेखो से मिलान सत्यापन किया। उन्होंने गौशालाओं में पानी, चारे एवं समुचित पशु चिकित्सकीय सुविधाओं की संतोषजनक स्थिति का अवलोकन किया। नोडल अधिकारी ने गौआश्रय स्थलों पर विभिन्न रजिस्टरों-भूषा, गायों की उपस्थिति, चारा, सूपूर्दगी, चिकित्सा पंजिका का अवलोकन किया।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**ज्ञानपुर।** भदोही पुलिस द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जारही है। अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त पुलिस के हत्थे चढ़ गया। किसी अपराध करने के फिराक में आरोपी था। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जानकारी की जारही है।

डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में भदोही पुलिस द्वारा अपराधों के रोकथाम के दृष्टिगत आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। थाना ज्ञानपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान शातिर अभियुक्त निवासी वीरापट्टी थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही को एक अदद नाजायज कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु.अ.सं..51/2023 धारा. 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।

# नगर स्थित चर्च में मनाया गया गुड फ्राइडे, हुई प्रार्थना सभा


चर्च में गुड फ्राइडे की प्रार्थना सभा उपस्थित लोग

**याद किया**

### सभा में मौजूद ईसाई समुदाय के लोगों को गुड फ्राइडे के बारे में विस्तार से दी गयी जानकारी

**जनसंदेश न्यूज**

**गोपीगंज।** नगर स्थित चर्च में गुड फ्राइडे पर प्रार्थना सभा किया गया। इस दौरान हाल में बड़ी संख्या में समुदाय के सभी वर्ग के लोगों ने अपनी सहभागिता की और प्रभु यीशु को याद किया। गुड फ्राइडे के दिन लोग चर्च में इकट्ठा होते हैं और फिर प्रार्थना सभा होती है। गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु के वाक्यों की विशेषता बताया गया। गुड फ्राइडे पर शुक्रवार को चर्च में विशेष प्रार्थना सभा हुई। यह दिन प्रभु यीशु को क्रूस पर चढ़ाने की स्मृति में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। वहीं प्रार्थना सभा में मुल्क के अमन चैन की कामना की गई।

इस मौके पर चर्च के मुख्य पादरी जार्ज लाल ने प्रभु यीशु के सात वचनों को बताया। कहा कि प्रभु यीशु मसीह के वचनों के माध्यम से इंसानियत की राह पर चलने का ज्ञान देने वाला दिन है गुड फ्राइडे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रंजना, डॉली, कुंती डेनियल, मिसेज नाथ, रॉबिंसन मैथ्यू आदि मौजूद रहे।

## विपरीत दिशा जा रही जेसीबी से टकराकर बाइक सवार युवक की हुई मौत

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के लाला नगर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर विपरीत दिशा से जा रही जेसीबी से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गयी।

घटना के बारे में बताया जाता है कि वाराणसी जनपद के मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के अरता कंसरायपुर गांव निवासी अनिल कुमार 30 वर्ष पुत्र मुन्नालाल देर शाम घर से अपने बाइक पर अपनी मौसी को लेकर लाला नगर गया था। जहां मौसी को घर पर छोड़ कर बाइक से वापस घर की तरफ जा रहा था इस दौरान विपरीत दिशा से जा रही जेसीबी से बाइक की टक्कर हो गई।

इस दौरान युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी और परिजनों को घटना के बारे में अवगत करा दी। वही जेसीबी को पुलिस ने कब्जे में ले ली है। बताया जाता है कि मृतक भाइयों में सबसे बड़ा था। तीन भाई और एक बहन का होना बताया जा रहा है। मृतक को एक पुत्र व एक पुत्री है। मृतक मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण किया करता था।

# कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने भोजपुरी अभिनेत्री के घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

**सहानुभूति**

### दोषियों पर कड़ी कार्रवाई व परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने की सरकार से की मांग

**जनसंदेश न्यूज**


भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मां से उनके घर पर बात चीत करते कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय

**भदोही।** भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मौत की घटना के बाद शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने भोजपुरी अभिनेत्री के घर परसीपुर जनपद के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ पहुंचकर श्रद्धांजलि दी व कहा कि भाजपा सरकार में यह काफी दुखद घटना है। सिर्फ परिवार को संतोष देने के लिए गिरफ्तारी की गई है। जिससे परिवार इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है।

परिजनों ने कांग्रेस नेता से इस मामलें की सीबीआई द्वारा जांच कराये जाने की माँग की ताकि सच सामने आ सके व एक भी दोषी बचने न पाए।

उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार को आकांक्षा दुबे के परिवार की डिमांड मानना चाहिए गांव की एक बिटिया संघर्ष के बल पर अपने परिवार को आगे ले जा रही थी किंतु इस तरह की घटना परिवार को पूरी तरह तोड़ कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि जब गरीबी से जुझ कर आकांक्षा दुबे अपना कैरियर बनाने में जुटी तो वह लड़की कैसे आत्महत्या कर सकती है। पुलिस प्रशासन को मौत के तत्काल बाद ही मामले का बिंदुवार जांच कर आरोपी को गिरफ्तार कर सजा दिलाने का कार्य करना चाहिए था, किंतु परिवार के संघर्ष के बाद सरकार संतोष देने के लिए आज आरोपी को गिरफ्तार की है जो कार्यवाही की नजर में पूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि कहीं ना कहीं आरोपी को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा था। जिससे जब पता चला कि कांग्रेस जन परिजनों के घर जा रहे हैं तो आज उसकी गिरफ्तारी कर ली गई जिससे यह मामला पूरी तरह से षड्यंत्र कारी दिख रहा है। बता दें कि सारनाथ के होटल में 26 मार्च को मौत की सूचना मिली थी जिस पर परिजनों ने थाने में दो नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर दिया था आज आकांक्षा दुबे के मौत के 13 दिन पुलिस ने मुख्य आरोपी समर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। इस मौके पर कांग्रेस नेता मुशीर इकबाल व कांग्रेस के पदाधिकारी व नेतागण मौजूद रहें।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.



# कोड़े बरसा कर क्रूस पर लटकाये गये प्रभु यीशु मसीह



### सेंट मेरीज महागिरजाघर में हुआ आयोजन

### पादरियों ने प्रभु यीशु के सात वचनों को सुनाया

### आराधना संग नाट्य का किया गया मंचन

### मसीही समाज के लोग भारी संख्या में रहे मौजूद

वाराणसी। गुड फ्राइडे के दिन शुक्रवार को प्रभु यीशु मसीह को क्रूस पर लटका दिया गया। इस दौरान प्रभु यीशु को तमाम के तरह की यातनाएं देने के साथ ही उन पर कोड़े बरसाये गये। यह आयोजन सेंट मेरीज महागिरजा कैंटोमेंट में किया गया। इस दौरान प्रभु यीशु मसीह को क्रूस पर चढ़ाये जाने का मार्मिक इतिहास का वर्णन किया गया। इसे सुनकर वहां मौजूद मसीही समाज के लोगों की आंखें नम हो गई। बिशप ने इस दौरान प्रार्थना सभा की। प्रभु यीशु मसीह को क्रूस पर चढ़ाये जाने के दौरान महागिरजा में भारी संख्या में मसीही समाज के लोग मौजूद थे। बनारस में प्रोटेंसटेंट मसीही समाज के चर्चों में प्रार्थना सभा दोपहर 12 बजे शुरू हुई। जबकि कैथोलिक चर्च में अपराह्न तीन बजे से प्रभु यीशु को क्रूस पर चढ़ाये जाने की मार्मिक गाथा शुरू हुई। इस दौरान प्रभु यीशु को क्रूस पर चढ़ाये जाने की मार्मिक गाथा का मंचन भी हुआ। इसके पूर्व क्रूस मार्ग की आराधना भी हुई जिसमें पादरियों ने भागीदारी की।



## क्यों मनाया जाता है गुडफ्राइडे

ये वो दिन है जिस दिन प्रभु यीशु मसीह को गोल्गथा नामक पहाड़ पर जो कलवारी नामक स्थान पर स्थित है, क्रूस पर चढ़ाया गया था। इस घटना से पूर्व प्रभु यीशु मसीह को रोमी सैनिकों व धर्मगुरुओं ने अत्यन्त वेदनाओं व दुर्व्यवहार का सामना पड़ा था। अंत में प्रभु यीशु मसीह ने अपने प्राण त्याग दिये। उनकी पवित्र मौत को सभी हर साल गुड फ्राइडे के रूप में मनाते हैं। चर्च आफ बनारस के पादरी बेनजान व रामकटोरा चर्च के पादरी आदित्य कुमार बताते हैं कि प्रभु यीशु मसीह को घोर यातना दी गई और उन्हें क्रूस पर चढ़ाया गया। क्रूस पर उनकी पवित्र मौत की खबर से ही कलवारी में ईसा शहीद हुए धरती का कलेजा फट गया, मगर चमत्कार तीसरे दिन हुआ जब प्रभु यीशु मसीह पुनः जीवित हो उठे।

## क्रूस पर दिये गये प्रभु के सात वचनों को सुनाया गया

गुड फ्राइडे के दिन क्रूस पर दिये गये प्रभु के सात वचनों को सुनाया गया। प्रभु यीशु के मानने वाले इन सात वचनों को आत्मसात कर उनके जीवनमें अपनाने का संकल्प लिया। मसीहियों का यह विश्वास है कि आज के दिन को शुभ श्करावरा इसलिए कहा जाता है क्योंकि आज के ही दिन प्रभु यीशु मसीह ने समस्त मानव जाति को उनके पापों से बचाने के लिए अपने प्राण दिये और सभी को उद्धार का अवसर प्रदान किया।

## मृत्यु के तीन दिन बाद पुनः जीवित हो उठे प्रभु यीशु

क्रूस पर चढ़ाये जाने के तीन दिन बाद प्रभु यीशु मसीह पुनः जीवित हो उठे। उन्होंने अपने शिष्यों से मिल कर उन्हें धर्म के प्रचार का संदेश दिया। 40 दिन बाद वह स्वर्ग चले गये। ईसा मसीह के 12 शिष्यों ने ईसा के जाने के बाद ईसा मसीह के संदेशों का प्रचार प्रसार किया। प्रभु यीशु मसीह ने हमेशा सभी के लिए अच्छा ही किया। उन्होंने उन लोगों के लिए अच्छा ही सोचा जिन्होंने उन्हें मृत्युदंड दिया था। इसलिए उनके अनुयायी इस दिन को गुडफ्राइडे के रूप में मनाते हैं।

# आम की फसल को कीड़ों और रोग से बचाने का यह सही वक्त



### भुनगा व मिज कीट एवं खर्रा रोग से सुरक्षित रखने की उप निदेशक उद्यान जयकरण सिंह ने किसानों को दी सलाह

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। बीते दिनों हुई बेमौसम की बारिश समेत आए आंधी-तूफान के कारण आम की फसल को नुकसान पहुंचा है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि अबकी बाजार में या तो आम की आमद कम रहेगी या भाव चढ़ेंगे। फिलहाल आम की बागवानी करने वाले किसानों को जरूरत है कि इस फसल की गुणवत्तायुक्त उत्पादन प्राप्त करने के लिए उसे कीड़ों और बीमारियों से बचाए रखें। इसके लिए यह सही वक्त है और आम की फसल का प्रबंधन अत्यंत आवश्यक भी है। कारण, आम के बौर निकलने से लेकर फल लगने तक की अवस्था बेहद संवेदनशील होती है। उप निदेशक उद्यान जयकरण सिंह बताते हैं कि वर्तमान में आम की फसल को मुख्य रूप से भुगना एवं मिज कीट और खर्रा रोग से नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है। आम के बागों में भुगना कीट कोमल पत्तियों और छोटे फलों के रस चूसकर क्षति पहुंचाते हैं। उसका प्रभावित भाग सूखकर गिर जाता है। यह कीट मधु की तरह का पदार्थ भी विसर्जित करता है जिससे पत्तियों पर काले रंग की फफूंद जम जाती है। फलस्वरूप पत्तियों से हो रही प्रकाश संश्लेषण की क्रिया धीमी पड़ जाती है। इसी प्रकार से आम के बौर में लगने वाला मिज कीट मंजरियों और ताजा बने फलों तथा बाद में मुलायम कोपलों में अंडे देती हैं। उसकी सूंडी अंदर ही अंदर खाकर यह कीट क्षति पहुंचाता है। इस वजह से प्रभावित हिस्सा काला पड़कर सूख जाता है। दोनों कीटों की रोकथाम के लिए इमिडाक्लोप्रिड 0.3 मिली प्रति लीटर पानी की दर से या क्लोरपाइरीफॉस 2 मिली प्रति लीटर पानी की दर से अथवा डायमेथोएट 2 मिली प्रति लीटर की दर से घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए।



## बौर खिले हों तो केमिकल का प्रयोग करें कम



डीडी उद्यान जयकरण सिंह ने बताया कि आम की फसल में लगने वाले खर्रा रोग के प्रकोप से ग्रसित फल एवं डंठलों पर सफेद चूर्ण के समान फफूंद की बढ़ोतरी दिखती है। फलस्वरूप प्रभावित भाग पीला पड़ जाता है और मंजरियां सूखने लगती हैं। इस रोग से बचाव के लिए ट्राइडोमार्फ या डायनोकेप एक मिली प्रति लीटर पानी की दर से भुगना कीट नियंत्रण के लिए उपयोग में लाए जा रहे घोल के साथ मिलाकर छिड़काव करना लाभकारी होगा। उन्होंने यह सलाह भी दी कि बागों में जब बौर पूरी तरह खिली अवस्था में हों तो कम से कम रासायनिक दवाओं का छिड़काव करना चाहिए ताकि पर-परागण क्रिया प्रभावित न हो।



## कीटनाशक के प्रयोग में बरतें सावधानी

कीटनाशक के डिब्बों को बच्चों व जानवरों की पहुंच से दूर रखें। कीटनाशक का छिड़काव करते समय हाथों में दस्ताने, मुंह को मास्क और आंखों को चश्मा पहनकर ढक लें। ताकि कीटनाशी रसायन त्वचा और आंखों में न जा सके। कीटनाशक का छिड़काव शाम को जब हवा की गति धीमी हो तब करें या चल रही हवा के विपरीत दिशा में खड़े हो छिड़काव करना चाहिए। कीटनाशक के खाली पाउच, डिब्बों को मिट्टी में दबा दें।

# गृहकर वसूली में आदमपुर जोन अव्वल

### जोन ने 2022-23 वित्तीय सत्र में चार करोड़ 65 लाख का लाभ अर्जित किया



राजेश अग्रवाल

## खास मुलाकात

राघवेन्द्र केशरी

वाराणसी। सन् 2021 बैच के पीसीएस राजेश कुमार अग्रवाल वर्तमान में नगर निगम के आदमपुर जोन के जोनल अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। इन्होंने आदमपुर में रिकार्ड तोड़ गृहकर की वसूली कर जोन को नंबर वन बनाया है। जोन ने 2022-23 वित्तिय सत्र में चार करोड़ 65 लाख का लाभ अर्जित किया है।

जन संदेश टाइम्स से खास बातचीत के दौरान जोनल अधिकारी ने जोन की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि बनारस में एक साल के अंदर उन्हें तीन जोन में कार्य करने का अवसर मिला। जिसमें भेलूपुर, कोतवाली और आदमपुर जोन शामिल है। इनमें एक साल में लगभग 22 करोड़ रुपये गृहकर वसूली कर रिकार्ड बनाया। बताया कि इस साल आदमपुर जोन में बीते साल की अपेक्षा 1.25 करोड़ के लगभग ज्यादा कर वसूली की है। आदमपुर इसके पूर्व कर वसूली में पांचवें स्थान पर था। जो वर्तमान में कर वसूली के मामले में नंबर एक पायदान पर है। बताया कि पहले एक दिन में जहां 50 से 60 हजार ही कर वसूला जाता था। अब एक दिन में लाखों की वसूली होती है। जिन स्थानों पर गृहकर वसूलने में दिक्कतें आती थीं, वहां से भी कर वसूल कर निगम के खाते में जमा कराया गया। जोनल अधिकारी ने बताया कि आदमपुर जोन को आर्दश जोन बनाने के लिए जोन में साफ-सफाई सहित अतिक्रमण के खिलाफ भी चलाए जा रहे अभियान में स्वयं हिस्सा लिया और अधिकारियों व कर्मचारियों का भी उत्साह वर्धन करने का कार्य किया गया।

### एसडीएम के पद पर भी किया है कार्य

नगर निगम के आदमपुर जोन के जोनल अधिकारी राजेश कुमार अग्रवाल वाराणसी से पूर्व संत कबीरनगर में एसडीएम के पद पर कार्य कर चुके हैं। यह लगभग डेढ़ साल संत कबीर नगर में एसडीएम के पद पर रहे। बताया कि एसडीएम के पद पर रहते हुए भी कई उत्कृष्ट कार्यों को किया। जिसके बाद वाराणसी नगर निगम में जिम्मेदारी मिली।

### पीला कार्ड नामांतरण के विवाद को सुलझाया

जोनल अधिकारी राजेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि आदमपुर जोन में सबसे बड़ी समस्या पीला कार्ड नामांतरण के विवादों की थी। जिससे जोन की जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कई तो सालों से जोन के चक्कर काटते काटते थक चुके थे। ऐसे में जोन के लगभग 95 फीसदी नामांतरण विवारों को सुलझाया गया। बाकि के विवादों को भी जल्द सुलझा लिया जाएगा।

### भेलूपुर को आदर्श जोन बनाया

जोनल अधिकारी राजेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि आदमपुर से पूर्व भेलूपुर जोन में रहा जहां, एक साल में नौ करोड़ वसूली की जगह मात्र चार माह में आठ करोड़ की कर वसूली कर रिकार्ड बनाया। साथ ही जोन में कूड़ा निस्तारण, सीवर आदि की समस्याओं और वेंडिंग जोन का निस्तारण करने से लेकर बाकि के विवादों को सुलझाने का कार्य भी किया। इस तहर जोन को आदर्श जोन बनाया गया।

### कोतवाली भी वसूली में रहा नंबर वन

जोनल अधिकारी ने बताया कि इसके पूर्व 2022 में कोतवाली में जोनल अधिकारी के पद पर कार्य किया। जहां मात्र तीन माह के कार्यकाल में सबसे ज्यादा कर वसूली कर प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ जोन को नंबर वन स्थान पर पहुंचाया। जोन में सीवर, पेयजल आदि की समस्याओं का भी निस्तारण किया। इस दौरान प्रवर्तन दल के साथ मिलकर अतिक्रमण के खिलाफ भी अभियान चलाएं।



# गरमी में वाहनों का चेकअप करवाना न भूलें

### बरते सतर्कता

- लंबी ड्राइव पर बरते सावधानी, टायरों की सुरक्षा का करें उपाय
- इंजन में कूलेंट की मात्रा निर्धारित लेवल पर अवश्य होनी चाहिए
- गरमाने के पूर्व ही संभल जाइए वरना झेलनी पड़ सकती है परेशानी

जितेन्द्र श्रीवास्तव

वाराणसी। बदलते मौसम के बीच गर्मी धीरे-धीरे अपना असर दिखाने लगी है। दिन में तेज धूप और सूरज की तपती किरणों से लोगों को पसीना आने लगा है। अधिक समय तक धूप में रहने वालों को शीतल पेय पदार्थों की दरकार होने लगी है। ऐसे में आपके वाहन को गर्मी के दौरान विशेष देखभाल की जरूरत पड़ती है। पिछली गर्मी को आधार मानें तो अधिकतर कारों में इंजन गर्म या सीज होने, इंजन सीज होने से आग लगने, एसी ठीक से काम नहीं करने आदि की समस्या आने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। गर्मी में कार चलाने से पहले हैंडब्रेक को भी रिलीज करना न भूलें। लिहाजा, गर्मी में समय-समय पर कार का चेकअप करवाते रहना चाहिए। गरमाने के पूर्व ही आप संभल जाइये वर्ना कार चलाते समय आपको परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

चार पहिया वाहनों के विशेषज्ञ मैकेनिकों की मानें तो आप चाहे लांग रूट पर चलें या फिर शॉर्ट रूट पर। गर्मी के दौरान इग्नीशन स्टार्ट करने से पहले कार की बखूबी देख-परख करनी जरूरी है। कार के पहियों की हवा हमेशा दुरुस्त होनी चाहिए। साथ ही इंजन में कूलेंट की मात्रा भी निर्धारित लेवल पर होनी चाहिए। एयरकंडीशनर वाली गाड़ियों में एसी का फैन बेल्ट और कंप्रेसर की जांच भी जरूरी है। पंचर से निपटने के लिए पंचर किट और जैक आदि भी सुरक्षित रखें। विशेषज्ञ मैकेनिकों का यह भी कहना है कि पहिए आपकी कार के बेहद महत्वपूर्ण अवयव होते हैं। गर्मी के दिनों में आग उगलती गर्म सड़कों पर कार दौड़ाने के लिए टायरों की देखभाल भी जरूरी है। भारत में बनने वाले टायर हीट रजिस्टेंट होते हैं। फिर भी हमें टायरों को इससे बचाना होगा। साथ ही एयर प्रेशर की जांच करना भी जरूरी होता है।

### ऐसे सुरक्षित रखे कार के टायरों को

विशेषज्ञ मैकेनिकों की मानें तो कार के टायरों को सुरक्षित रखने की खातिर अंग्रेजी के 'एस' अक्षर के नियम का पालन करना होगा। मौसम कोई भी हो, लेकिन हर 10 किमी पर स्टेपनी से फ्रंट दाहिने टायर, फ्रंट दाहिने से फ्रंट बायें, फ्रंट बायें को रियर दाहिने और रियर दाहिने को रियर बाएं एवं रियर बाएं को स्टेपनी बनाकर प्रयोग करना चाहिए।

### धूल से पड़ता है एसी पर प्रभाव

विशेषज्ञ मैकेनिकों की मानें तो गर्मी के सीजन में धूल की मात्रा अन्य मौसम के मुकाबले ज्यादा होती है। बाहरी धूल के संपर्कमें आने से एसी का कंप्रेसर जाम हो जाता है। यदि आप ग्रामीण सड़कों या फिर डस्टी रोड पर ड्राइव करते हैं तो आपको विशेष रूप से हिदायत बरतनी होगी। यदि समय से जांच नहीं हुई तो धूल आपके एसी की कूलिंग क्षमता को घटा सकती है। साथ ही यह कारण एसी को समय से पहले खराब कर सकता है।

### एसी के बारे में यह भी जाने

विशेषज्ञ मैकेनिकों की मानें तो कार के एसी को ऊर्जा कार के इंजन से मिलती है। इंजन की सीसी क्षमता के आधार पर ही कार या एसयूवी में एसी फिट किया जाता है। ऐसे में कार में एसी की क्षमता बढ़ाने का सवाल ही पैदा नहीं होता है। यदि आपकी कार छोटी है तो उसमें उसके इंजन के अनुरूप ही इंजन फिट किया जाता है। वहीं अधिक केबिन स्पेस में कम क्षमता का एसी फिट करने से कंप्रेसर पर अधिक दबाव पड़ेगा।

### ऐसे रखें एसी का रखरखाव

विशेषज्ञ मैकेनिकों की मानें तो आमतौर पर जब आप अपनी कार की सर्विसिंग करवाते हैं, तो उस दौरान आपके कार के एसी की बाहरी तौर पर ही जांच की जाती है। ऐसे में जरूरी है कि आप एसी को किसी स्पेशलिस्ट के माध्यम से ही सर्विस करवाएं। यदि आप धूल भरे इलाकों में ज्यादा ड्राइव करते हैं तो आपको समय-समय पर एसी के ट्यूब और वॉल्व को भी साफ करना जरूरी है। एसी का सबसे महत्वपूर्ण पार्ट होता है उसका कंडेंसर। अगर कंडेंसर में धूल-मिट्टी या गंदगी जम जाती है तो वह ठीक तरीके से काम नहीं कर पाता। साथ ही रेफ्रिजरेंट में नमी हुई और रेफ्रिजरेंट ठीक मात्रा में नहीं हुआ तो भी एसी ठीक प्रकार से कूलिंग नहीं कर पाता है। इसके अलावा ऐसी ट्यूब में ब्लॉकेज होने के कारण भी कार को ठंडा नहीं कर पाता।

### सफेद रंग वाली कार पर दें अधिक ध्यान

विशेषज्ञ मैकेनिकों की मानें तो तेज धूप में कार का एक्सटीरियर पेंट हल्का पड़ने लगता है। चाहे वह सफेद या फिर मेटेलिक रंग भी क्यों न हो। गर्मी के सीजन में कार को जितना हो सके, छांव में पार्क करें। गर्मी के लिए तिरपाल (मोटे कपड़े से बने) कवर से कार को ढंककर रखें। साथ ही नियमित रूप से शैंपू से कार की सफाई भी करें। बॉडी पर जमें धूल, कण या मिट्टी कार की बॉडी को रस्टी बना सकती है। इन सब उपचारों से आप कार की सेहत को चुस्त-दुरुस्त रखते हुए ड्राइव का आनंद ले सकते हैं।